दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-44, अंक 210
कोटद्वार शनिवार
3 दिसम्बर 2022, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## जानलेवा हमले के दोषी को पांच वर्ष की कैद

**हरिद्वार।** दीवार को लेकर हुए विवाद की रंजिश पर युवक की हत्या के लिए फायरिंग करने के मामले में जनपद न्यायाधीश एसके त्यागी ने हमलावर संदीप कुमार को दोषी करार दिया है। जिला जज ने हमलावर को पांच वर्ष के कठोर कारावास व 16 हजार रुपये के अर्थदंड की सजा सुनाई है। जिला शासकीय अधिवक्ता इंद्रपाल बेदी ने बताया कि आठ जून 2016 को भगवानपुर क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर वसीम पर ताबड़तोड़ फायरिंग शुरू कर दी गई थी। साढ़े छह बजे शाम वसीम गांव में मतलूब की दुकान पर खड़ा था। उसके बाद आरोपी हमलावर मौके से बंदूक लहराता हुआ वहां से चला गया था। मौके पर मौजूद परिवारवालों और राहगीरों ने वसीम को सरकारी अस्पताल रुड़की भर्ती कराया था। चोटिल वसीम की गंभीर हालत को देखकर डक्टरों ने उसे हायर सेंटर मेरठ रेफर किया था। शिकायतकर्ता शमीम अहमद ने आरोपी हमलावर संदीप कुमार पुत्र चमनलाल निवासी ग्राम मानक माजरा थाना भगवानपुर के खिलाफ अपने भाई को जान से मारने की नीयत से फायर करने का केस दर्ज कराया था। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसके भाई वसीम व आरोपी हमलावर के बीच दीवार को लेकर कहासुनी हुई थी। इसी रंजिश में हमलावर उसके भाई पर जानलेवा हमला किया था। पुलिस ने आरोपी गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। पुलिस ने मामले में जांच करने के बाद आरोपी हमलावर के खिलाफ कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। सरकारी अधिवक्ता ने साक्ष्य में 10 गवाह पेश किए। जबकि बचाव पक्ष की ओर से तीन गवाह पेश किए गए।

## वसुंधरा राजे ने महामंडलेश्वर अवधेशानंद महाराज से की भेंट

**हरिद्वार।** राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने हरिहर आश्रम कनखल में जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द गिरि महाराज से आध्यात्मिक भेंटवार्ता की। राष्ट्रोत्थान एवं लोक-कल्याण के विविध विषयों पर चर्चा की। वसुंधरा राजे ने लोक-कल्याण के लिए भगवान पारदेश्वर महादेव का पूजन किया। बाद में उन्होंने भारत माता मंदिर के भी दर्शन किए।

## ट्रेन में सफर कर रहे यात्री की गर्दन के आर-पार हुई रॉड, मौके पर दर्दनाक मौत

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** नीलांचल एक्सप्रेस के अंदर एक ऐसा हादसा हुआ है जिसे देखकर किसी के भी होश उड़ जाएं। इस हादसे में एक व्यक्ति की जान चली गई है। बाहर से आए एक धारदार लोहे के रड ने जनरल कोच के अंदर बैठे व्यक्ति की जान ले ली। इस हादसे को देखकर कोच में बैठे और लोग दहशत में आ गए। रड सीधा कोच के अंदर बैठे युवक की गर्दन को आर पार कर गया। रेलवे के मुताबिक आरपीएफ और जीआरपी दोनों ही इस मामले की जांच कर रहे हैं।

रेलवे के अधिकारियों ने बताया है कि शुक्रवार सुबह लगभग 845 बजे नीलांचल एक्सप्रेस जब प्रयागराज मंडल के डावर सोमना से पास कर रही थी, उसी दौरान बाहर से एक लोहे का रड जनरल कोच की तरफ आया और यात्रा कर रहे यात्री हरकेश कुमार दुबे की गर्दन को चीरता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# नीतीश की चुनावी सभा में जमकर हुई मारपीट, खूब चलीं कुर्सियां

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार इधर मंच से भाषण देते रहेय उधर चुनावी सभा में उन्हें सुनने आए युवाओं के बीच जमकर मारपीट होती रही और खूब कुर्सियां भी चलीं। यह पूरा वाक्या शुक्रवार को कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव को लेकर जदयू उम्मीदवार के समर्थन और प्रचार के लिए आयोजित रैली का है। इस घटना के कई वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। चूंकि रैली मुख्यमंत्री की थी तो इस हंगामे और अफरा-तफरी की इस स्थिति को संभालने के लिए पुलिस कर्मियों ने भी तुरंत मोर्चा संभाला।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव में जदयू के उम्मीदवार मनोज कुशवाहा के समर्थन में रैली करने के लिए केरमा पहुंचे थे। यहां के हाईस्कूल के खेल मैदान में उनकी रैली आयोजित की गई थी। सीएम नीतीश जनसभा को संबोधित करते हुए रोजगार देने को लेकर अपनी बात कह रहे थे। इसी दौरान हंगामे की स्थिति बनीय जो धीरे-धीरे बढ़कर हाथापाई और फिर कुर्सियां चलाए जाने तक पहुंच गई।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपना भाषण शुरू करते हुए कहा कि बिहार के विकास का क्रम जारी रहेगा। कुर्सी संभालने के बाद से समाज के सभी तबके का उत्थान किया है। आगे भी करता रहूंगा। कुढ़नी विधानसभा उपचुनाव को लेकर जदयू उम्मीदवार मनोज कुशवाहा के समर्थन में वह केरमा हाईस्कूल के खेल मैदान में शुक्रवार को जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 10 लाख युवाओं को नौकरी और 10 लाख को रोजगार के साधन सरकार उपलब्ध करा रही है। दूसरी ओर केंद्र सरकार बस प्रचार कर रही है, कोई काम नहीं हो रहा थाय इसलिए उनका साथ छोड़ दिया। अब पुरानी जगह पर आ गए हैं। नीतीश ने कहा कि कुछ लोग दुष्प्रचार कर रहे हैं। वह समाज को बांट रहे हैं। मंच की ओर इशारा करते हुए उन्होंने कहा कि यहां सब साथ हैं। बिहार बहुत आगे जाएगा।

चुनावी सभा में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मंच से भाषण में सीएम की कुर्सी संभालने के बाद की अपनी उपलब्धियां गिनाईं। इधर, सभा शुरू होने के साथ ही कुछ युवक सीटीईटी और एसटीईटी का पोस्टर लेकर हंगामा कर रहे थे। सभा के मंच से बार-बार इन युवाओं को समझाया भी गया। मंच संचालक की ओर से कहा भी गया कि चिंता नहीं करें, सभी को नौकरी मिलेगी। इसके बावजूद वे लगातार हंगामा करते रहे। मुख्यमंत्री का संबोधन शुरू होने पर युवाओं ने हंगामा और तेज कर दिया। इसे देख वहां मौजूद कुछ लोगों ने युवाओं के साथ मारपीट शुरू कर दी। यह मामला इतना बढ़ा कि कुर्सियां चलने की नौबत आ गई। इस दौरान कई कुर्सियां टूट भी गईं। कुछ देर के लिए वहां अफरातफरी का माहौल बन गया। ऐसे में सीएम की रैली को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने मोर्चा संभाला और स्थिति को काबू किया। बाद में सीएम नीतीश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि पोस्टर दिखाने वाले भी अपना हित सोचकर वोट डालें। सबको नौकरी मिलेगी तो शिक्षक भी बनाए जाएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि बच्चियों को शिक्षा देने का लाभ बिहार को दूसरे रूप में भी मिला। राज्य में प्रजनन दर चार से घटकर 2.9 हो गई है। इसके अलावा जीविका के माध्यम से महिलाओं को रोजगार दिया जा रहा। उन्होंने सात निश्चय योजना की चर्चा करते हुए कहा कि युवाओं को स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड और स्वयं सहायता भत्ता के रूप में मदद दी जा रही है। अनुसूचित जाति, पिछड़ी जाति एवं महिलाओं को रोजगार के लिए 10 लाख रुपये का ऋण दिया जा रहा है। इसमें पांच लाख तक की सब्सिडी है। इतने सब काम हुए हैं। नल का जल योजना की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि बिहार में योजना पहले आई थी। केंद्र इसके लिए राशि देकर कह रहा है कि उसका नाम दे दीजिए, मगर हमने राशि नहीं ली। देना है तो बिहार को विशेष राज्य का दर्जा दें।

चुनावी रैली में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र को डेढ़ सौ से अधिक एथनाल फैक्ट्री का प्रस्ताव भेजा गया था। इसमें से 17 को ही स्वीति मिली। टूटे चावल, मक्का एवं गन्ना से एथनाल बनेगा तो राज्य की तस्वीर बदलेगी। शिक्षक भर्ती की मांग करने वाले अभ्यर्थियों को उन्होंने कहा कि यह चुनावी सभा है। इसलिए कोई घोषणा नहीं कर सकते। इंजतार कीजिए। सब अच्छा होगा।

## बदरीनाथ में शून्य से नीचे पहुंचा पारा, जम गए झरने और कल-कल बहने वाली नदियां

**गोपेश्वर ।** उत्तराखंड में सुबह और शाम कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। वहीं पहाड़ी इलाकों में कहीं-कहीं शून्य के नीचे तापमान पहुंच रहा है।

पहाड़ों में लगातार ठंड बढ़ती जा रही है। कहीं नदी-नाले-झरने जम गए हैं तो कहीं जमने की कगार पर हैं। बदरीनाथ धाम के निकट बहने वाली । षि गंगा भी कड़ाके की ठंड के बीच जमने लगी है। यहां झरने और पानी की बूंदें भी जम रही हैं।

शीतकाल के लिए बदरीनाथ धाम के कपाट 19 नवंबर 2022 को बंद किए जा चुके हैं। वहीं 12 साधु-संतों शीतकाल में बदरीनाथ धाम में निवास कर रहे हैं। ये साधु-संत धाम में तपस्या करने के लिए रुके हुए हैं। धाम में इन दिनों उत्तराखंड पुलिस के जवान, बीकेटीसी के कर्मचारियों के साथ मास्टर प्लान के कार्य करने वाली कार्यदाई संस्थाओं के मजदूर भी कार्य कर रहे हैं।

बदरीनाथ धाम में सुबह और शाम के तापमान में भारी गिरावट दर्ज की जा रही है। हालांकि दोपहर में धूप खिलने के बाद थोड़ी राहत जरूर मिल रही है, लेकिन सुबह और शाम बदरीनाथ धाम में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। यहां तापमान शून्य से भी नीचे पहुंच रहा है, जिससे यहां पानी भी जम रहा है।

धाम की सुरक्षा में तैनात उत्तराखंड पुलिस के जवानों का कहना है कि नलों में पानी भी जम जा रहा है। वहीं बदरीनाथ धाम ही नहीं बल्कि नीति घाटी में भी इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। आने वाले दिनों में पहाड़ों व उच्च हिमालयी क्षेत्रों में ठंड और ज्यादा बढ़ने की संभावना है।

पहाड़ों में लगातार ठंड बढ़ने से सबसे बड़ी दिक्कत पानी जमने की हो रही है, इस कारण लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा है। गौरतलब है कि दिसंबर से मई माह तक बदरीनाथ धाम बर्फ की सफेद चादर से ढका रहता है। धाम से हनुमान चट्टी तक बर्फ की मोटी परत जम जाती है।

## पेट्रोल की बोतल लेकर कालेज की छत पर चढ़े छात्र

**टिहरी।** उत्तराखंड के टिहरी में छात्रसंघ चुनाव की तिथि घोषित करने की मांग को लेकर अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और लक्ष्य ग्रुप से जुड़े छात्रों ने पीजी कलेज के गेट पर उच्च शिक्षा मंत्री का पुतला फूंका। छात्र पेट्रोल की बोतल लेकर छत पर चढ़ गए।



उन्होंने जमकर हंगामा करते हुए शिक्षा मंत्री पर जानबूझकर छात्रसंघ चुनाव नहीं करवाने का आरोप लगाया है। पुलिस और कॉलेज प्रबंधन ने बमुश्किल आंदोलित छात्रों को दो घंटे बाद छत से नीचे उतरा। छात्रों ने एक सप्ताह में चुनाव तिथि घोषित नहीं होने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी दी।

शुक्रवार को अभाविप और लक्ष्य छात्र संगठन के छात्र पीजी कलेज के गेट पर एकत्र हुए। उन्होंने चुनाव नहीं किए जाने पर शिक्षा मंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। इसके बाद छात्र-छात्राएं कलेज की छत पर चढ़ गए।

छात्रों के छत पर चढ़ने की भनक लगते ही प्रभारी प्राचार्य व शिक्षक कमरों से बाहर आए। उन्होंने देखा कि जिशान, युवराज, मनु, स्वीटी राणा, सौरभ पंवार, अभिजीत, राहुल, ष्णा आदि पेट्रोल की बोतल लेकर छत पर चढ़कर नारेबाजी कर रहे हैं। प्रभारी प्राचार्य डा. डीपीएस भंडारी ने उन्हें समझाने की कोशिश की लेकिन वे नाकाम रहे। प्राचार्य का कहना है कि छात्रसंघ चुनाव शासन स्तर का मामला है।

थानाध्यक्ष कमल मोहन भंडारी और नायब तहसीलदार धर्मवीर प्रकाश शाह ने मौके पर पहुंचकर आंदोलित छात्रों से वार्ता की। छात्रों ने कहा कि पूर्व में कोविड संक्रमण के नाम पर छात्रसंघ चुनाव को टाला गया लेकिन अब उच्च शिक्षा मंत्री जानबूझकर छात्रसंघ चुनाव नहीं कराना चाहते हैं। इससे छात्रों का अहित हो रहा है।

कहा कि लंबे समय से चुनाव कराने की मांग की जा रही है लेकिन सरकार छात्रों की मांग को गंभीरता से नहीं ले रही है। अधिकारियों के काफी समझाने और उनकी मांगों को उच्चाधिकारियों तक पहुंचाने के आश्वासन के बाद छात्र छत से नीचे उतरे।

# त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव: मतदान कराने के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना

**रुड़की/हरिद्वार।** त्रिस्तरीय पंचायत उपचुनाव के लिए शनिवार को हरिद्वार जिले में ऐसे गांव में मतदान होना है जहां पर वार्ड सदस्य के पद रिक्त रह गए थे। इसके लिए सभी ब्लकों से पोलिंग पार्टियां रवाना हो गई हैं। हर ब्लक में कार्यालय परिसर में बनाए गए स्ट्रांग रूम से पोलिंग पार्टियों को बैलेट पेपर, मतपेटियां समेत सभी सामग्री उपलब्ध कराकर रवाना किया गया।



विगत 26 सितंबर को जिले में हुए त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में प्रधान के सभी पदों पर चुनाव हो गया था। जबकि इस दौरान 20 गांव में वार्ड सदस्य के कुछ पद रिक्त रह गए थे। इन पदों पर अब दोबारा उपचुनाव कराया जा रहा है। इसके तहत आठ दिन पहले उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू हो गई थी। 26 नवंबर को चुनाव चिह्न आवंटन के बाद सभी प्रत्याशियों ने प्रचार करना शुरू कर दिया था। वहीं तीन दिसंबर को होने वाले चुनाव को लेकर रुड़की ब्लक समेत भगवानपुर, नारसन, खानपुर, लक्सर और बहादराबाद सहित सभी ब्लकों में परिसर में ही स्ट्रांग रूम बनाया गया है।

सुबह ही पोलिंग पार्टियां स्ट्रांग रूम पर पहुंच गई थी। एक पोलिंग पार्टी में एक पीठासीन अधिकारी सहित चार मतदान कर्मचारी शामिल थे। इसके बाद पोलिंग पार्टियों को एक-एक कर सामान दिया गया। इस सामान में बैलट पेपर, मत पेटियां, पेन, अमिट स्याही, मोमबत्ती, माचिस और निर्वाचन नियमावली आदि सामान शामिल था। सभी पोलिंग पार्टियां करीब दो बजे मतदान केंद्रों के लिए रवाना हो गई थी। इसके बाद इन पोलिंग पार्टियों ने अपने-अपने मतदान केंद्रों पर पहुंचकर बैलेट पेपर की गिनती की। साथ ही अन्य व्यवस्थाएं दुरुस्त की। एडीओ पंचायत बनेश कुमार ने बताया कि रुड़की ब्लक के 20 ग्राम पंचायतों में 20 वार्ड सदस्य के पद ही रिक्त हैं। इन पदों पर शनिवार को उपचुनाव कराया जाएगा।

बहादराबाद ब्लक क्षेत्र की 21 ग्राम पंचायत सदस्य की सीटों के लिए शनिवार को वोट डाले जाएंगे। जबकि 36 सीटों पर पहले ही ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध चुने जा चुके हैं। पांच दिसंबर को परिणाम घोषित किए जाएंगे। बहादराबाद ब्लक क्षेत्र की 80 ग्राम पंचायतों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव के बाद 57 ग्राम पंचायत सदस्यों के पद खाली रह गए थे। इन सीटों पर चुनाव न होने से कई ग्राम पंचायतों का गठन नहीं हो सका था। उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया में 36 ग्राम पंचायत सदस्य निर्विरोध निर्वाचित हो गए थे। शेष 21 ग्राम पंचायत सदस्य पद के लिए मतदान होना है। शुक्रवार को ब्लक मुख्यालय से पोलिंग पार्टियों को मतपेटियां और चुनाव चुनावी सामग्री देकर रवाना किया गया। बहादराबाद ब्लक क्षेत्र के एडीओ पंचायत बिजेंद्र कुमार ने बताया कि तीन दिसंबर को सुबह आठ बजे से पांच बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद पांच दिसंबर को सुबह आठ बजे से मतगणना शुरू कराकर चुनाव परिणाम घोषित कर दिए जाएंगे।

नारसन ब्लक की आठ न्याय पंचायतें हैं। इसमें पिछली बार हुए चुनाव में वार्ड सदस्य की 134 सीटें खाली रह गई थी। इस बार इन सीटों पर 226 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। नाम वापसी की प्रक्रिया के दौरान 17 लोगों ने अपने नामांकन वापस लिए थे। इसके बाद 61 सीटों पर निर्विरोध वार्ड सदस्य का चुनाव होना तय हो गया है। जबकि दो सीटें ऐसी हैं जहां इस बार भी किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया है। ऐसे में अब 71 सीटों पर 148 प्रत्याशी मैदान में है।

भगवानपुर ब्लक में होने वाले उपचुनाव के लिए स्ट्रांग रूम ब्लक परिसर ही बनाया गया है। यहां से ही पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है। बीडीओ जयेंद्र भारद्वाज ने बताया कि विगत माह हुए चुनाव में इस ब्लक में कुछ वार्ड सदस्यों के पद रिक्त रह गए थे। इसमें 20 ग्राम पंचायतों में से 28 वार्ड सदस्य के पद खाली है। इन पदों पर 59 दावेदार मैदान में है। इन पदों पर चुनाव कराने के लिए 28 पोलिंग पार्टियों को रवाना किया गया है।

लक्सर की 21 ग्राम पंचायतों में 41 वार्ड सदस्यों के लिए होने वाले उप चुनाव को लेकर प्रशासन ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। पोलिंग पार्टियों को मतदान केंद्रों के लिए रवाना कर दिया गया है। एसडीएम गोपालराम बिनवाल के ने बताया कि लक्सर ब्लक में शुरू में 97 पद खाली थे। इसमें से 55 निर्विरोध वार्ड सदस्य चुने गए थे। इसके बाद अब 21 ग्राम पंचायतों में 41 वार्ड सदस्यों के पद खाली है। इन पदों पर 48 दावेदार मैदान में हैं। इस मतदान के लिए 31 मतदान बूथ बनाए गए हैं। पोलिंग पार्टियों को चुनावी सामग्री भी वितरण हो चुकी है। शांति व्यवस्था के लिए मौके पर पर्याप्त पुलिस बल की व्यवस्था भी तय की गई है। खंड विकास अधिकारी पवन कुमार ने बताया कि चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए एडीओ पंचायत अरुण कुमार गैरोला, एआरओ शेर पाल सिंह, एआरओ प्रताप सिंह, एआरओ संध्या शर्मा, सेक्टर मजिस्ट्रेट नवीन सिंह, प्रशांत कुमार और ललित मोहन सिंह मौजूद रहेंगे।

खानपुर विकासखंड क्षेत्र की 25 ग्राम पंचायतों में से सात ग्राम पंचायतों में वार्ड मेंबर के लिए उपचुनाव होने हैं। खानपुर विकासखंड के एबीडीओ जगविंदर सिंह राणा ने बताया कि खानपुर विकासखंड क्षेत्र की 25 ग्राम पंचायतों में से सात ग्राम पंचायतों में वार्ड मेंबर के लिए दस पदों पर उपचुनाव होना है। बताया कि इसके लिए न्यामतपुर, रहीमपुर, मोहम्मदपुर, चंद्रपुरी बांगर, दल्लावाला, पोडोवाली, दल्लावाला, जलालपुर ग्राम पंचायतों में उपचुनाव केंद्र बनाए गये है। बताया कि शुक्रवार को सभी गांव के लिए आठ पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी गई है। बताया कि दो पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रखी गई है।

## 'दोस्त मोदी' की हर मदद को तैयार

### जी-20 अध्यक्षता पर बोले अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने कहा है कि भारत अमेरिका का मजबूत पार्टनर है और वे जी-20 की अध्यक्षता के दौरान अपने दोस्त प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की पूरी मदद करेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति ने अपने ट्वीट में कहा है कि साथ मिलकर हम जलवायु, ऊर्जा और खाद्य संकट जैसी साझा चुनौतियों से निपटते हुए सतत और समावेशी विकास के लक्ष्य की ओर बढ़ेंगे।इससे पहले, इस्राइल के राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने भी भारत की प्रशंसा करते हुए कहा था कि भारत और इस्राइल स्वभाविक रूप से सहयोगी हैं, दोनों देश उन लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता से बंधे हैं, जिस आधार पर इनकी स्थापना हुई थी। इस्राइली राष्ट्रपति इसाक हर्जोग ने यह टिप्पणी उस वक्त की जब वह एक प्रदर्शनी का उद्घाटन करने पहुंचे थे। इसमें भारतीय देवताओं की मूर्तियां प्रदर्शित की गई थीं। राष्ट्रपति हर्जोग ने गुरुवार की शाम इस्राइल संग्रहालय (मेमोरियल) में आयोजित एक सांसतिक कार्यक्रम में हिस्सा लिया और श्बडी अफ फेथरू स्कल्पचर फ्रम द नेशनल म्यूजियम अफ इंडियाश प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। उन्होंने प्रदर्शनी को दोनों देशों की बढ़ती दोस्ती का परिणाम बताया है। उन्होंने कहा, भारत और इस्राइल स्वभाविक सहयोगी हैं, जो लोकतांत्रिक आदर्शों के प्रति मौलिक प्रतिबद्धता से एकजुट हैं, जिन पर हमारे दोनों देशों की स्थापना हुई थी।



## गोल्डी बराड़ को जल्द लाएंगे भारत, होंगे अहम खुलासे: भगवंत मान

**चंडीगढ़, एजेंसी।** पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला की हत्या का साजिशकर्ता गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को कैलिफोर्निया में हिरासत में ले लिया गया है। उसको यकीनी तौर पर भारत में लाया जाएगा। जल्दी ही वह पंजाब पुलिस की हिरासत में होगा। यह दावा शुक्रवार को गुजरात के अहमदाबाद में एक प्रेस वार्ता में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने किया।



उन्होंने कहा कि वहां की अथरिटी ने इस संबंध में पंजाब पुलिस से संपर्क किया है। राज्य के मुखिया होने के चलते इसकी पुष्टि कर रहे हैं। उन्होंने कहा जब से राज्य में उनकी सरकार आई है, तब से गैंगस्टरों को सलाखों के पीटे पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अमेरिका के साथ प्रत्यार्पण समझौते के अनुसार गोल्डी बराड़ को भारत लाएंगे ताकि उन परिवारों को इंसाफ दिलाया जा सकें, जिन्होंने अपने बेटे और बेटियों को खोया है।

उन्होंने कहा कि गोल्डी बराड़ काफी शातिर है। वह हत्या समेत कई मामलों का मास्टरमाइंड है। इसके बाद अन्य साथियों को लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस मामले की हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा कर रहे हैं, ताकि उसे भारत लाया जा सके। उन्होंने कहा कि गोल्डी बराड़ से पूछताछ में कई खुलासे होंगे।पिछले कुछ समय से गैंगस्टर काफी सक्रिय हो गए थे, एक के बाद एक वारदात को अंजाम दे रहे हैं। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) की जांच में यह बात सामने आ चुकी है कि भारत की जेलों में बंद गैंगस्टरों के विदेश में बैठे आतंकियों से संबंध हैं। इनके पीटे आईएस-ाआई भी काम कर रही है। उनके इशारे पर ही वह आपराधिक वारदातों को अंजाम दे रहे हैं।पंजाबी गायक और कांग्रेस नेता शुभदीप सिंह सिद्धू मूसेवाला हत्याकांड के मास्टरमांइड की गिरफ्तारी पर कांग्रेस सांसद रवनीत सिंह बिट्टू ने ट्वीट किया है। बिट्टू ने इसके लिए सुरक्षा एजेंसियों को बधाई का पात्र बताया है। उन्होंने कहा कि पंजाब का माहौल खराब करने वालों को सलाखों के पीटे होना चाहिए। पंजाब शांति और अमन प्रिय राज्य है। बिट्टू ने कहा कि सिद्धू मूसेवाला के माता-पिता का दर्द समझना बहुत मुश्किल है। गैंगस्टर गोल्डी बराड़ के पकड़े जाने से कहीं न कहीं उन्हें राहत मिली होगी। गैंगस्टरों लगाम लगाने के लिए सरकार को सख्त फैसले लेने की जरूरत है।

## सीढ़ियों से गिरे जुबिन नौटियाल के सिर पर आई गंभीर चोट

### सीएम धामी ने की जल्द स्वस्थ होने की कामना

**देहरादून।** जुबिन नौटियाल के फैंस के लिए ये अच्छी खबर नहीं है। फेमस बलीवुड गायक जुबिन नौटियाल एक दुघर्टना का शिकार हो गए। अपने घर में ही वह सीढ़ियों से गिर गए, जिस कारण उन्हें काफी चोट आई हैं। डक्टर ने अपरेशन की बात कही है।



सिंगर जुबिन नौटियाल के चोटिल होने की खबर मिलते ही सीएम धामी ने उनका हालचाल जाना। उन्होंने कहा कि जुबिन के चोटिल होने का दुखद समाचार मिला है। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना करता हूं। जुबिन के चोटिल होने की खबर से उनके फैंस भी दुखी हैं। लगातार सोशल मीडिया पर उनके फैंस उनके जल्द ठीक होने की कामना कर रहे हैं। सिंगर की कोहनी टूट गई है। पसलियों और सिर पर भी गंभीर चोट आई है। जुबिन नौटियाल के दाएं हाथ का डक्टरों ने उन्हें अपरेशन की सलाह दी है। बता दें, कुछ समय पहले जुबिन सोशल मीडिया पर चल रहे हैशटेग अरेस्ट जुबिन नौटियाल ट्रेंड की वजह से चर्चाओं में आए थे। जिस पर जुबिन ने अपनी प्रतिक्रिया दी थी। मीडिया से बातचीत में जुबिन ने कहा था कि इसे लेकर वह बहुत परेशान हैं और उनकी मां डिप्रेशन में हैं। सारा विवाद जुबिन के यूएस में होने वाले कन्सर्ट को लेकर था। शो का आर्गेनाइजर खालिस्तानी मेंबर हैं और मोस्ट वांटेड अपराधी था। फिलहाल चोटिल होने की वजह से जुबिन को मुंबई के एक अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में समन्वय से कार्य करें अधिकारी : सीडीओ

**जयन्त प्रतिनिधि।**



रूद्रप्रयाग : जनपद में विभिन्न रेखीय विभागों के माध्यम से संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत व्यक्तियों को उपलब्ध कराने एवं उनकी आय में वृद्धि करने के उद्देश्य से मुख्य विकास अधिकारी नरेश कुमार की अध्यक्षता में विकास भवन में संबंधित रेखीय विभागीय अधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों, ग्राम विकास अधिकारियों एवं रोजगार सेवकों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीडीओ ने स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाने और आय में वृद्धि कराने के उद्देश्य से विस्तृत कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने महिला समूह से जुड़ी सभी 10 हजार महिलाओं को लखपति दीदी योजना से लाभान्वित करने के लिए सभी विभागों को बेहतर से बेहतर कार्ययोजना तैयार करते हुए उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में सभी को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने पर बल दिया। मुख्य विकास अधिकारियों ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि राज्य सरकार द्वारा लखपति दीदी योजना संचालित की गई है। महिला समूहों के माध्यम से विभागों द्वारा संचालित विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाकर महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया जाने की दिशा में कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि जनपद में 1500 महिला समूह हैं जिनमें 10 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। ग्राम्य विकास विभाग द्वारा संचालित मनरेगा के तहत, उद्यान विभाग, रेशम विभाग, मत्स्य, कृषि, पशुपालन, आयुर्वेदिक जड़ी-बूटी तथा पर्यटन सहित अन्य क्षेत्रों में संचालित योजनाओं से महिलाओं की आर्थिकी को मजबूत करने एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए कार्य योजना तैयार की जानी है।

उन्होंने सभी अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो भी स्वरोजगार की योजनाएं संचालित हो रही हैं उन योजनाओं में सभी अधिकारी संवेदनशीलता के साथ कार्य करते हुए अधिक से अधिक लोगों को स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएं।

बैठक में जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला उद्यान अधिकारी योगेंद्र सिह चौधरी, जिला कार्यक्रम अधिकारी शैली प्रजापति, खंड विकास अधिकारी जखोली सूर्यप्रकाश शाह, ऊखीमठ दिनेश मैठाणी, अगस्त्यमुनि प्रवीण भट्ट सहित ग्राम विकास अधिकारी, रोजगार सेवक सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## डीएम बोले राहगीरों को रेन बसेरा में शिफ्ट करें

उत्तरकाशी : असहाय, गरीब और लाचार लोगों को ठंड से बचने के लिए जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला ने सभी नगर पंचायत एवं नगर पालिकाओं के ईओ व संबंधित क्षेत्र के एसडीएम को खुले आसमान के नीचे निवास कर रहे राहगीरों को रेन बसेरा में शिफ्ट करने के निर्देश दिए है।

शुक्रवार देर रात को जिलाधिकारी अभिषेक रूहेला ने नगर क्षेत्र के रामलीला मैदान, जोशियाड़ा, ज्ञानसू, मुख्य बाजार व बस अड्डा सहित विभिन्न स्थानों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने 25 से अधिक लोगों को खुले आसमान के नीचे निवास करते हुए पाया। जिस पर डीएम ने उनको तत्काल नगर पालिका के रेन बसेरा में शिफ्ट कराया और उनको गर्म कंबंल बितरित की। कहा कि जनपद में मौसम के बदलते ही सर्दी बढ़ने लग गई है।

## होटल-ढाबों में शराब पिलाने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : एसपी

रुद्रप्रयाग : पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने नगर मुख्यालय में यातायात सहित अनेक व्यवस्थाओं की बेहतरी के लिए नगर का निरीक्षण किया। इस दौरान एसपी ने बेलनी पुल से लेकर गुलाबराय तक निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं के सुधार के लिए पुलिस को निर्देशित किया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि बाजार में होटल ढाबों में शराब पिलाने वालों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाए। इस बात को भी सुनिश्चित कराया जाए कि सांयकाल के समय शराब पीकर हुड़दंग मचाने वालों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

पुलिस अधीक्षक विशाखा अशोक भदाणे ने नगर रुद्रप्रयाग के बेलनी पुल से केदारनाथ तिराहा, यातायात कार्यालय, मुख्य बाजार होते हुए गुलाबराय तक पैदल भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बाजार की यातायात, पार्किंग एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। एसपी ने पुलिस उपाधीक्षक यातायात, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग एवं निरीक्षक यातायात को निर्देश दिए कि बाजार में सिविल एवं यातायात पुलिस बल की उपलब्धता बनी रहे। अनावश्यक रूप से वाहन खड़े न किए जाए। मुख्य बाजार में जो भी आड़े तिरछे ढंग से वाहन खड़े हो उन्हें ऐसा दोबारा न करने को कहा जाए। सड़क पर ऐसे वाहन खड़े न किए जाएं।

जो वाहन कई समय से खराब पड़े है और सड़क किनारे खड़े है, उन्हें तत्काल हटाया जाए। पुलिस अधीक्षक रुद्रप्रयाग के पैदल भ्रमण के दौरान पुलिस उपाधीक्षक ऑपरेशन्स/यातायात रुद्रप्रयाग हर्षवर्द्धनी सुमन, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली रुद्रप्रयाग जयपाल सिंह नेगी, यातायात निरीक्षक श्याम लाल आदि मौजूद थे। (एजेंसी)

# सीएम से की आश्रम पद्धति विद्यालयों के उच्चीकरण की मांग

विकासनगर। जौनसार बावर क्षेत्र के आश्रम पद्धति विद्यालयों का उच्चीकरण कर सीबीएससी से संबद्ध करने की मांग स्थानीय लोग लंबे समय से कर रहे हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई। बुधवार को स्थानीय लोगों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को इस आशय का ज्ञापन प्रेषित किया।

मुख्यमंत्री को उप जिलाधिकारी के माध्यम से भेजे गए ज्ञापन में ग्रामीणों ने बताया कि जौनसार बावर में चार आश्रम पद्धति विद्यालय चकराता (लागापोखरी), कालसी, लाखामंडल व त्यूणी में संचालित हो रहे हैं। लेकिन इन चारों विद्यालयो में मात्र हाइस्कूल तक की पढ़ाई होती है। इसके बाद गरीब तबके के लोगों को बच्चों को आगे की शिक्षा दिलाने में काफी परेशानी उठानी पड़ती है। कई मामलों में तो 10 वीं के बाद बच्चों की पढ़ाई तक बाधित हो जाती है। लोगों का कहना है कि यदि चारों आश्रम पद्धति विद्यालयों को इंटर कालेज में उच्चीकृत कर सीबीएसई से संबद्ध किया जाए तो क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी। साथ ही इंटर तक पढ़ाई घर के आसपास ही होगी, जिससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ नहीं पड़ेगा। स्थानीय लोगों ने मुख्यमंत्री से इस मामले पर गंभीरता से विचार कर कार्यवाही की मांग की है। ज्ञापन भेजने वालों में आईएस नेगी, जयपाल सिंह चौहान, विरेंद्र जोशी, अजवीर सिंह, रमेश रावत, देवेंद्र रावत, भाव सिंह, चमन सिंह, सतीश चौहान, मनमोहन चौहान, ईश्वर दत्त जोशी आदि शामिल रहे।

### चकराता कैंट ने एक माह में रिसाइकिल कूड़े से 35 हजार कमाए

विकासनगर। चकराता कैंट ने एक माह में रिसाइकिल कूड़े को बाजार में बेचकर 35 हजार रूपये की कमाई की हैं। वहीं कैंट जल्द ही सूखे और गीले कूड़े से खाद बनाना भी शुरू कर देगा। खाद बनाने का प्राथमिक चरण पूरा हो चुका है। कूड़े से बनी खाद बेचने से भी कैंट प्रशासन को आमदनी होगी। दावा है कि इसके साथ ही चकराता कूड़ा मुक्त कैंट क्षेत्र बन जाएगा। चकराता कैंट बोर्ड के साथ कूड़ा निस्तारण के लिए गोदरेज कंपनी ने अनुबंध किया हुआ है। इसके लिए कंपनी की ओर से चकराता की स्वच्छता पर 75 लाख की राशि खर्च की जाएगी। कंपनी और कैंट प्रशासन ने चकराता में ट्रेंचिंग ग्राउंड के बजाय पर्यावरण पार्क बनाने का निर्णय लिया, जिसमें कूड़े से खाद बनाई जाएगी। कर्मचारी चार तरह का कूड़ा एकत्र करते हैं।

## जनजागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने के निर्देश

देहरादून। माननीय उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध हेतु पारित आदेशों के अनुपालन में जिलाधिकारी श्रीमती सोनिका ने छापेमारी अभियान के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने के निर्देश सभी सम्बन्धित अधिकारियों को दिए गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देशों के क्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व के.के मिश्रा में स्कूली के बच्चों एवं शिक्षकों को सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा कूड़े को सार्वजनिक स्थानों एवं खुले में न फेंकने हेतु शपथ दिलाई तथा बच्चों को अपने परिजनों एवं दोस्तों को भी इस हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया। उन्होंने सभी विद्यालयों के शिक्षकों से अनुरोध किया विद्यालयों में प्रार्थना सभा के समय बच्चों सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने तथा इसके उपयोग से होने वाली समस्याओं की जानकारी कक्षाओं में दी जाए ।

# निर्वाचन नामावलियों के पुनरीक्षण कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण करने के दिये निर्देश

देहरादून। फोटोयुक्त निर्वाचन नामावलियों का अर्हता तिथि के आधार पर पुनरीक्षण कार्यों को युद्धस्तर पर पूर्ण करने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप झरना कमठान ने आज अपने कार्यालय कक्ष में बैठक आयोजित कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों को मिशन मोड पर कार्य करते हुए मतदाता सूची विशेष पुनरीक्षण अभियान को निर्धारित तिथि 8 जनवरी 2023 तक युद्धस्तर पर पूर्ण करने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप ने जनपद के सभी 1873 बूथ पर बीएलओ को तैनात रहकर अर्हता तिथि 01-10-2023 तक 18 वर्ष की आयु के हो रहे नवयुवक/युवतियों को मतदाता सूची में सम्मिलित करने हेतु फार्म वितरण एवं प्राप्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने इसके लिए पॉलिटेक्निक, इंजीनियर कालेज, विश्वविद्यालय सहित उच्च शिक्षण संस्थानों के प्रधानाचार्यों, प्रबन्धकों को उनके यहां अद्ध्यनरत छात्र/छात्राएं जो 01 अक्टूबर 2023 तक 18 वर्ष के हो रहे हैं उनके नाम मतदाता सूची मे सम्मिलित करने हेतु अभियान सहयोग करने की अपेक्षा। उन्होने सभी ऐसे छात्र/छात्राएं, युवक/युवतियां जो उक्त तिथि में 18 वर्ष के हो रहे हैं वे प्ले स्टोर से वोटर एप्प डाउनलोड कर स्वंय भी अपना नाम मतदाता सूची में नाम जुड़वा सकते है। इसके अतिरिक्त जिला निर्वाचन कार्यालय कलेक्टेट एंव तहसील से फार्म प्राप्त कर जमा करा सकते हैं।मुख्य विकास अधिकारी/नोडल अधिकारी स्वीप ने विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। नगर निगम को कूड़ा उठान वाहनों जिंगल के माध्यम से जागरूकत करने, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सार्वजनिक स्थलों, कार्यालयों में जनजागरूकता हेतु पोस्टर/फ्लैक्स तथा स्मार्ट सिटी के वीएमडी, जिला प्रशासन के फेसबुक पेज, सोशल मीडिया पर इस हेतु जागरूकता संदेश प्रसारित करने के निर्देश दिए।मुख्य विकास अधिकारी ने संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा का को उच्च शिक्षण संस्थानों को अपने यहां अध्ययनरत् छात्र/छात्राएं जो 01 अक्टूबर 2023 तक 18 वर्ष के हो रहे हैं के नाम मतदाता सूची में सम्मिलित करने फार्म भरवाने हेतु निर्देशित करने, जिला शिक्षा अधिकारी को विद्यालयों को इस कार्य हेतु समन्वय करते हुए अध्ययनरत् छात्र/छात्रओं के फार्म भरवाने, जिला युवा कल्याण अधिकारी को मंगल दल के माध्यम से तथा क्षेत्रीय सेवायोजन अधिकारी को सेवायोजन कार्यालय में पंजीकरण एवं विभिन्न प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु आने वाले युवक/युवतियों से जिनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित नहीं हैं उनके फार्म भरवाने तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी बाल विकास को आंगनबाड़ी कार्यर्तियों के माध्यम से इस कार्य में सहयोग करने के निर्देश दिए।

## एक नजर

### दीपक बिज्लवाण को मिली डॉक्टरेट की उपाधि

नई टिहरी : नरेंद्रनगर ब्लॉक जखोली गांव निवासी दीपक बिजल्वाण को गढ़वाल विश्विद्यालय श्रीनगर के दीक्षांत समारोह में डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई। दीपक ने अंग्रेजी विषय में पीएचडी की डिग्री हासिल की है। उन्होंने केंद्रीय विवि के एसआरटी परिसर में कार्यरत अंग्रेजी के शिक्षक प्रो. अरुण पंत के निर्देशन में शोधकार्य पूरा किया। पिता की असमय मृत्यु के बाद वह मेहनत के साथ आगे बढ़े। कुछ वर्ष पूर्व ही अंग्रेजी में उनकी पहली पुस्तक द पेजेज ऑफ माइ कॉलेज डायरी भी प्रकाशित हुई है। दीपक ने उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोकगायक नरेंद्र सिंह नेगी के गीतों का अंग्रेजी में अनुवाद भी किया है। वर्तमान में दीपक पौड़ी स्थित एक कॉलेज में सहायक प्राध्यापक पद पर कार्यरत हैं। दीपक की इस उपलब्धि पर लोगों ने उन्हें बधाई दी है। (एजेंसी)

### प्रशासन-प्रेस संबंध को अधिक सशक्त बनाने पर जोर दिया

नई टिहरी : जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय पत्रकार स्थायी समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने प्रशासन एवं प्रेस सम्बन्धों को अधिक सशक्त बनाने तथा शासन-प्रशासन की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रचारित-प्रसारित करने के लिए अहम निर्णय लेने की बात कही। जिला सभागार में आयोजित बैठक में गत बैठक में दिये निर्देशों के क्रम में की गई कार्यवाही, प्रशासन एवं प्रेस के संबंधों को अधिक सशक्त बनाने, शासन-प्रशासन की उपलब्धियों को प्रभावी ढंग से प्रचारित-प्रसारित करने एवं पत्रकार उत्पीड़न व समस्याओं के निराकरण पर चर्चा की गई। सूचना विभाग को प्रेस प्रतिनिधियों को उचित सुविधाएं मुहैया करवाने के निर्देश सूचना विभाग को दिए। इस मौके पर सीडीओ मनीष कुमार, पीआरओ एसएसपी संजय मिश्रा, एडीआईओ भजनी भंडारी सहित तमाम पत्रकार मौजूद रहे। (एजेंसी)

# चार विक्रय केंद्रों पर बिकेगा माल्टा आठ रू. और पहाड़ी नींबू पांच रूपये किलो

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : राज्य सरकार ने वर्ष 2022-23 हेतु माल्टा एवं पहाडी नीबू (गलगल) फलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित कर दिया है। ''सी'' ग्रेड माल्टा एवं पहाडी नीबू (गलगल) फलों के लिए क्रमशः आठ रूपये एवं पांच रूपये प्रति किलोग्राम घोषित किया है। मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि जिले में चार संग्रह/क्रय केन्द्र बनाये गये हैं, जहां पर कर्मचारियों की तैनाती की गई है। उपार्जन हेतु जोशीमठ, दशोली, घाट ब्लाक के लाभार्थियों के लिए राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण केन्द गोपेश्वर को संग्रह/क्रय केन्द्र बनाया गया है। जबकि पोखरी, कर्णप्रयाग, नारायणबगड आदिबद्री विकास खण्ड के लिए राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण केन्द्र कर्णप्रयाग को, गैरसैंण ब्लाक के लिए राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण केन्द्र गैरसैंण एवं ब्लाक थराली, देवाल के लिए राजकीय सामुदायिक फल संरक्षण केन्द्र ग्वालदम को संग्रह/क्रय केन्द्र बनाया गया है।जानकारी देते हुए मुख्य उद्यान अधिकारी तेजपाल सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा माल्टा एवं पहाडी नीबू फलों के उर्पाजन की कार्यवाही शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह योजना उद्यान कार्ड धारकों के लिये होगी। ठेकेदार व बिचौलिये इस योजना में आच्छादित नहीं होंगे। माल्टा एवं पहाड़ी नीबू की क्रय 15 दिसंबर से 31 जनवरी 2023 तक किया जाएगा। संबंधित उत्पादकों को घोषित समर्थन मूल्य से अधिक मूल्य किसी अन्य माध्यम से प्राप्त होने की स्थिति में वे अपनी फसल का विक्रय करने हेतु स्वतंत्र होंगे। क्रय किए जाने वाले सी ग्रेड माल्टा फलों का न्यूनतम व्यास 50 मिमी. तथा नीबू(गलगल) का व्यास 70 मिमी. से अधिक होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि फल कटे सडे, गले न होकर स्वस्थ रोग रहित होने चाहिए।



तुडाई उपरान्त फलों के वाष्पीकरण एवं श्वसन क्रिया से वजन में कमी को ध्यान में रखते हुए क्रय के समय तौल में 2.50 प्रतिशत अधिक वजन लिया जाएगा। उद्यान विभाग द्वारा उपार्जित सी ग्रेड माल्टा एवं पहाडी नीबू को भण्डारण के उपरान्त अथवा ताजे उपार्जित फलों को राज्य के भीतर तथा बाहर स्थापित मण्डियों, सार्वजनिक एवं निजी क्षेत्र की प्रसंस्करण इकाईयों को विक्रय किया जाएगा।

# शत प्रतिशत साक्षरता के लिए चलेगा विशेष अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : चमोली जनपद को शत प्रतिशत साक्षर जिला बनाने के लिए जिला प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिलाधिकारी हिमांशु खुराना की अभिनव पहल पर प्रत्येक गांव एवं नगर क्षेत्रों में निरक्षर लोगों को चिन्हित कर उन्हें ज्ञान मित्रों के माध्यम से साक्षर बनाया जाएगा।

शुक्रवार को जिलाधिकारी ने शिक्षा विभाग के तमाम अधिकारियों के साथ चिंतन बैठक आयोजित कर इस दिशा में गहनता से चर्चा की और सभी के सुझाव लिए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि प्रत्येक गांव एवं नगर क्षेत्र में निरक्षर लोगों को चिन्हित किया जाए। ब्लाक स्तर पर मास्टर ट्रेनर नियुक्त करते हुए प्रत्येक गांव क्षेत्र में ज्ञान मित्रों को शिक्षण कार्यों का प्रशिक्षण दिया जाए। ज्ञान मित्रों के माध्यम से निरक्षर लोगों को बुनियादी शिक्षा प्रदान की जाए। शिक्षक, छात्र, स्वयंसेवी साक्षर महिला, पुरूष को ज्ञान मित्र नियुक्त किया जा सकता है। उन्होंने जिला एवं ब्लाक स्तर पर कोर कमेटी गठित कर साक्षरता कार्यक्रम का पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए। अजीज फाउडेशन को नियमित मॉनिटरिंग के साथ अपेक्षित सहयोग करने को कहा। इस दौरान जिलाधिकारी ने शिक्षा अधिकारियों को सभी विद्यालयों में शिक्षकों की उपस्थिति सुनिश्चित करने और लर्निंग आउटकम पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।

# साप्ताहिक क्लीनिक का शुभारंभ

विकासनगर। समाज में बढ़ती मानसिक समस्याओं, नशे की आदत से युवाओं के भविष्य तथा उनके पारिवारिक जीवन पर बुरा असर हो रहा है। इन्ही समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से चौहान अस्पताल विकास नगर में एक दिसंबर से प्रत्येक गुरुवार को साप्ताहिक क्लीनिक का शुभारंभ किया गया है।साप्ताहिक क्लीनिक का उद्घाटन वीर केसरी चंद राजकीय महा विद्यालय डाकपत्थर की प्रो. एवं राजनीति विज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. राज कुमारी चौहान ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। डॉ. राजकुमारी चौहान ने कहा कि समाज में बढ़ते नशे की बुराई को दूर करने के लिये अन्य उपायों के साथ साथ महिला संगठनों व सामाजिक संगठनों को आगे आना होगा। मानसिक रोग विशेषज्ञ डॉ. दिव्या घई ने कहा कि इस साप्ताहिक क्लीनिक से पछुवादून तथा पर्वतीय क्षेत्र के मानसिक रोगियों तथा नशे के आदी मरीजों को लाभ मिलेगा। इस अवसर पर संयोजक डॉ. वीरेंद्र सिंह चौहान, कंवलजीत भंडारी, विवेक भंडारी, आशा शर्मा, राकेश वर्मा, अजित चौधरी, कमल राज, पूजा वर्मा, मोना कश्यप, नीलू, शालू थापा, मसरूफा, कल्पना, करुणा, राहुल, डोर्ली तथा सोमबाला आदि शामिल रहे।

## आचार्यों को दिया गांवों को सशक्त बनाने का प्रशिक्षण

विकासनगर। ब्लॉक सभागार में आयोजित तीन दिवसीय एकल विद्यालय आचार्य प्रशिक्षण शिविर का समापन गुरुवार को हुआ। शिवर में 60 नवीन आचार्यों को प्रशिक्षण दिया गया।प्रशिक्षण शिविर में आचार्यों को आचार, विचार की शुद्धता, पंचमुखी शिक्षा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षक राकेश उनियाल ने बताया कि एकल विद्यालयों में गरीब वर्ग के बच्चों को शिक्षा देने के साथ ही ग्रामीणों को भी स्वच्छता, सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए जागरूक किया जाता है। इसके साथ ही स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता भी पैदा की जाती है। शिविर में शामिल सभी आचार्यों को गांव को सुदृढ़ और सशक्त बनाने में शिक्षा की भूमिका, नशे से दूर रहने के लिए ग्रामीणों को जागरूक करने का प्रशिक्षण दिया गया।

# फसल बीमा सप्ताह 1—7 दिसम्बर तक : झरना

देहरादून। मुख्य विकास अधिकारी सुश्री झरना कमठान ने अवगत कराया कि फसल बीमा योजना, भारत सरकार व उत्तराखंड सरकार के सहयोग से राज्य में संचालित की जा रही हैं, जिसमें प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना कृषि विभाग के सहयोग से व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना उद्यान विभाग के सहयोग से चलायी जा रही है। मौसम रबी 2022-23 के अंतर्गत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना में गेहूं की फसल का बीमा दिनांक 15-12-2022 तक किया जाना है व बैंकों द्वारा भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 30-12-2022 है। पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में सेब, आडू, मौसम्बी, माल्टा, संतरा, आम, लीची, मटर, आलू व टमाटर की फसल का बीमा 31-12-2022 तक किया जाना है व बैंकों द्वारा भारत सरकार के पोर्टल पर अपलोड करने की अंतिम तिथि 15-01-2023 है। जिला देहरादून में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना रबी 2022-23 में 19000 कृषकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में

15000 कृषकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मौसम रबी 2021-22 अंतर्गत जिला देहरादून में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना व पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना में लगभग 52.59 करोड़ की क्षतिपूर्ति राशि ए0आई0सी द्वारा किसानों के संबन्धित बैंक खातों में निर्गत की जा रही है जिससे 14215 कृषक लाभान्वित हुए हैं। कृषकों को योजना में शामिल करने के लिए भारत सरकार व उत्तराखंड सरकार द्वारा फसल बीमा सप्ताह 1-7 दिसम्बर तक चलाया जा रहा है। फसल बीमा सप्ताह में प्रचार प्रसार वाहन ए0आई0सी द्वारा चलाया जा रहा है व कृषि/उद्यान विभाग के सहयोग से किसानों को फसल बीमा योजना के बारे में जागरुक किया जा रहा है। किसान भाई अपनी फसल का बीमा बैंक शाखा, नजदीकी उरउ या उ१ङ्कस्त्र कल्ल२४१ल्ली स्त्रस्त्र द्वारा उक्त निर्धारित तिथि तक करा सकते हैं। फसल बीमा सप्ताह में प्रचार-प्रसार वाहन को हरी झंडी मुख्य विकास अधिकारी द्वारा दिखायी गयी व किसानों से आग्रह किया गया कि अधिक से अधिक किसान फसल बीमा योजना का लाभ उठायें।

## 22 नग देवदार की लकड़ी समेत वाहन सीज

विकासनगर। चकराता वन प्रभाग इन दिनों लकड़ी तस्करों के खिलाफ अभियान चलाया है। गुरुवार रीवर रेंज के गश्ती दल ने देवदार के 22 नग समेत एक वाहन को पकड़ कर सीज किया है। जबकि वाहन स्वामी के खिलाफ वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की है। रीवर रेंज के वन क्षेत्राधिकारी अनिल भट्ट ने बताया कि गुरुवार रात साढ़े तीन बजे गश्ती दल को बुल्हाड़ रोड से मीनस मार्ग पर देवदार की लकड़ी से भरा वाहन जाता हुआ दिखाई दिया। पीछा करने पर वाहन चालक वाहन को एक गदेरे में फंसाकर अंधेरा का फायदा उठाते हुए फरार हो गया।

# विश्व एड्स दिवसः पछुवादून में छात्र—छात्राओं ने रैली निकालकर एड्स को मिटाने का संदेश दिया

विकासनगर। विश्व एड्स दिवस पर पछुवादून के शिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई की ओर से रैली निकालकर लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही पोस्टर और निबंध प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।

गुरुवार को सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ढालीपुर की राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने गांव में रैली निकाल कर लोगों को एड्स के प्रति जागरूक किया। रैली में शामिल कार्यक्रम अधिकारी संजय परमार ने बताया कि एड्स छुआछूत से नहीं होता है। एड्स के रोगी को कभी घृणा की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए। प्रधानाचार्य वेद प्रकाश शर्मा ने कहा कि जीवन में संयम बरतने और मन की शुचिता से इस महामारी से बचा जा सकता है। रैली में विनय कुमार, राहुल थापा, अरविंद वर्मा, अमन कुमार, कार्तिक, राशि, अभिषेक, निधि, नमन, आकाश, आयुष, कान्हा, नाजिया आदि शामिल रहे। दूसरी ओर सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बाबूगढ़ में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता अभियान चलाया। विद्यालय से मंडी चौक तक रैली निकाल कर लोगों के एड्स से बचाव की जानकारी मुहैया कराई। इसके बाद छात्र-छात्राओं के लिए निबंध प्रतियोगिता आयोजित की। प्रतियोगिता के तहत ममता प्रथम, निखिल द्वितीय, नवजोत तृतीय स्थान पर रहे। इस दौरान कार्यक्रम अधिकारी गुलाब सिंह, नवजोत, निखिल, हर्ष, रोहित, अंश, ममता, रिया, तमन्ना, तनू, प्रिया आदि मौजूद रहे। राजकीय इंटर कॉलेज होरावाला में एड्स दिवस पर संगोष्ठी आयोजित की गई।

## 23 दिन से वाहन समेत चालक लापता

विकासनगर। संदिग्ध परिस्थितियों में वाहन समेत चालक लापता हो गया है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत जीवनगढ़ निवासी एक व्यक्ति ने चालक की गुमशुदगी की तहरीर डाकपत्थर चौकी में दी है।

तहरीर में जीवनगढ़ निवासी अरुण कुमार पुत्र जगमोहन सिंह ने बताया कि उसका बोलेरो वाहन मसूरी निवासी युवक सोनू किराए पर चलाता है। बीते 23 दिन से सोनू का कोई पता नहीं है और उसका मोबाइल फोन भी बंद है।

# 102 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

विकासनगर। सहसपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो युवकों को स्मैक के साथ गिरफ्तार किया है। बरामद स्मैक की अनुमानित लागत आठ लाख रुपये बताई जा रही। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।जानकारी के अनुसार गुरुवार रात को सभावाला क्षेत्र में चेकिंग के दौरान एक स्विफ्ट डिजायर कार में दो संदिग्ध सफर करते मिले। पुलिस द्वारा कार को रोक कर तलाशी ली गई तो उनसे 102.50 ग्राम स्मैक की गई। पूछताछ करने पर आरोपियों ने नाम जसवीर सिंह पुत्र महेंद्र सिंह



निवासी काशीपुर थाना पुरवाला जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश और अतुल कुमार पुत्र अजीत सिंह निवासी देवीनगर पांवटा साहिब जिला सिरमौर हिमाचल प्रदेश बताए। दोनों आरोपियों ने पुलिस को बताया कि वे स्मैक को बरेली से सस्ते दामों में लाए थे, जिसे देहरादून और सेलाकुई के शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले छात्रों और मजदूरों को बेचना था। इससे पहले भी वे दोनों कई बार इन क्षेत्रों में स्मैक बेच चुके हैं। दोनों आरोपियों में से एक जेसीबी चालक और दूसरा टैक्सी चालक है। दोनों ही आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया गया है। जबकि उनके वाहन को सीज कर दिया गया है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष गिरीश नेगी, एसआई रविंद्र सिंह यादव, एसआई विनोद राणा, कांस्टेबल मोहित राठी, गौरव चौधरी शामिल रहे।

## पीएम फसल बीमा योजना की दी जानकारी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** भाबर क्षेत्र के उत्तरी झंडीचौड़ में आयोजित बैठक में किसानों को पीएम फसल बीमा योजना की जानकारी दी गई।

पार्षद अमित नेगी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में बीमा योजना के दुगड्डा ब्लाक प्रभारी ओम नाथ ने किसानों को जानकारी देने के साथ ही फसलों का बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य अतिथि ब्लाक दुगड्डा किसान सलाहकार समिति के अध्यक्ष सुखपाल शाह ने कहा कि फसल का बीमा कराने से काश्तकार को दैवीय आपदा आने पर नुकसान का मुआवजा इंश्योरेंस कंपनी के माध्यम से मिलता है।

इसके लिए किसान को मामूली प्रीमियम जमा करना होता है। इसलिए सभी किसानों को फसल बीमा अवश्य करवाना चाहिए। इस अवसर पर शशि मोहन बिंजोला, गोविंद सिंह, धर्म चंद, संजय कुमार, जगदीश प्रसाद, धर्मपाल गुसाई, मुन्नी देवी और लाजवंती देवी सहित स्थानीय किसान मौजूद रहे।

# कोटद्वार में कैंप करेंगे डीएम, निर्माण कार्य में तेजी

## कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में बनाया गया है कैंप कार्यालय

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार।** अब कोटद्वार की जनता को जिलाधिकारी तक अपनी फरियाद पहुंचाने के लिए पौड़ी की दौड़ नहीं लगानी पड़ेगी। दरअसल, चर्चा यह है कि जिले के नवनियुक्त जिलाधिकारी आशीष चौहान प्रत्येक सप्ताह एक-दो दिन कोटद्वार में निवास करेंगे। इसके लिए युद्धस्तर पर कोटद्वार में निर्माणाधीन जिलाधिकारी कैंप आवास का निर्माण कार्य पूर्ण करवाया जा रहा है।

वर्ष 2019 में तत्कालीन जिलाधिकारी धीरज सिंह गर्ब्याल ने कोटद्वार में जिलाधिकारी कैंप आवास बनवाने की कवायद शुरू की।

पूरी तरह पहाड़ी शैली में बन रहे इस कैंप आवास के निर्माण की जिम्मेदारी लोक निर्माण विभाग की दुगड्डा इकाई को दी गई। दुगड्डा इकाई ने 2020 के अंत तक भवन कार्य पूर्ण कर दिया। लेकिन, इसके बाद मामला ठंडे बस्ते में चला गया। हाल ही में जनपद पौड़ी में तैनात हुए जिलाधिकारी आशीष चौहान ने अधर में लटके इस आवास की ओर नजरें इनायत की व कार्यदायी संस्था को अविलंब निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए।

नतीजा युद्धस्तर पर भवन निर्माण के बचे कार्य को पूर्ण किया जा रहा है।

### हटाई गई पेड़ की ठूंठ

करीब एक वर्ष पूर्व बदरीनाथ मार्ग जिलाधिकारी कैंप आवास के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे खड़ा एक सेमल का भारी वृक्ष जमींदोज हो गया था। एसडीआरएफ, राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग व नगर निगम ने संयुक्त रूप से पेट की टहनियों को हटाकर राष्ट्रीय राजमार्ग पर यातायात को सुचारू करवाया। लेकिन, राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे आमजन के लिए मुसीबत बन रही पेड़ की ठूंठ को हटाने की सुध किसी ने नहीं ली। नतीजा जिलाधिकारी के कैंप कार्यालय में आने की चर्चा ने बाद सरकारी सिस्टम ने पेड़ को ठूंठ को भी हटा दिया है। जबकि, स्थानीय जनता लगातार ठूंठ को उठाने की मांग करती रही।



कोटद्वार के बदरीनाथ मार्ग में जिलाधिकारी कैंप कार्यालय के बाहर से पेड़ की ठूंठ हाती जेसीबी

## नैनीडांडा में बहुउद्देशीय शिविर 7 को

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान के निर्देशन पर अगामी 7 दिसम्बर को जनपद के नैनीडांडा विकासखण्ड में बहुउद्देशीय शिविर का आयोजन किया जायेगा। जिसमें स्थानीय/क्षेत्रीय व्यक्तियों को केन्द्र व राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी/लाभ प्रदान किया जायेगा।

अगामी 7 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे विकासखण्ड नैनीडांडा प्रांगण में आयोजित होने वाले बहुउद्देशीय शिविर के संबंध में जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि आयोजन स्थल पर विभागीय स्टाल/प्रदर्शनी लगाते हुए शिविर में प्रतिभाग करें। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि शिविर में स्वास्थ्य कैम्प एवं कोविड वैक्सीनेशन बूस्टर डोज कैम्प लगवायें, जिससे बहुउद्देशीय शिविर में आए लोगों का स्वास्थ्य परीक्षण करने के साथ कोविड टीकाकरण किया जा सके।

# दो बदमाशों को किया जिला बदर



कोटद्वार में बदमाशों को जिला बदर करती पुलिस

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः नशा सहित अन्य अपराधिक घटनाओं में संलिप्त दो बदमाशों को कोतवाली पुलिस ने जिला बदर किया।

शुक्रवार को पुलिस ने लच्छमपुर कोटद्वार निवासी अंकित बिष्ट व सत्तीचौड़ निवासी राकेश के खिलाफ जिला बदर की कार्रवाई की। वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला के नेतृत्व में टीम ने दोनों बदमाशों को कौड़िया चैक पोस्ट पार करवाया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विजय सिंह ने बताया कि शहर को नशा मुक्त बनाने के लिए पुलिस गंभीरता से कार्य कर रही है। स्मैक सहित अन्य अवैध नशे में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई हो रही है। इसी के तहत जिन बदमाशों पर नशा व अन्य आपराधिक गतिविधियों के मुकदमें दर्ज हैं उन्हें जिला बदर किया जा रहा है।

# विद्यार्थियों को सिखाए व्यापार के गुर



हिमालयन स्कूल आफ साइंस एंड टेक्नोलोजी में विद्यार्थियों को संबोधित करते अतिथि

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** होंडा कंपनी के वाइस प्रेसिडेंट प्रवीण नौटियाल ने हिमालयन स्कूल आफ साइंस एंड टेक्नोलोजी तोली के विद्यार्थियों को व्यापार के गुर सिखाए। साथ ही उन्होंने छात्र–छात्राओं को इंडस्ट्री की जरुरतों से अवगत कराया।गुरुवार को आयोजित कार्यक्रम में छात्रों से रूबरू होते हुए प्रवीण नौटियाल ने अपना अनुभव साझा किया और इंडस्ट्री की जरूरतों को बताते हुए उन्हें सकारात्मक रूप से प्रेरित किया। कहा कि पहाड़ के युवाओं के लिए जीएचएसएसटी तोली वरदान साबित हो रहा है। यहां पर छात्र–छात्राएं गुणवत्तापरक उच्च शिक्षा ले रहे हैं। वर्तमान समय तकनीक का युग है। रोजाना नई तकनीक विकसित हो रही है। ऐसे में छात्र–छात्राओं को स्वयं को तकनीक को लेकर अपडेट रहना होगा। प्रधानाचार्य अरुण पांथरी ने बताया कि जीएचएसएसटी बैचलर ऑफ कंप्यूटर एप्लिकेशन, बीए/बीएससी इन योग साइंस एंड हॉलिस्टिक हेल्थ के अलावा सिविल, मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग में डिप्लोमा करवाता है। इससे छात्रों को नौकरी मिलने में आसानी रहती है। इस अवसर पर संस्थान की सभी फैकल्टी व छात्र–छात्राएं उपस्थित रहे।

## शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का किया स्वागत

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : राजकीय शिक्षक संघ की बैठक में गढ़वाल मंडल के सभी सात जिलों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियो का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इस दौरान पदाधिकारियो ने अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल से मुलाकात कर मंडल स्तरीय प्रकरणों को लेकर चर्चा की गई। शुक्रवार को शिक्षा संकुल में आयोजित बैठक में मंडलीय अध्यक्ष रविंद्र सिंह राणा, मंडलीय मंत्री डा. हेमंत पैन्यूली ने गढ़वाल मंडल के सभी सात जिलों के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। बैठक में गढ़वाल मंडल के अधिवेशन को लेकर भी चर्चा की गई। इस मौके पर राजकीय शिक्षक संघ के पदाधिकारी प्रदीप भंडारी, प्रकाश चौहान, बलराज गुसांई, बिजेंद्र बिष्ट, मनोज काला, नरेश भटट, दीपक कुमार, हरेंद्र सैनी, विकास शर्मा, दिलबर रावत, बुद्धि प्रसाद भटट, अर्जुन पंवार, बृजेश पंवार, पकंज ध्यानी, सुमनलता रावत, राजेश भटट, मनमोहन चौहान, जयदीप रावत, राकेश पोखरियाल, रघुराज चौहान, देवेंद्र सिंह रावत, अर्जुन राणा, सत्येंद्र राणा, मेहरबान भंडारी, विनोद यादव, जयकृत, गिरीश रावत आदि शामिल थे।

# सड़क पर उतरी पीएसी, सामान लेकर दौड़े अतिक्रमणकारी

## गोखले मार्ग में फैले अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने दिखाई सख्ती

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** गोखले मार्ग में फैले अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस का अभियान दूसरे दिन भी जारी रहा। शुक्रवार को पुलिस व पीएसी की टीम ने मार्ग में पहुंचकर अतिक्रमणकारियों के खिलाफ कार्रवाई की। इस दौरान मार्ग पर अफरा-तफरी का माहौल देखने को मिला। अतिक्रमणकारी अपना सामान लेकर गलियों में दौड़ने लगी। अभियान के दौरान बीस अतिक्रमणकारियों के चालान काटे गए।

शुक्रवार सुबह पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश कोहली के नेतृत्व में पीएसी के जवान गोखले मार्ग में पहुंचे। मार्ग में अचानक पहुंची पुलिस व पीएसी की टीम को देख रेहड़ी व फड़ संचालक में अफरा–तफरी मच गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने कहा कि शहर में यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए गोखेल मार्ग को वन-वे बनाया गया है। ऐसे में अतिक्रमण के कारण वाहनों के संचालन में समस्या हो रही है।

अभियान के दौरान सड़क किनारे नाली के बाहर दुकान सजाने वाले बीस से अधिक अतिक्रमणकारियों के चालान काटे गए।

पुलिस क्षेत्राधिकारी गणेश कोहली व वरिष्ठ उपनिरीक्षक जगमोहन रमोला ने अतिक्रमणकारियों को मार्ग पर दोबारा अतिक्रमण न करने की सख्त चेतावनी दी।



कोटद्वार के गोखले मार्ग में अतिक्रमण हटाने पहुंची पुलिस व पीएसी के जवान।

## बूंखाल में मेला आज, तैयारियां पूरी

पौड़ी : जिले के राठ क्षेत्र के बूंखाल में होने वाले मेले को तैयारियां पूरी हो गई है। शनिवार को मेला आयोजित किया जाएगा। मेले को शांतिपूर्व संपन्न करवाने को लेकर प्रशासन ने भी मंदिर समिति व ग्रामीणों के साथ बैठक कर सहयोग की अपील की है। मेले में स्वास्थ्य मंत्री डा.धन सिंह रावत भी हिस्सा लेंगे। मेले में स्वास्थ्य शिविर का भी आयोजन किया जाएगा। बलि निषेध मां बूंखाल कांलिका मंदिर मेला समिति के अध्यक्ष गजे सिंह, उपाध्यक्ष प्रेम सिंह ने बताया कि मेले को शांतिपूर्वक करवाने को लेकर बैठक में कई निर्णय लिए गए है। बताया कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि मंदिर परिसर में कोई भी श्रद्धालु लाठी-डंडों व हथियार के साथ प्रवेश नहीं करेगा। शांति व्यवस्था के लिए मंदिर परिसर में पुलिस भी तैनात रहेगी। मेले को शांतिपूर्वक करवाने को लेकर प्रशासन को पूरा सहयोग किया जाएगा।

## स्वास्थ्य शिविर में छात्राओं ने कराया उपचार

पौड़ी : डा. शिवानंद नौटियाल राजकीय महाविद्यालय वेदीखाल में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने सभी बीमारियों से संबंधित उपचार हेतु सलाह एवं मेडिकल ट्रीटमेंट दिया। इस दौरान महाविद्यालय के प्राचार्य डा. देवेश प्रसाद भट्ट ने कहा कि अधिकांश छात्राएं यहां पर बहुत दूर-दूर क्षेत्रों से इस महाविद्यालय में आती हैं तथा अनेकों क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाएं ना के बराबर हैं। ऐसे छात्राएं किस प्रकार से अपना उपचार सुगमता से कर सके इसके लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीरोंखाल से संपर्क बनाकर शिविर का आयोजन किया गया था। शिविर में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण कर उचित दवाइयों का भी निःशुल्क वितरण किया गया।

# ओवरलोडिंग पर सख्ती, स्कूलों को भी हिदायत

## यातायात पुलिस ने कौड़िया–मोटाढांक रोड पर चलाया अभियान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वारः शहर में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ यातायात पुलिस ने सख्ती दिखाना शुरू कर दिया है। पुलिस टीम ने कौड़िया–मोटाढांक रोड में पहुंचकर ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाया। अभियान के दौरान स्कूल की भी तलाशी की गई। पुलिस ने स्कूल संचालकों को बसों में क्षमता से अधिक बच्चों को नहीं बैठाने की हिदायत दी।

यातायात निरीक्षक शिव कुमार के नेतृत्व में अभियान चलाया गया। यातायात टीम ने कौड़िया–मोटाढांक मार्ग पर दौड़ रहे माल वाहक वाहनों को रोककर उनके कागजों की जांच की। इस दौरान ओवरलोड वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की गई। साथ ही दोपहिया वाहनों में हेलमेट न लगाने वाले चालकों के खिलाफ भी कार्रवाई हुई। अभियान के दौरान टीम ने स्कूल बसों को रोककर उसमें बैठे बच्चों की गणना भी की। यातायात निरीक्षक ने स्कूल के शिक्षक व अन्य स्टाफ को बसों में ओवरलोडिंग न करने की हिदायत दी। कहा कि बच्चों की सुरक्षा को लेकर विद्यालयों को भी गंभीर होना होगा। यदि किसी भी स्कूल बस में क्षमता से अधिक बच्चे मिलते है तो उस वाहन को सीज किया जाएगा। अभियान के दौरान दोपहिया वाहन चालकों को भी यातायात के नियमों का पालन करने की अपील की गई।



कोटद्वार में ओवरलोड वाहनों के खिलाफ अभियान चलाती यातायात पुलिस

## नशे का सामान बेचने पर होगी कार्रवाई

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जनपद को नशामुक्त बनाने को लेकर पुलिस सतर्क नजर आ रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के सख्त निदेर्शों के बाद पुलिस अभियान चलाकर दुकानों में नशे से संबंधित सामान नहीं बेचने की हिदायत व्यापारियों को दे रही है। अब नशे का सामान बेचने पर व्यापारियों के खिलाफ कार्रवाई होगी।

एसएसपी श्वेता चौबे ने जिले को नशामुक्त बनाने को लेकर सभी थाना प्रभारियो को नशे का व्यापार करने के सख्त निर्देश दिए है। एसएसपी के निर्देश पर पौड़ी कोतवाली प्रभारी गोविंद कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शहर में मेडिकल स्टोर, परचून की दुकानों, पान की दुकानों पर नशे में प्रयोग होने वाली सामग्री की जानकारी। पुलिस ने सभी दुकानदारों को नशे से होने वाले दुष्प्रभाव के संबंध में जागरूक किया। इस दौरान पुलिस ने दुकानदारो से नशे से संबंधित सामग्री को ना बेचने के कड़े निर्देश दिए। गत गुरूवार को श्रीनगर पुलिस ने अभियान चलाकर 18 दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की थी।

# डीएम ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी :** जिलाधिकारी डॉ. आशीष चौहान ने छतरीधार स्थित ईवीएम वेयर हाउस का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वेयर हाउस के आउटसाइट किये जा रहे अतिरिक्त निर्माण कार्य, लाइट फिटिंग, सीसीटीवी कैमरा निगरानी प्रणाली, डबल लॉक, एफएलसी, फर्श पर स्मूथली आवागमन होने का जायजा लिया।

जिलाधिकारी ने वेयर हाउस के फ्रंट साइट किसी भी तरह का अतिरिक्त निर्माण कार्य ना करने के निर्देश देते हुए कहा कि भवन का फ्रंट साइट खुला व साफ-सुथरा हो। साथ ही उन्होंने ऊपरी मंजिलों में जाने वाली सीढ़ियों को स्मूथली बनाने के निर्देश दिये।

डीएम ने डबल लॉक व अन्य महत्वपूर्ण स्टोर-रूम के लॉक को भविष्य में सील करते समय बेहतर तरीके से सिलिंग करने के निर्देश अधिकारियों को दिये। इस दौरान अपर जिलाधिकारी ईला गिरी, सहायक निर्वाचन अधिकारी राजेंद्र सिंह अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।



डीएम डॉ. आशीष चौहान ने ईवीएम वेयर हाउस का स्थलीय निरीक्षण करते हुए।

## छात्राओं को दी आधुनिकता की जानकारी

हल्द्वानी। महिला डिग्री कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में शुक्रवार को अतिथि व्याख्यान आयोजित किया गया। जिसमें रुद्रपुर डिग्री कॉलेज के प्राध्यापक डॉ. मनोज पांडे ने अतिथि वक्ता के रूप में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध छात्राओं को मॉडर्निज्म (आधुनिकता) और पोस्ट मॉडर्निज्म (उत्तर आधुनिकतावाद) की जानकारी पीपीटी के माध्यम से दी। साथ ही उस समय के प्रमुख लेखकों और उनकी प्रसिद्ध रचनाओं के बारे में भी बताया। व्याख्यान के बाद छात्राओं ने प्रश्न पूछकर अपनी जिज्ञासाएं भी शांत कीं। यहां अंग्रेजी एसोसिएशन की अध्यक्ष शिवानी कार्की, डॉ. ललिता जोशी, डॉ. विभा पांडे, डॉ. कुलदीप रस्तोगी, छात्रा प्रियंका जोशी, आशिया मौजूद रहे।

# मंच ने उठाई मांग, हल्दूखाता में जल्द शिफ्ट करें ट्रेंचिंग ग्राउंड

### शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर नागरिक मंच ने की बैठक

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वारः** शहर की विभिन्न समस्याओं को लेकर नागरिक मंच की ओर से बैठक आयोजन की गई। इस दौरान सदस्यों ने गाड़ीघाट में संचालित हो रहे ट्रेंचिंग ग्राउंड को जल्द हल्दूखाता में शिफ्ट करने की मांग उठाई। कहा कि जन समस्याओं के निराकरण को सरकारी सिस्टम को गंभीरता से कार्य करना होगा।

शुक्रवार को नागरिक मंच की मासिक बैठक आयोजित की गई। वक्ताओं ने कहा कि पर्वतीय क्षेत्र में लगातार जंगली जानवरों का आतंक बढ़ता जा रहा है। आए दिन ग्रामीण गुलदार व अन्य जंगली जानवरों का निवाला बन रहे हैं। ऐसे में सरकार को मानव वन्य जीवन संघर्ष रोकन के लिए गंभीरता से कार्य करना चाहिए। बैठक में कोटद्वार से मसूरी-हावड़ा एक्सप्रेस का संचालन करने, सिद्धबली एक्सप्रेस की स्पीड बढ़ाने, नगर निगम में बंद पुस्तकालय को दोबारा संचालित करने, जिला पंचायत अध्यक्ष व ब्लाक प्रमुख का चुनाव भी जनता के माध्यम से करवाने, सनेह क्षेत्र में प्रस्तावित राष्ट्रीय राजमार्ग का विस्तार मंडी समिति तक करने, आवारा पशुओं के आतंक से निजात दिलवाने, मेडिकल कालेज का निर्माण करवाने की भी मांग उठाई गई। इस मौके पर महावीर सिंह रावत, अतुल भट्ट, हर्षवर्धन ध्यानी, रमेश कोठारी, हरीश चंद्र भदोला, विद्या सागर त्यागी, शंकर दत्त गौड़, राजेंद्र प्रसाद कोटनाला आदि मौजूद रहे।

# बैतडी में छात्रा की वाहन से टकराने से मौत, क्षेत्र में तनाव, 12 छात्र नेता गिरफ्तार



पिथौरागढ़ : बैतड़ी की एक छात्रा की धनगढ़ी में वाहन से टकरा जाने से मौत हो गई। इस घटना से वहां तनाव पैदा हो गया है। नेपाल पुलिस ने गुस्साए छात्रों की आगजनी करने के बाद 12 छात्र नेताओं को गिरफ्तार किया है। छात्रों के आंदोलन को देखते हुए दो दिन तक धनगढ़ी में कर्फ्यू लगाने का आदेश दिया गया है।

बैतड़ी की चेतना साउद्द उम्र 15 वर्ष पुत्री गणेश साऊद पंचोदय माध्यमिक विद्यालय हसनपुर में कक्षा 8 वीं की छात्रा थी। शुक्रवार करीब दस बजे स्कूल जाते हुए पीपल चौराह दोवाट सड़क पर डामरीकरण में लगे वाहनों की चपेट में आ जाने से उसकी मौत हो गयी। जिला प्रहरी कार्यालय के प्रवक्ता वेद प्रकाश जोशी ने बताया की धनगढ़ी उपमहानगर पालिका के तारा नगर के पास हो रहे डामरीकरण के लिए पानीपीच कर रहे कालिका कंस्ट्रक्शन वाहन से स्कूल की तरफ जाती किशोरी की टकराने से मौत हो गयी। उन्होंने कहा कि मामले में वाहन चालक को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस घटना से गुस्साए छात्र संगठनों ने पुलिस चौकी के नजदीक टायर जलाकर प्रदर्शन किया। उन्होंने स्याउल मोटर मार्ग को पूरी तरह से बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों को खदेड़ने के लिए पुलिस बल का प्रयोग करते हुए 12से अधिक छात्रों को हिरासत में लिया गया है। इस मामले में नेपाल के माओवादियों के अखिलक्रांति छात्र संगठन ने छात्रों की गिरफ्तारी के विरोध में जगह जगह पर आगजनी व चक्का जाम किया। जोशी ने बताया की मामले की गंभीरता को देखते हुए पूरे क्षेत्र में दो दिन तक सुबह 7 बजे से सांय 7 बजे तक कर्फ्यू लगा दिया गया है। (एजेंसी)

## कार ने वृद्धा को रौंदा

चम्पावत : बारात से अपने साथियों संग घर लौट रही एक महिला को बेकाबू कार ने रौंद दिया। गनीमत रही रही कि अन्य महिलाएं कार की चपेट में आने से बाल बाल बच गई। घायल महिला का उपचार उप जिला अस्पताल लोहाघाट में किया जा रहा है।शुक्रवार शाम के वक्त बलांई निवासी देवकी देवी (68) अपने साथ की छह महिलाओं के साथ बिशुंग क्षेत्र में हुई बारात से पैदल लोहाघाट बाजार की ओर आ रही थी। तभी पीछे से तेज गति से आ रही एक अल्टोकार ने देवकी को जोरदार टक्कर मार दी। जबकि साथ चल रही अन्य महिलाएं बाल बाल बच गई। घटना के बाद लोगों का जमावड़ा लग गया। लोगों ने घायल देवकी को उपजिला अस्पताल पहुंचाया। डॉ. छाया बोरा, डॉ.अमरीश कुमार ने घायल का उपचार किया और बताया कि घायल देवकी के सिर और हाथ में गंभीर चोटें लगी हैं।

# 9 राजस्व उपनिरीक्षक के हुए तबादले

पिथौरागढ़ : प्रशासन ने जनहित में देखते हुए राजस्व उप निरीक्षक क्षेत्रों में बदलाव किया है। 2 पटवारियों का स्थानांतरण उनके द्वारा किए गए आवेदन के आधार पर किया गया है।

एसडीएम अनुराग आर्या ने 9 राजस्व उप निरीक्षकों के कार्यक्षेत्र में बदलाव किया है। क्वीतड व मडसौन के राजस्व उप निरीक्षक दिंगबर सिंह को चमाली भेज दिया गया है। गौडिहाट व कोटली के राजस्व उप निरीक्षक हुकुम सिंह धामी को मजिरकांडा पट्टी के साथ गौडीहाट का अतिरिक्त प्रभार दिया है। मजिरकांडा व मूनाकोट पट्टी देख रहे गोपाल सिंह डीनिया को धनौडा पट्टी में भेज दिया है। दोली,धनौडा के उपनिरीक्षक मनोज कुमार को दोली के साथ मूनाकोट का चार्ज दिया गया है। चमाली व पुरान पट्टी के उपनिरीक्षक दीनदयाल शर्मा को गोगना के साथ पुराना का अतिरिक्त चार्ज दिया है। बंदा व मडमानले के राजस्व उपनिरीक्षक प्रवीण कुमार को अनुरोध पर मडसौन में नियुक्ति व क्वीतड का अतिरिक्त चार्ज दिया। पौण के राजस्व उप निरीक्षक रिशेंद्र सिंह सांमत को सुकौली का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है। गोगना व सुकौली के राजस्व उपनिरीक्षक करन पांगती को बंदा के साथ मडमानले का अतिरिक्त प्रभार दिया है। वहीं नैनीसैनी के उपनिरीक्षक जगमोहन द्विवेदी को नैनीसैनी के साथ कोटली पट्टी का चार्ज दिया है। (एजेंसी)

## छात्रों को संतुलित भोजन, व्यायाम व साफ-सफाई के लिए प्रेरित किया

पिथौरागढ़ : एलडब्लूएस कन्या इंटर कॉलेज में स्वस्थ भोजन व बेहतर जीवन को लेकर कार्यशाला हुई। इस दौरान चिकित्सकों ने छात्राओं को संतुलित भोजन, व्यायाम व साफ–सफाई रखने के लिए प्रेरित किया।

शुक्रवार को कार्यशाला का शुभारंभ जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने किया। उन्होंने कहा कि जीवन में शुद्ध, संतुलित, पोषण युक्त भोजन अपनाना चाहिए। कहा कि बेहतर भोजन करने से ही मानव की कार्यक्षमता बेहतर होती है। उन्होंने कहा कि अब जब लोग रोज बीमार होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। ऐसे में इस तरह की कार्यशालाओं की उपयोगिता बढ़ गई है। प्रो. सरोज वर्मा ने कहा कि वर्तमान में गुणवत्ताहीन भोजन से दूर रहकर हम बीमारियों से बच सकते हैं।

# वन विभाग ने पकड़ा आठ लाख का लीसा

चम्पावत : टनकपुर में वन विभाग को चेकिंग के दौरान बड़ी सफलता मिली है। पहाड़ से करीब 33 कुंतल लीसे की खेप को मैदान में सप्लाई करने की तस्करों की साजिश धरी की धरी रह गई। वन विभाग ने कैंटर से कुल 207 कनस्तर लीसा बरामद किया है। पकड़े गए लीसे की कीमत करीब आठ लाख रुपए बताई जा रही है।

शुक्रवार को चम्पावत से टनकपुर की ओर जा रहे कैंटर वाहन यूके 17सीए 1096 को बस्तिया वन चौकी पर कर्मचारियों ने हाथ देकर हाईवे किनारे लगाने को कहा। लेकिन वन कर्मियों को गच्चा देते हुए चालक ने कैंटर को चौकी के पास तेजी से भगा दिया। शक होने पर बस्तिया चौकी में तैनात कर्मचारियों ने ककराली गेट संपर्क कर वाहन को रोकने के लिए कहा। ककराली गेट पर पहुंचते ही वन विभाग की टीम ने कैंटर को घेर लिया और तलाशी ली तो कैंटर से 207 कनस्तर लीसा बरामद हुआ। जिसे देख वनकर्मी भी हैरान रह गए। वन विभाग की चेकिंग के दौरान मौका पाकर चालक फरार हो गया। टीम ने कैंटर समेत लीसे की खेप को कब्जे में लेकर सीज कर दिया है। शारदा रेंज के रेंजर महेश सिंह बिष्ट ने बताया कि बरामद लीसे की कीमत करीब आठ लाख के आस–पास हो सकती है। फरार हुए अज्ञात कैंटर चालक पर भारतीय वन अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। वन विभाग की टीम में बूम रेंजर गुलजार हुसैन, वन दरोगा महेश सिंह अधिकारी, वन दरोगा निर्मल चंद्र खुल्वे, गणेश पांडेय, योगेश जोशी, भाष्कर जोशी आदि रहे। (एजेंसी)

## जीआईसी सिंगाली के तीन छात्र राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए चयनित

पिथौरागढ़ : जीआईसी सिंगाली के तीन विद्यार्थियों का राष्ट्रीय विद्यालयी खेलकूद प्रतियोगिता के लिए चयन होने पर विद्यालय में खुशी मनाई। विद्यार्थियों का विद्यालय में फूलमालाओं के साथ स्वागत किया गया।

शुक्रवार को जीआईसी सिंगाली के छात्र सूरज चंद,विपिन पोखरिया, नितिन टम्टा का स्वागत किया गया। हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सूरज चन्द को हैमर व चक्का में गोल्ड, नितिन टम्टा को बांसकूद में गोल्ड, विपिन पोखरिया को हैमर में गोल्ड मेडल मिला। बेहतरीन प्रदर्शन करने पर तीनों का राष्ट्रीय प्रतियोगिता में चयन हुआ है। अन्य विद्यार्थियों पवन जेठी को बांसकूद में रजत, प्रिया व विनीता को तारगोला में रजत पदक प्राप्त मिला है। इस दौरान प्रधानाचार्य पूरन पंत, नीरज पंत, गोविंद भंडारी, ओमनारायण, गोविंद खडायत, मनमोहन पाटनी, दीपा पुनेठा, संजय कुमार, ललित भट्ट, बबीता कन्याल, ज्योति धामी, शक्ति चुफाल, तनुजा पंत मौजूद रहे। (एजेंसी)

## कराटे चैंपियनशिप में नेहा ने जीता रजत

चम्पावत : बनबसा की नेहा जोशी ने नॉर्थजोन कराटे चैंपियनशिप में रजत पदक जीतकर ऑल इंडिया इंटरजोन कराटे चैंपियनशिप में जगह बनाई है। मिनी स्टेडियम के कराटे कोच विजय रावत ने बताया कि नेहा ने गुरुवार को दिल्ली में आयोजित नॉर्थजोन कराटे चैंपियनशिप में उत्तराखंड टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए रजत पदक जीता है। जिसके बाद आगामी बाली ऑल इंडिया इंटरजोन कराटे चैंपियनशिप के लिए नेहा का चयन हुआ है। नेहा की इस उपलब्धि पर चम्पावत जिलाक्रीड़ा अधिकारी भुवन पंत, उप जिला क्रीड़ा अधिकारी चंदन बिष्ट , चेयरमैन रेनू अग्रवाल, जिला पंचायत सदस्य पुष्कर कापड़ी, कैलाश थपलियाल, हरीश जोशी, चंद्रशेखर ओली, रण बहादुर मल, संदीप पाठक, मोनू ठाकुर, महेश मुरारी, भरत सिंह भंडारी, शिव नारायण साहू, भोपाल दतङ्घ ने बधाई दी है। (एजेंसी)

# डीएम बोले जनता को सुगम यातायात मार्ग देना प्राथमिकता

बागेश्वर : जिलाधिकारी ने विभिन्न सड़कों का स्थलीय निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि शिकायत मिलने पर संबंधितों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।शुक्रवार को जिलाधिकारी अनुराधा पाल विवेकानंद बाइपास पहुंचीं।

उन्होंने बरसात के समय जल भराव से उत्पन्न होने वाली स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने ईई लोनिवि को निर्देश दिए कि क्षेत्र में जल भराव समस्या की शिकायतें आए दिन आती रहती हैं, इसलिए जल निकासी के लिए बेहतर प्लांन तैयार कर प्रपोजल बनाया जाए।

कहा कि अतिक्रमण किसी भी दशा में न हो इसे विभाग स्वयं देखे। साथ ही उन्होंने अतिक्रमणकारियों को चिह्नित कर नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके बाद वह गिरेछीना मोटर मार्ग पर थुनई और द्वारिकाछीना पहुंचीं। यहां उन्होंने थुनई के पास खोली–महेनिया बाइपास सडक पर आ रहे मलबे की जानकारी ली और अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों व लोगों से वार्ता करते हुए यथासंभव एलाइनमेंट बदलने की जरूरत हो तो उस दिशा में कार्य किया जाए। कहा कि आम जनता के सुगम यातायात के लिए मार्ग प्रशस्त करना हमारी प्राथमिकता होनी चाहिए। जिलाधिकारी ने द्वारिकाछीना में भू–स्खलन से आ रहे मलबे को हटाते हुए पानी निकासी का उचित प्रबंधन करने के निर्देश लोनिवि को दिए। इसके उपरांत जिलाधिकारी ने गिरेछीना मोटर मार्ग में हो रहे डामरीकरण की गुणवत्ता परखी। उन्होंने ईई को निर्देश दिए कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार कमी नहीं होनी चाहिए। इस दौरान उन्होंने कहा कि कार्य में समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। यहां ईई लोनिवि राजकुमार, एई बीसी जोशी आदि रहे। (एजेंसी)

## भाजपाईयों ने मिठाई बांटकर जताई खुशी

पिथौरागढ़ : महिलाओं को 30 प्रतिशत सरकारी नौकरी में क्षैतिज आरक्षण मुद्दे पर भाजपा महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने मिठाई बांटी। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक फैसला महिलाओं के सशक्तीकरण व संवर्द्धन में मील का पत्थर साबित होगा।

भाजपा कार्यालय में महिलाओं को 30 प्रतिशत सरकारी नौकरियों में आरक्षण विधयेक पास होने पर कार्यकर्ताओं ने खुशी मनाई। जिला पंचायत अध्यक्ष दीपिका बोहरा ने कहा कि महिलाओं के हित में यह बिल पास किया गया है जो स्वागत योग्य है। भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मीनू बिष्ट ने कहा महिलाओं को 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण का कदम प्रदेश में मातृशक्ति की आर्थिक और सामाजिक सहभागिता में बढ़ाने में सहायक होगा।

भाजपा सरकार महिलाओं के हित में कार्य कर रही है, जिससे महिलाओं का भरोसा राज्य सरकार पर और बढ़ गया है। इस दौरान भाजपा जिला महामंत्री प्रमिला बोरा, गीता पंत, जयश्री गिरी, कमला कोहली, सुशीला उपाध्याय मौजूद रहे। (एजेंसी)

# वन विभाग ने की पालिका की ट्रैक्टर ट्राली सीज



चम्पावतः वन भूमि पर कूड़ा कचरा डालते हुए वन विभाग की टीम ने नगरपालिका की ट्रैक्टर ट्रॉली को सीज किया है। वन विभाग ने पालिका पर कार्रवाई करते हुए वन अधिनियम के तहत अज्ञात पर मुकदमा दर्ज किया है।

शुक्रवार को वन विभाग की टीम गश्त पर निकली थी। रेंजर महेश सिंह बिष्ट ने बताया कि शा-रदा टापू संख्या 13 में आरक्षित वन भूमि पर पालिका का ट्रैक्टर ट्राली वाहन प्लास्टिक का कचरा डाल रहा था। मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने ट्रैक्टर ट्राली को सीज कर लिया। जबकि मौके से चालक फरार हो गया। वन विभाग ने वाहन को सीज कर वन अधिनियम के तहत अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। कहा कि कोई भी आरक्षित वन भूमि में हस्तक्षेप करने का प्रयास करेगा तो संबंधित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। वहीं नगरपालिका के ईओ भुपेंद्र प्रकाश जोशी का कहना है कि नोटिफिकेशन के आधार पर शारदा टापू तक कूड़ा डाले जाने के आदेश मिले थे। मामले का पता लगाया जाएगा। वन विभाग की टीम में वन दरोगा महेश सिंह अधिकारी, मुनीश राणा, तृप्ति धुनियाल, कौशल कश्यप, राम कुमार आदि रहे। (एजेंसी)

## युवक को झूठी सूचना देने पड़ा भारी

बागेश्वर : पुलिस को झूठी सूचना देने पर एक आरोपी के विरुद्ध कार्रवाई हुई है। बघर गांव निवासी बलवंत सिंह पुत्र नेत्र सिंह ने 112 पर कॉल की। बताया कि वह तोली गांव में आयोजित मेले में गया है। उसके साथ मारपीट हो रही है। जिस पर पुलिस सक्रिय हो गई। दलबल के साथ टीम घटना स्थल पहुंची। सूचना देने वाला नशे में था। उसके साथ कोई मारपीट नहीं हो रही थी। थानाध्यक्ष प्रताप सिंह नगरकोटी ने बताया कि आरोपी को हिरासत में लिया गया। उसके विरुद्ध पुलिस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। (एजेंसी)

# राज्य स्तरीय एथलेटिक्स में बागेश्वर के खिलाड़ियों ने जीते स्वर्ण और रजत पदक

बागेश्वर : शिक्षा विभाग के तत्वाधान में हल्द्वानी में आयोजित राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में बागेश्वर की खिलाड़ी छाए रहे। खिलाड़ियों ने विभिन्न प्रतियोगिता में स्वर्ण से लेकर रजत पदक प्राप्त किए। विद्यालय पहुंचने पर खिलाड़ियों का जोरदार स्वागत किया।शुक्रवार को जिला खेल समन्वयक कमलेश तिवारी ने बताया कि 28 से 30 नवंबर तक आर्यमान बिडला मंदिर हल्द्वानी में राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता हुई। इसमें भाला फेंक में राइंका गरुड़ की कृतिका बोरा ने स्वर्ण, 3000 मीटर वॉक रेस में इंका गागरीगोल की निशा नेगी ने रजत, शॉट फुट में इसी विद्यालय क करन थायत ने रजत, 3000 मीटर रेस में राइंका कपकोट की तनुजा दानू ने कांस्य तथा चक्का फेंक में राउमावि गोगिना की हेमा आर्या ने कांस्य पदक जीता है। कृतिका राष्ट्रीय स्तर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेगी। यहां पहुंचने पर खिलाड़ियों का स्वागत किया गया। इस उपलब्धि पर कैबिनेट मंत्री चंदन राम दास, कपकोट विधायक सुरेश गड़िया, जिपं अध्यक्ष बसंती देव, नगर पालिकाध्यक्ष सुरेश खेतवाल, डीएएम अनुराधा पाल, मुख्य शिक्षा अधिकारी गजेंद्र सोन ने खुशी जताई है। टीम के साथ राजेंद्र बिष्ट, कुंदन कालाकोटी, ललित नेगी, ललित बघरी, दीपक प्रकाश, बलवंत कोरंगा, लता डसीला, गीता वर्मा, भुवन बोरा आदि रहे। (एजेंसी)

## खाई में गिरी कार

बागेश्वर : कमेड़ीदेवी चौकी पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत पठक्युड़ा सड़क पर गोलू मंदिर के पास एक कार 250 मीटर खाई में गिर गई। इस हादसे में जगदीश चंद्र जोशी पुत्र पूरन चंद्र जोशी घायल हो गए। पड़ोसी प्रकाश कुमार ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना के बाद पुलिस व 108 मौके पर पहुंची।

# 29 पेयजल योजनाओं के लिए जल संस्थान को 68.86 लाख अवमुक्त



हल्द्वानी। कुसुमखेड़ा और हल्द्वानी शहर क्षेत्र के बड़े हिस्से में पेयजल व्यवस्थाओं को सुदृढ़ बनाने का काम जल्द शुरू होगा। करीब 29 योजनाओं के लिए नगर निगम ने 1.72 करोड़ रुपये के सापेक्ष 68.86 लाख रुपये की धनराशि जल संस्थान को अवमुक्त कर दी है।

विधायक प्रतिनिधि विकास भगत ने बताया कि कुसुमखेड़ा और हल्द्वानी नगरीय क्षेत्र के बड़े हिस्से में पेयजल सुदृढ़ीकरण की आवश्यकता थी। ताकि स्थानीय जनता को पीने के पानी की समस्या से दो–चार न होना पड़े। कुसुमखेड़ा पेयजल योजना के तहत श्री मंगलम विहार छड़ायल नयाबाद, भगवानपुर तल्ला एकता विहार, सूर्या विहार छड़ायल नयाबाद समेत हल्द्वानी नगरीय क्षेत्र की 29 अन्य योजनाओं के लिए कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और मेयर हल्द्वानी डॉ. जोगेंद्र रौतेला के प्रयासों से 1 करोड़ 72 लाख की धनराशि स्वीकृत हुई है। जिसके सापेक्ष प्रथम किश्त की 68.86 लाख की धनराशि जल संस्थान को जारी की गई है। विधायक प्रतिनिधि ने बताया कि निगम क्षेत्र में आने वाले बड़े क्षेत्रफल में पेयजल सुदृढ़ीकरण एवं लाइन बिछाने का कार्य जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने कालाढूंगी विधायक बंशीधर भगत और मेयर डॉ. जोगेंद्र रौतेला का आभार जताया है।

## संध्या फेरी का भक्तों ने पुष्प वर्षा से किया स्वागत

हल्द्वानी। दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान की ओर से चौथे दिन की संध्या फेरी शुक्रवार को श्री खाटू श्याम मंदिर, मुखानी रोड से निकाली गई। फेरी में करीब 250 श्रद्धालुओं ने भाग लिया। फेरी में श्रद्धालुओं ने श्रीकृष्ण जी के भजन गाए। पदयात्रा करते हुए भक्त शहर के विभिन्न स्थानों से गुजरे व सभी श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा करते हुए उनका स्वागत किया। विशेष अतिथियों ने ज्योति प्रज्ज्वलित कर संध्या फेरी का शुभारंभ किया। साध्वी सविता भारती ने कहा कि सच्चा धर्म, सच्चा संप्रदाय वही है जो हमारे भीतर शुद्ध आध्यात्मिकता को विकसित एवं पोषित करें।

# मुरादाबाद से दैना पहुंचे शिकारी, आदमखोर गुलदार की तलाश शुरू



अल्मोडाः रानीखेत तहसील के सुदूरवर्ती दैना गांव में वृद्ध को निवाला बनाने वाला गुलदार तीन दिन बाद भी पिंजरे में नहीं फंस पाया है। हालांकि गुलदार के आदमखोर घोषित होने के बाद वन विभाग ने उसे ढेर करने की पूरी तैयारी कर ली है। शुक्रवार को मुरादाबाद से शिकारी भी गांव पहुंच गए हैं। उन्होंने ड्रोन कैमरे की मदद से भी गुलदार की तलाश की। इधर, वन विभाग की ओर से एक अन्य पिंजरा भी गांव के पास लगाया जा रहा है।

बीते मंगलवार को दैना गांव में गुलदार ने 65 वर्षीय मोहन राम को मार डाला था। वन विभाग की तरफ से गांव के पास पिंजरा लगाने के साथ गुलदार की मूवमेंट पर नजर रखने के लिए कैमरा ट्रैप लगाए हैं। लेकिन गुलदार की मूवमेंट नहीं मिल पाई है। वन क्षेत्राधिकारी मनोज कुमार लोहनी ने बताया कि पिंजड़े के आसपास गुलदार के फूट प्रिंट मिले हैं। इधर, गुलदार के आमदखोर घोषित होने के बाद विभाग ने उसे मारने की कार्रवाई भी तेज कर दी है। मुरादाबाद से शिकारी संजीव सुलेमान को दैना बुला लिया है। शिकारी के लिए मचान तैयार किया जा रहा है। साथ ड्रोन उड़ाकर भी गुलदार की मूवमेंट का पता लगाने का प्रयास किया गया, हालांकि इसमें सफलता नहीं मिल पाई। वन विभाग की एक टीम लगातार गश्त भी कर रही है। एक दूसरा पिंजरा भी गांव के पास लगा दिया है। रेंज ऑफीसर ने कहा कि गुलदार को पिंजरे में कैद करने के प्रयास किए जा रहे हैं, सफलता नहीं मिलने पर आदमखोर को जल्द ही ढेर कर दिया जाएगा। (एजेंसी)

# खो–खो और वॉलीबाल में हल्द्वानी बना विजेता



हल्द्वानी। खेल एवं युवा कल्याण विभाग का जिला स्तरीय खेल महाकुंभ शुक्रवार को भी जारी रहा। दूसरे दिन खो–खो, वॉलीबाल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस और बैडमिंटन प्रतियोगिता कराई गई। बालिका वर्ग की खो–खो में रामनगर और बालक वर्ग में हल्द्वानी विजेता बना। वहीं वॉलीबाल के बालक और बालिका वर्ग में हल्द्वानी की टीमें विजेता बनीं।

बद्रीपुरा स्थित स्पोर्ट्स स्टेडियम में प्रतियोगिता के बालक वर्ग के अंडर–17 एकल बैडमिंटन में रामनगर के समन्यु लटवाल तो युगल वर्ग में हल्द्वानी के नीलांश भट्ट और शिवांश कार्की की जोड़ी विजेता बनी। जबकि हल्द्वानी के अभय बाफिला और रामनगर के आदित्य नेगी की जोड़ी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, अंडर–17 खो–खो बालिका वर्ग में हल्द्वानी व बालक वर्ग में रामनगर उपविजेता रहा। वॉलीबाल बालिका वर्ग में कोटाबाग व बालक वर्ग में रामनगर उपविजेता बना। इस मौके पर जिला युवा कल्याण अधिकारी प्रतीक जोशी, डीएन कांडपाल, अनिल थुवाल, कीर्ति वर्मा, ईश्वर सिंह, दीपक पांडे, प्रकाश चौसाली, हेमा सूर्या, नीरज नयाल, दिवाकर, महेंद्र लाल, मदन लाल, सुरेश लाल आदि मौजूद रहे।

## समस्याओं को लेकर एडीएम से मिली प्रधान राधा कुल्याल

भीमताल। जंगलियागांव की समस्याओं को लेकर शुक्रवार को ग्रामीणों ने प्रधान राधा कुल्याल के नेतृत्व में एसडीएम शिवचरण द्विवेदी को ज्ञापन सौंप समस्याओं का निस्तारण करने की मांग की। प्रधान राधा कुल्याल ने बताया कि अप्रैल में सीएम का ज्ञापन सौंपकर समस्याओं से अवगत कराया गया। इस पर उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के निस्तारण के निर्देश दिए थे। कई बार अधिकारियों के समक्ष समस्याओं को रखने के बावजूद हल नहीं निकल सका। सात माह बीत जाने के बाद भी कोई का-र्रवाई नहीं हुई। प्रधान ने एडीएम से सकारात्मक हल की मांग की।

# कोटाबाग सीएचसी में हुआ आशा जन संवाद कार्यक्रम

नैनीताल। सीएचसी कोटाबाग में शुक्रवार को कम्युनिटी एक्शन फॉर हेल्थ के तहत ब्लॉक स्तरीय आशा संवाद कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कालाढूंगी विधायक प्रतिनिधि मयंक तिवारी, कुलदीप तड़ियाल, बीडीओ श्याम चंद का प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. ऐश्वर्या कांडपाल ने पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया।

कार्यक्रम में आशाओं को टीवी रोगियों की पहचान व उपचार, बिंदु–तंबाकू मुक्त उत्तराखंड अभियान जागरूकता, आशा कार्यप्रणाली, गर्भवती महिलाओं का संस्थागत प्रसव, शिशु स्वास्थ्य देखभाल, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम, किशोर किशोरियों को परामर्श देना आदि बिंदुओं पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कोटाबाग सीएचसी की 66 आशाएं मौजूद रहीं। इस मौके पर पूनम कठायत, अंजु बुढलाकोटी, लक्ष्मीकांत, राधे कांत, प्रदीप भट्ट मौजूद रहे।

## नगर आयुक्त ने वार्ड 5 का निरीक्षण किया

हल्द्वानी। सफाई कर्मियों के लिए नगर आयुक्त ने नियमित 8 घंटा ड्यूटी करने का आदेश जारी किया है। ऐसे में शुक्रवार को नगर आयुक्त पंकज उपाध्याय शाम के समय वार्ड 5 का औचक निरीक्षण करने पहुंचे। उन्होंने वार्ड में तैनात सफाई कर्मियों की मौजूदगी व व्यवस्था को देखा। निरीक्षण के दौरान वार्ड में तैनात 17 सफाई कर्मियों में से तीन के छुट्टी पर होने की सूचना मिली। साथ ही तीन कर्मचारी समय से पहले ही ड्यूटी से लौट गए। शेष 11 कर्मी वार्ड क्षेत्र में काम करते नजर आए। नगर आयुक्त उपाध्याय ने सफाई कर्मियों से अपील की है कि वे नियमित 8 घंटे ड्यूटी करें।

# डीएम ने लिया निर्माणाधीन विकास कार्यों का जायजा

## गुणवत्ता के साथ निर्माण कार्य समय पर पूरा करने को कहा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

रूद्रप्रयाग : जनपद रुद्रप्रयाग पर्यटन की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। जनपद में आने वाले पर्यटकों एवं स्थानीय लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जनपद मुख्यालय के अंतर्गत जवाड़ी बाईपास पर निर्माणाधीन पार्क एवं व्यू प्वाइंट तथा संगम घाट में चल रहे निर्माण कार्यों का जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने शुक्रवार को संबंधित अधिकारियों के साथ जायजा लिया। डीएम ने संबंधित कार्यदायी संस्थाओं को समयबद्धता एवं गुणवत्ता के साथ कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण से पूर्व जिलाधिकारी ने रुद्रनाथ मंदिर के दर्शन कर पूजा-अर्चना की एवं जनपद की प्रगति एवं खुशहाली की कामना की। इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा श्री 108 सच्चिदानंद वेद भवन संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों से भी मुलाकात की। इस अवसर पर डीएम ने संगम बाजार में संचालित आंगनवाड़ी केंद्र का भी निरीक्षण किया।



जिलाधिकारी ने कार्यदायी संस्था ग्रामीण निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए गए कि घाट के निर्माण हेतु जो भी कार्य अवशेष हैं जिसमें सीढ़ियों का चौड़ीकरण, चैंजिंग रूम का मरम्मत कार्य, रैलिंग, टाइल एवं प्लास्टर के अवशेष कार्यों को यथाशीघ्र गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें, ताकि घाट पर आरती करने वाले स्थानीय लोगों एवं आने वाले पर्यटकों को इसका लाभ उपलब्ध हो सके। अधिशासी अभियंता हितेश पाल ने जिलाधिकारी को बताया कि घाट में आरती मंच के निर्माण के लिए एक करोड़ 2 लाख 85 हजार की धनराशि स्वीकृत हुई है, जिसमें से निर्माण कार्य पूर्ण किया जा चुका है एवं प्लास्टर, रैलिंग एवं टाइल का कार्य गतिमान है। उन्होंने कहा कि जनवरी, 2023 के अंत तक चल रहे कार्यों को पूर्ण कर लिया जाएगा।

जिलाधिकारी ने जवाड़ी बाईपास में पर्यटन विभाग द्वारा बनाए जा रहे निर्माण कार्य का भी स्थलीय निरीक्षण कर चल रहे कार्यों की जानकारी प्राप्त की। कार्यदायी संस्था के अधिशासी अभियंता ने बताया कि पार्क के लिए 95 लाख 42 हजार की धनराशि स्वीकृत हुई है जिसमें बच्चों, युवाओं एवं बुजुर्गों के लिए सभी आयु वर्ग को ध्यान में रखते हुए सभी के लिए पार्क में व्यवस्था की जा रही है, जिसमें बच्चों के लिए पार्क में झूलों की व्यवस्था, युवाओं के लिए जिम तथा बुजुर्गों के लिए योगा प्लेटफार्म तैयार किया जा रहा है। इसके साथ ही लगभग 80 से 100 लोगों के बैठने के लिए ओपन ईयर थियेटर भी बनाया जा रहा है। इसके अलावा पर्यटन की गतिविधियों के दृष्टिगत व्यू प्वाइंट, सेल्फी प्वाइंट एवं बैठने के लिए उचित व्यवस्था की जा रही है।

जिलाधिकारी ने पर्यटन विभाग द्वारा केंद्रीय वित्त पोषित प्रसाद योजना के तहत जीएमवीएन के समीप बनाए गए टूरिस्ट इंटरप्रीटिशियन सेंटर का निरीक्षण करते हुए जिला पर्यटन अधिकारी को निर्देश दिए हैं कि सेंटर के बेहतर संचालन के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि इस स्थान में बर्ड वॉचिंग के अलावा रुद्रप्रयाग एवं केदारनाथ के धार्मिक स्थलों की जानकारी एवं फोटोग्राफ्स भी इस स्थान पर प्रदर्शित किया जा सकता है। निरीक्षण के दौरान प्रभागीय वनाधिकारी अभिमन्यु, उप जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग अपर्णा ढौंडियाल, अधिशासी अभियंता लोनिवि जीत सिंह रावत, ग्रामीण निर्माण विभाग हितेश पाल सिंह, जिला पर्यटन अधिकारी सुशील नौटियाल, वन क्षेत्राधिकारी संजय कुमार, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सुशील कुमार कुरील सहित संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## होटल और ढाबों में शराब परोसने व नशीले पदार्थों की बिक्री पर होगी कार्रवाई

उत्तरकाशी : धरासू थाना के एसएचओ कमल कुमार लुंठी ने क्षेत्र के होटल, ढाबा संचालकों के साथ गोष्ठी कर नशे की अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए सहयोग की अपील की। उन्होंने होटल और ढाबों में शराब परोसने और नशीले पदार्थों की बिक्री पर कड़ी कार्रवाई की हिदायत दी।एसपी अर्पण यदुवंशी के निर्देशन में चल रहे नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत पुलिस लगातार नशे की अवैध गतिविधियों को लेकर सतर्क है। धरासू थानाध्यक्ष केके लुंठी ने होटल, ढाबा संचालकों के साथ गोष्ठी कर कहा कि होटल या ढाबों में शराब न परोसे। इससे बाजार का माहौल खराब होता है और कई बार लड़ाई झगड़े होने पर लोगों को बड़ा नुकसान उठाना पड़ता है। इसके अलावा उन्होंने दुकानों में नशीले पदार्थों की बिक्री पर नियमानुसार कठोर कानूनी कार्रवाई की हिदायत दी। होटल व ढाबों में काम करने वाले बाहरी व्यक्तियों का सत्यापन अनिवार्य रूप से कराने को कहा। उन्होंने कहा कि नशे से संबंधित अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस द्वारा जारी हेल्पलाईन नम्बर पर तत्काल दें। (एजेंसी)

# हर सपना संकल्प की ओर जाना चाहिएः राज्यपाल

देहरादून। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने यूनिवर्सिटी ऑफ़ पेट्रोलियम एंड एनर्जी स्टडीज़ में आयोजित 20वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि सम्बोधित करते हुए कहा कि हर सपना संकल्प की ओर जाना चाहिए। युवा अगर एक बार अपने विकल्प को संकल्प का रूप दे देंगे, तो उन्हें सफलता से कोई नहीं रोक पाएगा। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि 21 वीं सदी का तीसरा दशक उत्तराखण्ड का होने वाला है। उन्होंने कहा कि हम सब को यह तय करना है कि उत्तराखण्ड को 2025 में हम किस बुलंदी पर ले के जाएँगे। राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री जी द्वारा देश वासियों को कुछ संकल्प दिए गए हैं, जिनमें भारत को विकसित राष्ट्र बनाने, ग़ुलामी की मानसिकता से निकलने, भारत की विरासत पर गर्व करने के साथ ही एकता अखंडता के संकल्प शामिल हैं। राज्यपाल ने युवाओं से अह्वान करते हुए कहा कि वे इन संकल्पों को अवश्य पूरा करें। राज्यपाल ने कहा कि जब तक किसी व्यक्ति को अच्छी शिक्षा ना मिले तब तक वो अच्छा इंसान भी नहीं बन सकता है। राज्यपाल ने कहा कि छात्र हमेशा अच्छा करने की भावना से आगे बढ़ें। इस दौरान दीक्षांत समारोह में विभिन्न विषयों के 11 टॉपर्स छात्रों को गोल्ड मेडल, 65 छात्रों को सिल्वर मेडल व 14 छात्रों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। दीक्षांत समारोह में यूपीईएस के विभिन्न कोर्सेज़ के कुल 599 छात्र–छात्राओं को डिग्री प्रदान की गई। इस दौरान लेफ्टिनेंट जनरल तेजेंद्र सिंह शेरगिल (से नि) व दीपक सेठ को डॉक्टरेड की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया। यूपीईएस के 20वें दीक्षांत समारोह के दौरान राज्यपाल ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों में जो उत्साह नज़र आ रहा है उसमें यह बात तय है कि सभी विद्यार्थियों का भविष्य उज्ज्वल है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय उच्च गुणवत्ता के जिन तकनीक और मापदंडों के साथ आगे बढ़ रहा है।उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय रोबोटिक्स, आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस, ड्रोन तकनीक, वर्चुअल सिस्टम से भी आगे बढ़कर 3एम मेटा वर्ड की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय के रिसर्च के मापदंड भी उच्च स्तरीय हैं।राज्यपाल ने राज्य सरकार की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश के सभी 37 विश्वविद्यालय और 500 कॉलेजों को एक मंच पर लाने के लिए सरकार अच्छा प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इसका प्रत्यक्ष फ़ायदा तब होगा जब सभी विश्वविद्यालयों की बेस्ट प्रैक्टिस को अपनाया जाए, जिससे शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ेगी।

# मोबाइल नेटवर्क की समस्या से जरूरी कामकाज ठप



उत्तरकाशी : जनपद के सीमांत विकासखण्ड मोरी के गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र में निवास करने वाले करीब दस गांव में मोबाइल नेटवर्क की समस्या से ग्रामीण परेशान हैं। इंटरनेट कनेक्टिविटी के मौजूदा दौर में ग्रामीण नेटवर्क की समस्या के कारण अपने जरूरी कामकाज नहीं कर पा रहे हैं।

मोरी विकास खण्ड के गोविंद वन्य जीव विहार राष्ट्रीय पार्क क्षेत्र के लिवाडी, फिताडी, राला, कासला, रेकचा, हरिपुर, औसला, गंगाड, पंवाणी व ढाटमीर के लोग आज भी नेटवर्क कनेक्टिविटी से कोसों दूर हैं। ग्रामीणों को लोगों से संपर्क साधने के लिए गांव से 10 से 15 किलोमीटर की पैदल दूरी तय कर जखोल, सांकरी व मोरी मुख्यालय आना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि यदि जल्द क्षेत्र में नेटवर्क कनेक्टिविटी शुरु न हुई तो आन्दोलन के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

क्षेत्र के जगमोहन सिंह राणा, राजपाल सिंह रावत, महावीर सिंह राणा, जयचन्द सिंह रावत आदि ने बताया कि नेटवर्क की समस्या के चलते ग्रामीणों को भारी असुविधा हो रही है। जिससे लोगों के काम काज ठप पड़े हुए हैं। पुरोला विधायक दुर्गेश्वर लाल ने बताया कि मोरी क्षेत्र में जिन गांवों में नेटवर्क कनेक्टिविटी नहीं है। उनको चिन्हित कर लिया गया है, जल्द से जल्द सभी गांवों को नेटवर्क कनेक्टिविटी से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है। (एजेंसी)

## भाजपाइयों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन मनाया

रुडकी। भाजपा कार्यकर्ताओं ने केक काटकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा का जन्मदिन मनाया। इस अवसर पर भाजपा पूर्वी मंडल के अध्यक्ष अभिषेक चंद्रा ने सरकार की ओर से कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।कार्यक्रम संयोजक ओबीसी मोर्चा के प्रदेश मंत्री धीर सिंह ने कहा कि राज्य में महिलाओं को 30 प्रतिशत आरक्षण, धर्मांतरण विधेयक पास होना बड़ी उपलब्धि है। उन्होंने इसके लिए सरकार का आभार जताया।महिला मोर्चा की प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य सावित्री मंगला ने कहा कि सरकार ने महिलाओं को आरक्षण देकर उन्हें सशक्त बनाने का सराहनीय कार्य किया है। इस अवसर पर राजन अग्रवाल, संजीव त्यागी, सचिन कश्यप, आकाश गोयल, रमेश जोशी, अक्षय, अनिल गुप्ता, आदर्श गुप्ता, आशु वर्मा, दाताराम सिंह, नीरज अग्रवाल, अमित शर्मा, आलोक गोयल और विनीत आदि मौजूद रहे।

# शीत लहर के दौरान जरूरी स्थानों पर अलाव की व्यवस्था करें

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : जिलाधिकारी हिमांशु खुराना ने शुक्रवार को राज्य आपदा मोचन निधि एवं राज्य आपदा न्यूनीकरण के अन्तर्गत सुरक्षात्मक कार्यों की समीक्षा बैठक ली। डीएम ने बर्फवारी वाले क्षेत्रों में सड़कों को सुचारू रखने के लिए पर्याप्त संख्या में मशीन, मैनपॉवर की तैनाती, पाला गिरने वाले क्षेत्रों में साइनेज लगाने और शीत लहर के दौरान सभी जरूरी स्थानों पर अलावा की व्यवस्था करने को कहा।



जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि आपदा प्रबंधन के अन्तर्गत क्षतिग्रस्त परिसम्मपतियों की मरम्मत, पुर्निर्माण एवं आम जनमानस की सुरक्षा के दृष्टिगत विभागों द्वारा जो भी सुरक्षात्मक कार्य किए जाने हैं उनका प्रस्ताव तत्काल उपलब्ध करें। जिन विद्यालय भवनों, आंगनबाडी केन्द्र, एएनएम सेंटर एवं पंचायत भवन में मरम्मत की आवश्यकता है, उनके प्रस्ताव शीर्ष प्राथमिकता पर उपलब्ध करें।

सुरक्षात्मक कार्यों की स्वयं निगरानी करते हुए गुणवत्ता के साथ समय से कार्य पूरा करें। जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी ने बताया कि आपदा मोचन निधि के अन्तर्गत 312 तथा आपदा न्यूनीकरण के तहत 19 प्रस्ताव विभिन्न विभागों से उपलब्ध कराए गए है। कुछ विभागों के प्रस्ताव आने बाकी है। समिति द्वारा प्रस्तावों का परीक्षण किया जा रहा है। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा. एनएन मिश्र, अपर जिलाधिकारी डॉ. अभिषेक त्रिपाठी, डीडीओ सुमन राणा, डीडीएमओ एनके जोशी सहित सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबन्ध तथा कूड़ा निस्तारण एवं सेग्रिगेशन हेतु आवश्यक दिशा—निर्देश दिए

देहरादून। उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबन्ध हेतु पारित आदेशों के क्रियान्वयन की समीक्षा के सम्बन्ध आयुक्त गढवाल मण्डल सुशील कुमार ने अपने शिविर कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से गढवाल मण्डल के जिलाधिकारियों के साथ बैठक कर सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रतिबन्धत तथा कूड़ा निस्तारण एवं सेग्रिगेशन हेतु प्रभावी रणनाति के तहत् कार्य करने हेतु आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।आयुक्त गढवाल ने जिलाधिकारियों निर्देश दिए कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, जिला महाप्रबन्धक उद्योग केन्द्र, राज्य कर संग्रह, रेखीय विभागों के साथ समन्वय बैठक के करने तथा अपने क्षेत्र में निर्माता, आयातक एवं कम्पनी के स्वामियों को निर्देशित करें कि उनके उत्पादों के साथ यहां जो प्लास्टिक आ रहा है उसे एकत्रित कर वापस ले जाएं, ऐसा न किये जाने की दशा में माननीय न्यायालय के आदेशों एवं वर्णित प्राविधानों के अनरूप कड़ी कार्यवाही अमल में जाए। साथ ही नियमों का परिपालन न करने वाले औद्योगिक आस्थानों पर नियमानुसार कड़ी कार्यवाही की जाए। उन्होंने इसके लिए जिला प्रशासन, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, राज्य कर संग्रह एवं जिला उद्योग केन्द्र की टीमें बनाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही जिलाधिकारियों को निर्देशित किया माननीय न्यायालय के आदेशों का परिपालन न होने की दशा में सम्बन्धित अधिकारी उत्तरदायी होंगे। सिंगल यूज प्लास्टिक के विरूद्ध छापेमारी अभियान के साथ जनजागरूकता कार्यक्रम चलाने के निर्देश दिए।बैठक में आयुक्त गढवाल मण्डल सुशील कुमार ने गढवाल मण्डल के परिक्षेत्र के जिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि सिंगल यूज प्लास्टिक पर प्रभावी प्रतिबन्ध हेतु जिला प्रशासन, नगर निगम/नगर पालिका परिषद/नगर पंचायत समन्वय कर कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सिंगल यूज प्लास्टिक के उपयोग, भण्डारण एवं परिवहन पर प्रतिबन्ध के साथ ही अवैध परिवहन एवं भण्डारण पर भी नजर रखते हुए कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिलाधिकारियों को निर्देश दिए नगर क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र, वन पंचायत एवं वन क्षेत्र कितना कूड़ा एकत्रित होता है कि भी जानकारी प्राप्त करते हुए उसके सेग्रिगेशन की व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए।

## छात्रों को बताए सुरक्षा और बचाव के टिप्स

रुडकी। श्रीमती तारावती इंस्टीट्यूट ऑफ बायो मेडिकल एंड एलाइड साइंसेस में अधिकारियों ने छात्रों को सड़क पर चलते वक्त सुरक्षा और सतर्कता को लेकर जरूरी टिप्स दिए। उन्होंने कहा कि सड़क पर चलते समय कोई लापरवाही नहीं होनी चाहिए। यातायात के नियमों का पूरा पालन किया जाना चाहिए।

इंस्टीट्यूट में यातायात जागरूकता को लेकर कार्यक्रम में एआरटीओ (प्रवर्तन) कुलवंत सिंह चौहान और यातायात निरीक्षक अखिलेश कुमार ने कहा कि देश में हर साल पांच लाख सड़क दुर्घटनाएं होती है।

# मेडिकल कालेज के भूमि चयन की कार्यवाही शुरू

नई टिहरी : जिलाधिकारी डा. सौरभ गहरवार ने मौजूदगी में जनपद टिहरी गढ़वाल में मेडिकल कालेज स्थापित करने के लिए भूमि चयन की कार्यवाही शुरू की गई है।

कालेज स्थापन को लेकर आगामी 7 दिसंबर को विधायक टिहरी की मौजदूगी में डीएम वृहत बैठक भी लेंगे।

जिलाधिकारी ने सीडीओ मनीष कुमार, सीएमओ डा संजय, एसडीएम टिहरी अपूर्वा सहित सम्बंधित अधिकारियों के साथ भारत सरकार की गाइड लाइन के अनुसार मेडिकल कॉलेज के लिए भूमि चयन को राजकीय प्रताप इण्टर कॉलेज बौराड़ी, नई टिहरी पौधारोपण, केन्द्रीय विद्यालय नई टिहरी, एएनएम सेंटर सुरसिंहधार आदि स्थलों का स्थलीय निरीक्षण किया। भूमि चयन को लेकर सम्बंधित अधिकारियों को दिशा-निर्देश भी जारी किए। जिला चिकित्सालय के समीप स्थित राजकीय प्रताप इण्टर कॉलेज बौराड़ी के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कॉलेज परिसर व विद्युत विभाग के स्टोर आदि का सर्वत्र निरीक्षण कर एसडीएम टिहरी को इण्टर कॉलेज की ड्राइंग एवं प्लान उपलब्ध कराने के साथ ही जिला चिकित्सालय से लेकर राजकीय प्रताप इण्टर कॉलेज बौराड़ी तक के पूरे एरिया का ड्रोन करवाने के निर्देश दिए। वहीं नई टिहरी पौधरोपण, केन्द्रीय विद्यालय नई टिहरी, एएनएम सेंटर सुरसिंहधार आदि स्थलों को चेक कर रिपोर्ट उपलब्ध कराने के भी निर्देश अधिकारियों को दिए। इस दौरान सीएमओ डॉ. संजय जैन, डॉ. अमित सहित अन्य मौजूद रहे। (एजेंसी)


## सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पासपोर्ट में शिवकुमार दर्ज है, जबकि आधारकार्ड सहित अन्य दस्तावेजों में मेरा सही नाम शिव कुमार अग्रवाल दर्ज है। शिव कुमार व शिव कुमार अग्रवाल एक ही व्यक्ति है। भविष्य में मुझे शिव कुमार अग्रवाल नाम से जाना व पहचाना जाएं।

**शिव कुमार अग्रवाल पुत्र स्व. प्रभाती लाल, निवासी गोविन्द नगर, कोटद्वार, पौड़ी गढ़वाल**

(0707/25)


# वार्ड सदस्यों के 41 रिक्त पदों पर मतदान आज

रुडकी। 31 ग्राम पंचायतों में वार्ड सदस्यों के 41 रिक्त पदों पर शनिवार (आज) को चुनाव होगा। शुक्रवार को एसडीएम और खंड विकास अधिकारी ने 41 मतदान केंद्रों के लिए पोलिंग पार्टियों को पारदर्शिता से काम करने की हिदायत देकर रवाना किया। इनके अलावा 7 पोलिंग पार्टियां रिजर्व में रखी गई हैं।हरिद्वार जिले के सभी छह विकासखंड में इसी साल पंचायत चुनाव होकर निपटे हैं। चुनाव के दौरान लक्सर विकासखंड की 31 ग्राम पंचायतों में वार्ड सदस्यों के 41 पद खाली रह गए थे। खाली पदों पर नवंबर से उप चुनाव की प्रक्रिया चल रही है। इस दौरान पदों पर मतदान होना है। इन पदों के लिए कुल 92 उम्मीदवार चुनाव लड़ रहे हैं। शुक्रवार को एसडीएम गोपाल राम बिनवाल और खंड विकास अधिकारी पवन सैनी ने ब्लॉक मुख्यालय से मतदान केंद्रों के लिए 41 पोलिंग पार्टियां रवाना कर दी। रवाना करने से पहले उनको पूरी तरह निष्पक्षता से मतदान कराने की सख्त हिदायत दी गई। एसडीएम बिनवाल ने बताया कि 41 मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टियां भेज दी गई है। इनके अलावा 7 पार्टियां रिजर्व में रखी गई है। आपात स्थिति में इन्हें मतदान केंद्रों पर भेजा जा सकता है।

## मारपीट में दुल्हन का पिता घायल

रुडकी। शादी में नाचने से मना करने पर दुल्हन के पिता के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने घायल को उपचार के लिए अस्पताल भेजा। गाधारोणा निवासी युवक की बारात लंढौरा में आई थी। बारात में दूल्हे के आगे कुछ युवक डांस कर रहे थे। इसी दौरान दुल्हन के पिता ने डांस करने वाले युवकों को डांस करने से मना किया। जिस पर विवाद हो गया। आरोप है कि इससे गुस्साएं एक युवक ने दुल्हन के पिता के साथ मारपीट कर दी। इसमें दुल्हन का पिता गंभीर रूप से घायल हो गया। दुल्हन के पिता ने पुलिस से मिलकर आरोपी के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 क्षैतिज आरक्षण देने पर आभार व्यक्त किया

देहरादून। उत्तराखंड राज्य महिला आयोग अध्यक्ष कुसुम कंडवाल ने उत्तराखंड की महिलाओं को सरकारी नौकरी में 30 क्षैतिज आरक्षण के संबंध में विधानसभा सदन में कानून पारित करने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि उन्होंने स्वयं इस संदर्भ में मुख्यमंत्री से बात कर के निवेदन किया था कि महिलाओं के क्षैतिज आरक्षण पर सरकार जल्द सदन में कानून लाए। जिसको उन्होंने प्राथमिकता से लिया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं का यह अधिकार है कि यह महिलाएं विभिन्न विषम परिस्थितियों से निकलकर सरकारी नौकरी के लिए प्रयास करके आगे बढ़ती हैं। उत्तराखंड की सरकारी नौकरियों पर इनका विशेष अधिकार है जो कि माननीय मुख्यमंत्री जी ने उन्हें दिया है इस विषय पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग व सभी महिलाएं उनका हार्दिक आभार धन्यवाद व्यक्त करती हैं।

इस अवसर पर उत्तराखंड राज्य महिला आयोग के अध्यक्ष श्रीमती कंडवाल ने धर्मांतरण के विरुद्ध कठोर कानून में 10 साल की सजा के फैसले का भी स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यतः हमारे समाज की नीचे तबके की महिलाएं धर्मांतरण का शिकार होती थी जो कि इस को रोकने का काम करेगा। उन्होंने यह भी कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारे उत्तराखण्ड की सरकार महिलाओं के हित मे लगातार कार्य कर रही है। आज महिलाएँ सशक्त हो रही है, और अपने अधिकारों को जान रही है।

महिलाओं के हितों और अधिकारों का यदि कही भी हनन हो रहा है तो महिलाएँ आवाज उठा रही है और उत्तराखण्ड राज्य महिला आयोग ऐसी महिलाओं के उन्हें न्याय दिलाने के लिए सदैव तत्पर है।

## तहसील दिवस 6 को

जयन्त प्रतिनिधि। चमोली : आगामी 6 दिसंबर को ब्लाक सभागार जोशीमठ में उप जिलाधिकारी कुमकुम जोशी की अध्यक्षता में तहसील दिवस का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने समस्त तहसील/ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों को विभागीय योजनाओं की पूरी जानकारी के साथ तहसील दिवस में अनिवार्य रूप से स्वयं प्रतिभाग करने के निर्देश दिए है।

# वार्षिकोत्सव में छात्रों ने प्रतियोगिताओं में हिस्सा लिया

रुडकी। आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 के तत्वावधान में प्रत्येक वर्ष वार्षिकोत्सव का आयोजन किया जाता है। यह वार्षिकोत्सव 1 वर्ष खेल दिवस और दूसरे वर्ष सांस्कृतिक उत्सव के रूप में मनाया जाता है। इस वर्ष विद्यालय में 32वें खेल दिवस का शुभारंभ पवेलियन मैदान में हुआ। चार दिवसीय प्रतियोगिता में सेंट ऐंस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल, आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 2 , केंद्रीय विद्यालय नंबर 2, दिल्ली पब्लिक स्कूल के साथ आर्मी पब्लिक स्कूल नंबर 1 के छात्रों ने भाग लिया। क्रीडा प्रतियोगिता के प्रथम दिवस 1500 मीटर दौड़ लंबी कूद, शॉर्टपुट, 200 मीटर दौड़, 400 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। सभी प्रतियोगिताएं सीनियर, जूनियर एवम सब जूनियर बालक और बालिका वर्ग के ऋलिए आयोजित की गई। इस अवसर पर प्रधानाचार्य रितु डोगरा, सुभाष चंद शर्मा, अनिल कुमार, अरूण शर्मा, संजय राठी, कमल मान, हरिनंद, दीपक भारद्वाज, सूरज सिंह नेगी, सौरभ लोहान, मनमोहन सिंह रावत, प्रगति चौधरी, दीपिका गोस्वामी, विवेक वर्मा आदि मौजूद रहे।

## उपचुनाव के लिए पोलिंग पार्टी रवाना

रुडकी। उपचुनाव को लेकर शुक्रवार को पोलिंग पार्टियों को बूथों पर रवाना किया गया। आज सुबह 8 से शाम 5 बजे तक मतदान होना है।

नारसन विकासखंड के 134 पदों पर नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई थी। जिसके लिए आज मतदान होना है। निर्वाचन को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए ब्लॉक सभागार में पुलिस कर्मियों को ड्यूटी पर जाने से पूर्व पुलिस क्षेत्राधिकारी मंगलौर पंकज गैरोला ने आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# मुरादाबाद मंडल की 38 सवारी गाडियां 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक के लिए रद

रुडकी। लुधियाना के सत्यपाल की पत्नी बबली दो हफ्ते पूर्व अपने तीन बच्चों और ननद को लेकर एक शादी समारोह में अपने मायके लक्सर आई थी। शुक्रवार को वह अपने भारी भरकम सामान के साथ वापस लुधियाना की गाड़ी पकड़ने स्टेशन पहुंचे, तो पता लगा की ट्रेन तीन महीने के लिए रद है। इसके बाद उन्हें साढ़े छह हजार रुपये में कार किराए पर लेकर लुधियाना जाना पड़ा।इस समय रुड़की और अन्य राज्यों में सर्दी जारी है। सुबह में कोहरा भी पड़ रहा है। कोहरे से दुर्घटना की संभावना को देखते हुए रेलवे ने मुरादाबाद मंडल की 38 सवारी गाडियां 1 दिसंबर से 28 फरवरी तक के लिए रद कर दी हैं।


## उत्तर रेलवे

### नोटिस

वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबंधक उ. रे. मुरादाबाद द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुरादाबाद मण्डल के निम्नलिखित हाल्ट स्टेशन पर टिकिट बुकिंग एजेन्टों की नियुक्ति किये जाने हेतु प्रार्थना पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

| क्र.सं. | हाल्ट का नाम | सेवित स्टेशन | किन-किन स्टेशन के बीच |
|---|---|---|---|
| 1 | बहादुरपुर | [illegible] | [illegible]–तिलहर |
| 2 | सुनहेटी | बिजनौर | बसी कीरतपुर–बिजनौर |
| 3 | झालरा | बिजनौर | बसी कीरतपुर–बिजनौर |
| 4 | आध्यात्मिक नगर | हापुड़ | [illegible]–मसूरी |
| 5 | सिरसी मखदूमपुर | राजा का सहसपुर | राजा का सहसपुर–संभल हातिमसराय |
| 6 | [illegible] | हापुड़ | खरखौदा–नूरनगर |
| 7 | [illegible] | बलियाखेड़ी | बलियाखेड़ी–[illegible] |

सभी प्रकार से पूर्ण आवेदन दि– 23.12.2022 को 10:00 बजे से 14:00 बजे तक सहायक वाणिज्य प्रबन्धक कार्यालय मंडल रेल प्रबन्धक, उ. रे. मुरादाबाद के कमरे में रखे हुये बॉक्स में डाले जायेंगे तथा 14:00 बजे के बाद कोई भी आवेदन स्वीकार नहीं किया जायेगा।

उसी तिथि में 16:00 बजे आवेदनकर्ता या उनके प्रतिनिधियों के सामने आवेदन खोले जायेंगे। यदि दि. 23.12.2022 को कोई अवकाश होता है तो आवेदन अगले कार्य दिवस में यथा समय डाले व खोले जायेंगे।

आवेदन पत्र पात्रता, नियम व शर्तों का पूर्ण विवरण उ. रे. की वेबसाइट www.nr.indianrailways.gov.in से प्राप्त किया जा सकता है या मण्डल रेल प्रबन्धक वाणिज्य शाखा से जानकारी ली जा सकती है।

विलम्ब से प्राप्त हुए आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

क्र.: 20-[illegible] आवंटन-मुरादाबाद मंडल-2022 दिनांक- 02.12.2022 3218/2022

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


सम्पादकीय

# पार्किंग पर बने ठोस नीति

उत्तराखंड में इन दिनों यातायात प्रबंधन को लेकर काफी सक्रियता से नियम कानून बनाए जा रहे हैं लेकिन इन नियम कानूनों के पीछे अधिकारी धरातलीय व्यवस्था को समझने को तैयार नहीं है। सड़कों का प्रबंधन बेहद खस्ताहाल है जिस कारण जहां वाहनों के संचालन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है तो वही विकासशील नगरीय व्यवस्थाओं में खोट ही खोट नजर आता है। पूरे प्रदेश में एक नई समस्या व्यवस्थित पार्किंग को लेकर आ खड़ी हुई है। उत्तराखंड को पर्यटन राज्य के तौर पर विकसित करने के प्रयास चल रहे हैं लेकिन यह बेहद हैरान कर देने वाला है कि पर्यटन सीजन में यात्रियों को बेहद कड़वे अनुभव लेकर लौटना पड़ता है। पार्किंग के नाम पर वाहन चालकों का उत्पीड़न किया जाता है चालान काटे जाते हैं और उन्हें इधर–उधर खदेड़ा जाता है या फिर पर्यटक स्थलों में प्रवेश ही नहीं करने दिया जाता। पार्किंग को लेकर अभी तक कोई ठोस नीति प्रदेश सरकार की ओर से नजर नहीं आई है, जबकि जनपदों में भी जनपद पुलिस अपनी मनमानी के अनुसार यातायात का संचालन करती है और पार्किंग को लेकर वाहन चालकों पर जुल्म उठाती है। प्रदेश की राजधानी देहरादून का ही संदर्भ ले तो यहां पार्किंग को लेकर कोई ऐसी व्यवस्था अब तक नजर नहीं आई है जो वाहन चालकों को सुकून पैदा करने वाली हो। सड़कों पर रेडी वालों के कब्जे हैं जो किनके संरक्षण व सरपरस्ती में चलते हैं यह सभी जानते हैं। पार्किंग की जो व्यवस्थाएं तैयार की गई है वह बेहद कम है और वाहनों का सैलाब निरंतर बढ़ता जा रहा है। इन परिस्थितियों में यदि वाहन चालक सड़क के किनारे भी वाहन पार्क करते हैं तो पुलिस चालान काटने से पीछे नहीं हटते। यही स्थिति धर्मनगरी हरिद्वार की भी है और अन्य पर्यटक स्थलों की भी। सवाल यह उठता है कि जब जिलों में उचित पार्किंग की व्यवस्था ही नहीं है तो पुलिस आखिर क्यों वाहन चालकों पर जोर जबरदस्ती कर चालान वसूलने का काम करती है। पार्किंग को लेकर एक यथोचित व्यवस्था का प्रबंध होना चाहिए और इसका उल्लंघन करने पर ही कानूनी कार्रवाई की जाए। जनपदों में शॉपिंग कंपलक्स के बेसमेंट दुकानों का काम कर रहे हैं जबकि यह स्थल पार्किंग के लिए नियत किए गए हैं। क्या मजाल के संबंधित क्षेत्रों के थाना पुलिस कार्रवाई करने का साहस जुटा पाए? राज्य के प्रमुख नगरों में यात्रा सुधार के नाम पर पार्किंग को लेकर बड़े–बड़े दावे किए जाते हैं लेकिन पार्किंग के लिए जगह का चुनाव एक बड़ी समस्या है। विडंबना यह है कि उत्तराखंड के अधिकांश नगरों में सड़क ही पार्किंग का स्थल है और ऐसा कोई विकल्प उपलब्ध नहीं है कि लोग अपने वाहनों को स्थाई पार्किंग स्थलों पर खड़ा कर सकें। सरकार को समाधान निकालने की दिशा में प्रयास करने चाहिए और इसके लिए सरकारी जमीनों के आंशिक भाग पर पार्किंग की व्यवस्था कर जाम की व्यवस्था से कुछ हद तक मुक्ति पाई जा सकती है। देहरादून में पुराने रोडवेज बस अड्डे को मल्टी स्टोरी पार्किंग के रूप में तैयार करने की योजना एवं रेंजर्स कॉलेज के एक भाग को पार्किंग स्थल के लिए निर्माण करने की योजना अभी तक परवान नहीं चढ़ पाई है। यह बेहद जरूरी है कि अपनी कमियां छिपाने के लिए वाहन चालकों की मजबूरी को निशाना नहीं बनाना चाहिए। पार्किंग की उचित व्यवस्था जिला प्रशासन का काम है और यदि प्रशासन इस कार्य में खुद को अक्षम मांगता है तो उसे वाहन चालकों के साथ भी कहीं ना कहीं उदारता पूर्ण व्यवहार अपनाना चाहिए।

# कॉप 27: कार्यान्वयन का 'कप'

**भूपेंद्र यादव**




27वां पार्टियों का सम्मेलन (कॉप 27) पिछले सप्ताह समाप्त हुआ और कई चुनौतियों तथा विचारों में भिन्नता के बावजूद, सदस्य देशों ने जटिल मुद्दों के समाधान के प्रयास किए। कॉप 27 को कार्यान्वयन के लिए कप का ब्रांड नाम दिए जाने के साथ, प्रमुख मुद्दों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, जिनमें प्रमुख हैं- हानि और क्षति वित्त पोषण पर समझौताय अनुकूलन और शमन कार्यक्रम को प्रोत्साहित करना, जो उत्सर्जन में कमी का मुकाबला करता है और प्रभावी कार्यान्वयन को गति प्रदान करता है तथा जो वैश्विक तापमान वृद्धि को पूर्व औद्योगिक स्तरों से 15 डिग्री सेल्सियस ऊपर रखने के अधिक महत्वाकांक्षी पेरिस समझौते के लक्ष्य की ओर आगे बढने के लिए वैश्विक समुदाय को प्रेरित करता है।

भारत की दृष्टि से कप27 के परिणाम महत्वपूर्ण रहे हैं, क्योंकि एक देश के रूप भारत के या विकासशील देशों की सामूहिक आवाज के रूप में भारत द्वारा प्रस्तावित चिंताओं, विचारों और सुझावों को उचित महत्व दिया गया है। शर्म अल-शेख कार्यान्वयन योजना मानती है कि ग्लोबल वार्मिंग को 15 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के लिए 2019 के स्तर की तुलना में 2030 तक वैश्विक ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 43 प्रतिशत की तेज और निरंतर कमी किए जाने की आवश्यकता है। योजना यह भी स्वीकार करती है कि विभिन्न राष्ट्रीय परिस्थितियों के आलोक में एवं सतत विकास और गरीबी उन्मूलन के प्रयासों के संदर्भ में सामान्य लेकिन पृथक जिम्मेदारियों और संबंधित क्षमताओं ख्सीबीडीआर-आरसी, को दर्शाते हुए, न्यायपूर्ण और सर्वोत्तम उपलब्ध वैज्ञानिक ज्ञान के आधार पर, इस महत्वपूर्ण दशक में त्वरित कार्रवाई की आवश्यकता है।

भारत, राष्ट्रों के लिए जलवायु कार्रवाई लक्ष्यों को निर्धारित करने और इन्हें पूरा करने में सीबीडीआर-आरसी दृष्टिकोण अपनाने का मुखर समर्थक रहा है, ताकि जलवायु परिवर्तन की अनिश्चितताओं से पृथ्वी को बचाने की इस संयुक्त लड़ाई में हम ऐतिहासिक प्रदूषण फैलाने वाले देशों और तकनीकी व वित्तीय अंतर के प्रति सचेत रहें तथा हरित विश्व निर्माण के लिए विकासशील देशों को शामिल किए जाने की आवश्यकता सुनिश्चित की जा सके।

कार्यान्वयन योजना ने पार्टियों से आग्रह किया, जिन्होंने अभी तक नए या अद्यतन राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदानों की जानकारी नहीं दी है, वे जल्द से जल्द इसे पूरा करें। भारत न केवल उन 29 देशों में शामिल है, जिन्होंने सीओपी26 के बाद अपने बढ़े हुए एनडीसी प्रस्तुत किए हैं, बल्कि उन 60 से कम देशों की उस सूची में भी मौजूद है, जिन्होंने ग्लासगो में अपनी शुद्ध शून्य घोषणा के एक वर्ष के भीतर अपनी दीर्घकालिक कम उत्सर्जन विकास रणनीतियां प्रस्तुत की हैं। ये कदम, जलवायु परिवर्तन से मुकाबला करने के प्रयास का हिस्सा बनने के सन्दर्भ में नरेन्द्र मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दर्शाते हैं।

> **कॉप27 कार्यान्वयन योजना इस बात पर जोर देती है कि उचित और न्यायसंगत बदलाव के उपायों में ऊर्जा, सामाजिक आर्थिक, कार्यबल और अन्य आयाम शामिल हैं, जिनमें से सामाजिक सुरक्षा समेत सभी को राष्ट्रीय स्तर पर परिभाषित विकास प्राथमिकताओं पर आधारित होना चाहिए, ताकि परिवर्तन से जुड़े संभावित प्रभावों को कम किया जा सके। इस योजना में, सामाजिक एकजुटता तथा लागू उपायों के प्रभावों को कम करने से संबंधित उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है।**

देशों को निम्न-कार्बन उत्सर्जन की ओर बढने के लिए एक कार्ययोजना तैयार करते हुए, कप27 कार्यान्वयन योजना राष्ट्रीय परिस्थितियों के अनुरूप सबसे गरीब और सबसे कमजोर देशों को लक्ष्य-आधारित समर्थन देने और एक न्यायपूर्ण परिवर्तन की दिशा में समर्थन की आवश्यकता की पहचान करने का आह्वान करती है। इसने मान्यता दी कि विकासशील देशों को दिया गया अधिक समर्थन, उनकी कार्रवाई संबंधी उच्च महत्वाकांक्षा को अनुमति प्रदान करेगा।

भारत ने इस बात को रेखांकित किया कि अधिकांश विकासशील देशों के लिए न्यायपूर्ण बदलाव की तुलना सिर्फ कार्बनीकरण को कम करने से नहीं की जा सकती है, लेकिन कम-कार्बन उत्सर्जन के साथय विकासशील देशों को, अपनी पसंद के ऊर्जा मिश्रण तथा एसडीजी हासिल करने में, स्वतंत्रता की आवश्यकता है।

कप27 ने सभी जलवायु कार्रवाईयों- न कि केवल शमन, बल्कि शमन, अनुकूलन, वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और क्षमता निर्माण- पर ध्यान केंद्रित करने के महत्व को रेखांकित किया।

कप27 योजना ने गंभीर चिंता के साथ, जलवायु परिवर्तन के प्रतिकूल प्रभाव से मुकाबले के लिए अनुकूलन के मौजूदा स्तरों और उन स्तरों, जिनकी आवश्यकता है, के बीच मौजूदा अंतर कोय जलवायु परिवर्तन छठी आकलन रिपोर्ट पर अंतर-सरकारी पैनल के सन्दर्भ में कार्य समूह द्वद्व के योगदान के निष्कर्षों के अनुरूप बताया।

इसने पार्टियों से क्षमता बढ़ाने, सहनीयता को मजबूत करने और जलवायु परिवर्तन के प्रति खतरे को कम करने के लिए एक परिवर्तनकारी दृष्टिकोण अपनाने का आग्रह किया। इसने विकासशील देशों से जलवायु वित्त, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण और अनुकूलन के लिए क्षमता निर्माण संबंधी अपने प्रावधान को तत्काल और महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाने का आग्रह किया, ताकि विकासशील देशों की जरूरतों का समाधान किया जा सके। भारत ने लंबे समय से अनुकूलन को उचित महत्व देने और विकासशील देशों की जरूरतों के पैमाने के अनुरूप संसाधनों के पैमाने पर चर्चा करने की तत्काल आवश्यकता पर अपनी लड़ाई को जारी रखा है।

कॉप27 कार्यान्वयन योजना इस बात पर जोर देती है कि उचित और न्यायसंगत बदलाव के उपायों में ऊर्जा, सामाजिक आर्थिक, कार्यबल और अन्य आयाम शामिल हैं, जिनमें से सामाजिक सुरक्षा समेत सभी को राष्ट्रीय स्तर पर परिभाषित विकास प्राथमिकताओं पर आधारित होना चाहिए, ताकि परिवर्तन से जुड़े संभावित प्रभावों को कम किया जा सके। इस योजना में, सामाजिक एकजुटता तथा लागू उपायों के प्रभावों को कम करने से संबंधित उपकरणों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी प्रकाश डाला गया है।

योजना दस्तावेज ने सार्थक शमन कार्रवाई और कार्यान्वयन पर पारदर्शिता के संदर्भ में विकसित देशों का 2020 तक प्रति वर्ष संयुक्त रूप से 100 बिलियन अमेरिकी डलर जुटाने का लक्ष्य अभी तक पूरा नहीं होने ..पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

भारत के लिए एक अन्य महत्वपूर्ण आयाम, शर्म अल-शेख कार्यान्वयन योजना के प्रस्तावना निर्णय में श्जलवायु परिवर्तन के समाधान के प्रयासों में सतत जीवनशैली अपनाना तथा उपभोग और उत्पादन के स्थायी प्रारूप की दिशा में बदलाव को शामिल किया जाना है। यह कदम 'मिशन लाइफ' के अनुरूप है, जो संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ भारतीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा 20 अक्टूबर को शुरू की गई 'पर्यावरण के लिए जीवनशैली' को बढ़ावा देता है।

कप27, पेरिस समझौते के तहत जलवायु वित्त पर नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य की ओर आगे बढने के लिए भी मंच तैयार करता है। इसने जलवायु वित्त पर नए सामूहिक मात्रात्मक लक्ष्य (एनसीक्यूजी) पर विचार-विमर्श में ठोस प्रगति की आवश्यकता को स्वीकार किया, जो मात्रा, गुणवत्ता, पहुंच और धन के स्त्रोतों समेत विकासशील देशों की जरूरतों और प्राथमिकताओं जैसे विषयों पर भी विचार करेगा।

कार्यान्वयन योजना दस्तावेज, जलवायु न्याय पर केंद्रित है, जो विकासशील देशों द्वारा सामना की जा रही चिंताओं और मुद्दों का समाधान करता है। भारत के सुझावों को कप27 के निर्णयों में शामिल किया गया। प्रधानमंत्री मोदी, जिनके नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा प्रतिरोधी अवसंरचना गठबंधन जैसी कई अंतर्राष्ट्रीय पहल हुई हैं, ने बार-बार दोहराया है कि जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में कोई भी देश पीटे नहीं टूटना चाहिए। भारत ने जलवायु परिवर्तन की अनियमितताओं के प्रति सबसे संवेदनशील देशों के लिए एक विशेष कार्ययोजना तैयार की है और जलवायु वार्ताओं में जलवायु न्याय की मांग की है।

कप27 ने वित्त से लेकर अनुकूलन तक सभी क्षेत्रों में तत्काल कार्रवाई और वादों के कार्यान्वयन के लिए आवाज बुलंद की है। भारत जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में महत्वपूर्ण योगदान देता है और उम्मीद करता है कि वैश्विक समुदाय, विशेष रूप से विकसित देश भी अपने वादे को पूरा करेंगे।

**(लेखक केन्द्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन तथा श्रम और रोजगार मंत्री हैं।)**

# मुद्दा मूल्य-सीमा का

> पिछले हफ्ते ईयू की कार्यकारी संस्था- यूरोपियन कमीशन की हुई बैठक में विभिन्न देशों के राजनयिकों के बीच जुबानी झड़पें होने तक की नौबत आ गई। धनी देशों के समूह जी-7 ने अगले पांच दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय बाजार में रूसी तेल पर मूल्य सीमा लगाने का प्रस्ताव रखा है। जी-7 ने यूक्रेन पर हमला करने के दंड के रूप में रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाने का एलान किया है। योजना यह है कि मूल्य सीमा लागू होने के बाद पश्चिमी कंपनियों से ऋण और बीमा की सुविधा तभी मिलेगी, जब कोई देश तेल तय सीमा कीमत तक पर ही खरीद रहा हो। अब फैसला ईयू पर आकर टिक गया है।

इस मसले पर यूरोपियन यूनियन में तीखे मतभेद उभर चुके हैं। भारत और चीन इसमें शामिल होंगे, इसकी संभावना कम है। दरअसल, पश्चिम के प्राइस कैप को ना मानने वाले देशों की सूची इन दोनों देशों के अलावा और भी लंबी हो सकती है।

क्या सचमुच पश्चिमी देश रूस के कच्चे तेल पर प्रस्तावित मूल्य सीमा को लागू कर पाएंगे? यूरोप में इसको लेकर जो विरोध उभरा है, उसे देखते हुए यह आसान नहीं लगता। यह साफ सामने आया है कि कई यूरोपीय देश अब ऐसा कदम उठाने के पक्ष में नहीं हैं, जिससे उनका ऊर्जा संकट और बढ़े। इसी का परिणाम है कि इस मसले पर यूरोपियन यूनियन (ईयू) में तीखे मतभेद उभर चुके हैं। भारत जैसे देश तो पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि वे ऐसे किसी कदम का हिस्सा नहीं बनेंगे। जाहिर है, चीन भी इसमें शामिल नहीं होगा। पश्चिम के प्राइस कैप को ना मानने वाले देशों की सूची इन दोनों देशों के अलावा और भी लंबी हो सकती है। रूस यह साफ कह चुका है कि अगर किसी प्रकार की मूल्य सीमा लगाई गई, तो वह तेल का निर्यात बिल्कुल रोक देगा। विश्लेषकों के मुताबिक अगर रूस ने ऐसा कदम उठाया, तो उससे अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की महंगाई तेजी से बढ़ेगी। इसका अंदेशा अमेरिका को भी है।

अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन ने कुछ दिन पहले एक मीडिया इंटरव्यू में कहा था कि अगर तेल की कीमतें बढ़ीं, तो अमेरिका अपने स्ट्रेटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व से और अधिक तेल बेचने का फैसला करेगा। लेकिन उससे अमेरिकी उपभोक्ताओं को भले राहत मिल सकती है, यूरोप के लोगों को नहीं तो। तो पिछले हफ्ते ईयू की कार्यकारी संस्था- यूरोपियन कमीशन की हुई बैठक में विभिन्न देशों के राजनयिकों के बीच जुबानी झड़पें होने तक की नौबत आ गई। धनी देशों के समूह जी-7 ने अगले पांच दिसंबर से अंतरराष्ट्रीय बाजार में रूसी तेल पर मूल्य सीमा लगाने का प्रस्ताव रखा है। जी-7 ने यूक्रेन पर हमला करने के दंड के रूप में रूसी तेल पर प्राइस कैप लगाने का एलान किया है। योजना यह है कि मूल्य सीमा लागू होने के बाद पश्चिमी कंपनियों से ऋण और बीमा की सुविधा तभी मिलेगी, जब कोई देश तेल तय सीमा कीमत तक पर ही खरीद रहा हो। अब फैसला ईयू पर आकर टिक गया है।

# एमसीडी का चुनाव देश का मिनी चुनाव है!

हिमाचल प्रदेश में विधानसभा का चुनाव हो गया है और गुजरात में चुनाव हो रहा है। गुजरात चुनाव कई कारणों से बहुत अहम है। लेकिन इन दोनों राज्यों के विधानसभा चुनाव से कम महत्व का चुनाव दिल्ली नगर निगम यानी एमसीडी का नहीं है। एमसीडी की ढाई सौ सीटों पर चार दिसंबर को मतदान होना है। राजधानी दिल्ली का यह चुनाव देश की राजनीति का मूड बताने वाला होता है। एमसीडी में लगातार तीन बार से भाजपा जीत रही है। दिल्ली की तत्कालीन मुख्यमंत्री शीला दीक्षित ने 2012 में एमसीडी को तीन हिस्सों में बांट दिया था ताकि कांग्रेस कुछ जगह जीत सके। लेकिन कांग्रेस तीनों निगमों में हार गई। वह चुनाव देश का मूड बताने वाला था। उसके दो साल बाद देश का चुनाव हुआ और कांग्रेस बुरी तरह से हार कर सत्ता से बाहर हो गई। इसके बाद अगला चुनाव अप्रैल 2017 में हुआ और कांग्रेस तो हारी ही दो साल पहले ही दिल्ली में एकतरफा जीत हासिल करने वाली आम आदमी पार्टी भी हार गई। इससे भी देश का मूड जाहिर हुआ और 2019 में भाजपा को और बड़ी जीत मिली। अब फिर लोकसभा चुनाव से डेढ़ साल पहले एमसीडी का चुनाव हो रहा है। इसके नतीजों से देश का मूड जाहिर हो सकता है। ध्यान रहे दिल्ली में देश के हर हिस्से के लोग रहते हैं। हर प्रांत, हर जाति, हर धर्म और हर आर्थिक श्रेणी के लोग दिल्ली में रहते हैं। उनको यह भी पता है कि एमसीडी में 15 साल से भाजपा का कब्जा है और वह दिल्ली सरकार के अधीन नहीं है। यह भी ध्यान रखने की बात है कि दिल्ली में लोगों ने भाजपा को हरा कर आप की सरकार नहीं बनवाई है। अगर इस बार भाजपा को हरा कर एमसीडी में आप की सरकार बनती है तो इससे देश के मूड का भी कुछ हद तक पता चलेगा।

# कितना फायदेमंद : मुक्त व्यापार समझौता

**प्रो.लल्लन प्रसाद**




दो देशों के बीच में व्यापार, सेवाओं और निवेश के सरलीकरण, आयात और निर्यात पर टैरिफ शून्य या कम करने, कोटा, सब्सिडी, बौद्धिक संपदा, सरकारी खरीद, प्रतिस्पर्धा आदि को दोनों देशों के हितों के अनुसार नियमित करने, व्यापार में तकनीकी बाधाएं दूर करने, निवेशकों को संरक्षण देने, शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में सहयोग और व्यापार संबंधी अन्य प्रतिबंधों को हटाने के लिए किए जाने वाले समझौते को मुक्त व्यापार समझौता (एफटीए) की संज्ञा दी जाती है।

यह समझौता दो देशों में उत्पादन लागत कम करने, व्यापार और रोजगार बढ़ाने और बाहरी स्पर्धा से बचने में सहायक होता है।

विश्व का लगभग 15-17 फीसद, भारत का 18-19 फीसद, यूरोपियन यूनियन का 13 फीसद , चीन का 27 फीसद और जापान का 22 फीसद व्यापार मुक्त व्यापार समझौते से होता है। भारत ने अब तक लगभग 50 से अधिक देशों से व्यापार समझौते किए हैं, जिनमें 13 समझौते मुक्त व्यापार के हैं, शेष सीमित या व्यापक जो पारस्परिक व्यापारिक हितों को आगे बढ़ाने के लिए किए गए हैं। श्रीलंका, नेपाल, भूटान, बांग्लादेश, सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, जापान, मलयेशिया, चिली, मरीशस, यूएई और अस्ट्रेलिया के साथ मुक्त व्यापार समझौते हुए हैं। इंग्लैंड के साथ वार्ता चल रही है और इस वर्ष होली तक इस पर समझौते की आशा है। कनाडा और 'गल्फ कोअपरेशन काउंसिल' से भी मुक्त व्यापार पर वार्ता हो रही है, जिसमें अच्छी प्रगति है। 27 देशों के यूरोपियन यूनियन के साथ भी मुक्त व्यापार पर चर्चा हो रही है जिसमें कुछ प्रगति हुई है, किंतु बाधाएं बहुत हैं।

भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार संयुक्त राज्य अमेरिका है, 2021-22 में दोनों देशों के बीच 157 बिलियन डलर का व्यापार हुआ जो भारत के कुल विदेशी व्यापार का लगभग 11रू30 प्रतिशत है। चीन दूसरा सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है, जिसके साथ 2021-22 में 72.9 बिलियन डलर का कारोबार हुआ। 10 बड़े व्यापारिक साझेदार देशों में अमेरिका और चीन के बाद 2021-22 कारोबार-यूएई 73 बिलियन डलर, सऊदी अरब 42.8 बिलियन डलर, इराक 34.3 बिलियन डलर, सिंगापुर 30.1 बिलियन डलर, हांगकांग 30 बिलियन डलर, इंडोनेशिया 26.1 बिलियन डलर, साउथ कोरिया 25.5 बिलियन डलर, अस्ट्रेलिया 25 बिलियन डलर के हुए। इन देशों में मुक्त व्यापार समझौते अभी 4 देशों के साथ ही हुए हैं रू सिंगापुर, दक्षिण कोरिया, यूएई, एवं अस्ट्रेलिया। मुक्त व्यापार समझौता यूएई एवं अस्ट्रेलिया के साथ इसी वर्ष हुआ। यूनाइटेड किंगडम, जिसके साथ शीघ्र ही मुक्त व्यापार समझौते की आशा है भारत का 12वां सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2021-22 में दोनों देशों के बीच 29.6 बिलियन डलर का कारोबार हुआ जो पिछले वर्ष की अपेक्षा 8 बिलियन डलर अधिक था। दोनों देशों के बीच प्रस्तावित समझौते में टैरिफ, कोटा, सब्सिडी और अन्य प्रतिबंधों को कम करने, सामान, सेवाएं, निवेश, बौद्धिक संपदा, शैक्षणिक योग्यताओं को संयुक्त रूप से मान्यता देने आदि से संबंधित विषयों पर प्रावधान होंगे जो दोनों देशों के हित में होंगे।

> **द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों के अतिरिक्तक्षेत्रीय व्यापक व्यापार सहयोग के समझौते बहुत सारे देशों के साथ हुए हैं, जिनमें मुक्त व्यापार समझौते वाले देश भी शामिल रहे हैं- 1) आसियान व्यापक आर्थिक सहयोग संधिय पूर्व एशिया के देश- ब्रुनेई, म्यांमार, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, और वियतनाम, 2) दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि-नेपाल, भूटान, बांग्लादेश,पाकिस्तान, मालदीव, अफगानिस्तान, 3) एशिया प्रशांत व्यापार संधि- चीन, लाओस, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और श्रीलंका एवं व्यापार में प्राथमिकता की व्यवस्था संबंधित समझौते-जिनमें अफ्रीकी, दक्षिण अमेरिकी, और मद्बेशिया के 42 देश-अल्जीरिया, अर्जेटीना, ब्राजील, चिली, क्यूबा, घाना, नाइजीरिया, इरान, इराक, लीबिया आदि शामिल हैं, जिनका उद्देश्य भी आपस में व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना, व्यापार और निवेश बढ़ाना एवं बाधाओं को कम करना होता है। दक्षिण एशिया के देशों के साथ भारत का व्यापार क्षमता से बहुत कम है, उसके विश्व व्यापार का मात्र लगभग 4 फीसद। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र में जहां 62 बिलियन डलर व्यापार की संभावना है वहां यह मात्र 19 बिलियन डलर के आसपास है।**

द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों के अतिरिक्तक्षेत्रीय व्यापक व्यापार सहयोग के समझौते बहुत सारे देशों के साथ हुए हैं, जिनमें मुक्त व्यापार समझौते वाले देश भी शामिल रहे हैं-1) आसियान व्यापक आर्थिक सहयोग संधिय पूर्व एशिया के देश- ब्रुनेई, म्यांमार, कंबोडिया, इंडोनेशिया, लाओस, मलेशिया, फिलीपींस, सिंगापुर, थाईलैंड, और वियतनाम, 2) दक्षिण एशिया मुक्त व्यापार क्षेत्र संधि-नेपाल, भूटान, बांग्लादेश,पाकिस्तान, मालदीव, अफगानिस्तान, 3) एशिया प्रशांत व्यापार संधि- चीन, लाओस, दक्षिण कोरिया, बांग्लादेश और श्रीलंका एवं व्यापार में प्राथमिकता की व्यवस्था संबंधित समझौते-जिनमें अफ्रीकी, दक्षिण अमेरिकी, और मद्बेशिया के 42 देश-अल्जीरिया, अर्जेटीना, ब्राजील, चिली, क्यूबा, घाना, नाइजीरिया, इरान, इराक, लीबिया आदि शामिल हैं, जिनका उद्देश्य भी आपस में व्यापारिक संबंधों को मजबूत करना, व्यापार और निवेश बढ़ाना एवं बाधाओं को कम करना होता है। दक्षिण एशिया के देशों के साथ भारत का व्यापार क्षमता से बहुत कम है, उसके विश्व व्यापार का मात्र लगभग 4 फीसद। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार इस क्षेत्र में जहां 62 बिलियन डलर व्यापार की संभावना है वहां यह मात्र 19 बिलियन डलर के आसपास है।

इन देशों से व्यापार बढ़ाने के लिए 1994 में सार्क प्रेफरेंशियल अरेंजमेंट एवं 2004 में दक्षिण एशियाई मुक्त व्यापार क्षेत्र पर भी हस्ताक्षर किए गए। संरक्षण नीति, इच्छाशक्ति एवं आपसी विश्वास में कमी इस क्षेत्र में व्यापार वृद्धि में बाधक हैं। लैटिन अमेरिकी देशों के साथ भारत का व्यापार उसके विश्व व्यापार का लगभग 6 फीसद है। ब्राजील इस क्षेत्र का भारत का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार है। 2020-21 में भारत ने ब्राजील को 6.4 बिलियन डलर का निर्यात किया। मेक्सिको, अर्जेंटीना, कोलंबिया, चिली और पेरू के साथ भी व्यापार में अच्छी वृद्धि हुई है। भारत में निर्मित कारों और मोटरसाइकिलों का एक तिहाई निर्यात इन देशों को होता है। अफ्रीकी देशों के साथ भी भारत का व्यापार हाल के वर्षो में बढा है। 2021-22 में यह 95 बिलियन डलर पर पहुंचा जो पिछले वर्ष 56 बिलियन डलर ही था।

अफ्रीका के साथ व्यापार और निवेश में भारत विश्व में पांचवें स्थान पर है। 1996 से 2021 के बीच भारत ने अफ्रीकी देशों में 73.9 बिलियन का निवेश किया। खाड़ी देशों के साथ भारत के गहरे व्यापारिक संबंध है। एक ब्लक के रूप में ये देश भारत के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं, इनके साथ मुक्त व्यापार संधि पर वार्ता भी चल रही है। 2021-22 में भारत ने इन देशों से 154 बिलियन डलर का आयात किया, 44 बिलियन डलर मात्र का निर्यात किया। यह देश भारत के कच्चे तेल की एक तिहाई एवं गैस की 70 फीसद आवश्यकता पूरी करते हैं। लाखों की संख्या में प्रवासी भारतीय इन देशों में काम करते हैं। हाल के वर्षों में इन देशों से रेमिटेंस में कमी आई है। 2016-17 में जहां 50 फीसद से अधिक रेमिटेंस इन देशों से आता था अब 30 फीसद के लगभग है। कोविड के कारण बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीय स्वदेश वापस आ गए थे जो इसका प्रमुख कारण रहा है। द्विपक्षीय मुक्त व्यापार समझौतों का दायरा बढ़ाना चाहिए और ज्यादा देशों के साथ संधि करनी चाहिए।

## बंगलादेश के सबसे बड़े पर्यटन एक्सपो की शुरूआत

**ढाका ,एजेंसी।** बंगलादेश के पर्यटन उद्योग को बढ़ावा देने के लिए ढाका में तीन दिवसीय पर्यटन एक्सपो शुरू किया गया है। इसका आयोजन बंगलादेशी ट्रैवेल एजेंटों का एसोसिएशन (एटीएबी) बंग्लादेश अंतरराष्ट्रीय यात्रा और पर्यटन एक्सपो बंगबंधु अंतरराष्ट्रीसय सम्मेलन केंद्र में कर रहा है। नागर विमानन और पर्यटन मंत्री मोहम्मद महबूब अली ने गुरुवार को इस एक्सपो का उद्घाटन किया। एटीएबी के अध्यक्ष एस एन मंजूर मुर्शीद ने कहा कि हाल के वर्षों में बंगलादेश की बुनियादी अवसंरचनाओं में महत्वपूर्ण परिवर्तन हुआ है, जो ज्यादा से ज्यादा विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। बंगलादेश में चीनी दूतावास के सांसतिक परामर्शदाता यू लिवेन ने कहा कि बंगलादेश और चीन के बीच पर्यटन विकास की बहुत संभावनाएं हैं। उम्मीद है कि दोनों देश पर्यटकों के आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए मिलकर काम करेंगे।

## ट्विटर ने सस्पेंड किया अमेरिकी रैपर कान्ये वेस्ट का एकाउंट

**वाशिंगटन ,एजेंसी।** सोशल मीडिया प्लेटफर्म श्ट्विटर के नये श्मालिक एलन मस्क ने शुक्रवार को कहा कि कंपनी के नियमों का एक बार फिर उल्लंघन करने वाले अमेरिकी रैपर ये, जिन्हें कान्ये वेस्ट के नाम से भी जाना जाता है , का एकाउंट सस्पेंड कर दिया गया है। डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार ये ने अपने ट्विटर हैंडल पर गुरुवार को नाजी स्वास्तिक के चिंह की तस्वीर सांझा की थी जिसके अंदर डेविड का तारा दिखाया गया था। यह नाजियों का एक जाना माना प्रतीक है। मस्क ने ट्वीट किया मैंने पूरी कोशिश की ये बात को समझें और किसी भी तरह की हिंसा को प्रोत्साहन देने वाली सामग्री एकाउंट पर न डालें लेकिन गुरुवार को उन्होंने एकबार फिर नियम तोडा, जिसके बाद उनका एकाउंट सस्पेंड कर दिया गया।

## चीन में कोरोना के 4,233 नए मामलों की पुष्टि

**बीजिंग ,एजेंसी।** चीन में कोरोना वायरस (कोविड-19) संक्रमण के 4,233 नए मामले सामने आए हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य आयोग ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। स्वास्थ्य आयोग ने बताया कि गुरुवार को कोरोना परीक्षण के दौरान बिना लक्षण वाले कुल 30,539 संक्रमितों का पता चला। कल कुल 2,877 मरीज कोरोना से मुक्त हो गए और उन्हें अस्पताल से टुट्टी मिल गयी है। राहत की बात यह रही कि किसी भी मरीज की मौत नहीं हुई। जिससे देश में मृतकों की संख्या 5,233 पर बरकरार है।

## यूक्रेन के दो क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी

**कीव ,एजेंसी।** यूक्रेन के निप्रपेट्रोस और खारकीव क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है। यूक्रेन के डिजिटल परिवर्तन मंत्रालय के अनलाइन हवाई हमले के अलर्ट मानचित्र के अनुसार निप्रपेट्रोस और खारकीव क्षेत्रों में हवाई हमले की चेतावनी जारी की गई है।

रूस के जापोरिज्जिया क्षेत्र और दोनेत्स्क पीपुल्स रिपब्लिक के कीव नियंत्रित क्षेत्रों में भी हवाई हमले के सायरन बजने लगे।

रूस के क्रिमियन पुल पर यूक्रेन के आतंकवादी हमले के दो दिन बाद दस अक्टूबर को रूस ने यूक्रेन के बुनियादी ढांचे पर हमला करना शुरू कर दिया। यूक्रेन में बिजली, रक्षा उद्योग, सैन्य कमान और संचार सुविधाओं पर हमले किए गए। तब से यूक्रेन में प्रतिदिन , क्षेत्र तथा कभी-कभी पूरे देश में हवाई हमले के अलर्ट जारी किए गए हैं।

# पेट्रोल की कीमतों में नरमी की उम्मीद कायम

## नुकसान की भरपाई के लिए तेल कंपनियों ने वित्त मंत्रालय से मांगी मदद

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पेट्रोल और डीजल की खुदरा कीमतों में अभी राहत मिलने की उम्मीद कायम है, लेकिन उम्मीद कब पूरी होगी इसको लेकर अनिश्चतता है। वजह यह है कि सरकारी तेल कंपनियों को पिछले छह महीनों में काफी ज्यादा घाटा हुआ है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में क्रूड के सस्ता होने के बावजूद अभी डीजल की कीमत उसकी लागत से कम है। जबकि पेट्रोल बिक्री पर तेल कंपनियों को मुनाफा होने लगा है। तेल कंपनियों की माली हालत को देखते हुए पेट्रोलियम मंत्रालय चाहता है कि वित्त मंत्रालय उन्हें एक बार फिर आर्थिक मदद मुहैया कराये।




अप्रैल से सितंबर, 2022 के दौरान सरकारी क्षेत्र की तीनों तेल मार्केटिंग कंपनियों (इंडियन आयल, हिंदुस्तान पेट्रोलियम व भारत पेट्रोलियम) को संयुक्त तौर पर 21,201.18 करोड़ रुपये का घाटा हुआ था। यह बात पेट्रोलियम मंत्रालय एक उच्चपदस्थ सूत्रों ने बताई है। सरकारी तेल कंपनियों की हालत को देखते हुए ही केंद्र सरकार ने पिछले महीने उन्हें 22 हजार करोड़ रुपये की आर्थिक मदद मुहैया कराई है। वैसे यह राशि एलपीजी मार्केटिंग में हुई हानि की भरपाई के लिए की गई है, लेकिन अगर यह राशि नहीं मिली होती तो कुल घाटे की राशि और ज्यादा होती। उक्त सूत्रों के मुताबिक तेल कंपनियों ने 06 अप्रैल, 2022 के बाद खुदरा कीमतें नहीं बढ़ाई हैं। जबकि इसके बाद को दो-तीन महीनों में क्रूड की कीमतों में काफी ज्यादा इजाफा हुआ था जो अब कम हो चुकी हैं।

खुदरा कीमत नहीं बढ़ने से देश में महंगाई को थामने में काफी मदद मिली है। इस मदद के लिए तेल कंपनियों को हुई हानि की भरपाई की जानी चाहिए। खुदरा कीमत में किसी तरह के बदलाव से जुड़े सवालों पर सूत्रों का कहना है कि इस बारे में तेल कंपनियों को खुद ही फैसला करना है। अगर वैश्विक हालात व अपनी माली हालत को देख कर उन्हें कीमतें घटाने की जरूरत महसूस होती है तो वह यह कर सकती हैं। तेल कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार की अनिश्चतता की वजह से भी जल्दबाजी में कोई फैसला नहीं करना चाहती। अभी क्रूड की कीमत 82 डलर प्रति बैरल के करीब है जो जून, 2022 की औसत कीमत 116 डलर प्रति बैरल से काफी कम है, लेकिन आगामी सोमवार से हालात में बदलाव भी हो सकते हैं।

रूस से उत्पादित क्रूड की कीमत पर नई सीमा तय की जानी है जिसकी घोषणा अगले दो दिनों के भीतर होगी। इससे कीमतें फिर से अस्थिर हो सकती हैं। पेट्रोलियम मंत्रालय के उक्त सूत्रों का कहना है कि, अनिश्चित माहौल है, ऐसे में पर्याप्त क्रूड खरीदना और देश के पेट्रोल पंपों पर पर्याप्त ईंधन उपलब्ध कराना पहली प्राथमिकता है। उन्होंने स्पष्ट किया है कि अमेरिका व यूरोपीय देशों की तरफ से रूस की क्रूड पर प्रतिबंध लगाने के बावजूद भारत रूस से क्रूड खरीदना बंद नहीं करेगा। अपने देश के नागरिकों को पर्याप्त ईंधन उपलब्ध कराने के लिए भारत हर जगह से क्रूड खरीदने की नीति पर कायम रहेगा।

पेट्रोलियम मंत्रालय की तरफ से वित्त मंत्रालय से इस बार एलपीजी सब्सिडी को भी बढ़ाने की मांग की जाएगी, लेकिन रसोई गैस पर पुरानी सब्सिडी स्कीम लागू करने की सरकार की कोई सोच नहीं है। उज्जवला के नये कनेक्शन देने को लेकर जो सब्सिडी का फार्मूला है वहीं जारी रखा जाएगा या दूर-दराज के इलाकों में जो सब्सिडी दी जाती है वह जारी रहेगी। इस वित्त वर्ष के दौरान पेट्रोलियम मंत्रालय ने उक्त मद में 28 हजार करोड़ रुपये की मांग की थी लेकिन सिर्फ 22 हजार करोड़ रुपये ही दिए गए हैं।

## चुनाव आयोग ने मैनपुरी और इटावा के एसएसपी को लगाई फटकार

**लखनऊ ,एजेंसी।** चुनाव आयोग ने मैनपुरी और इटावा के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों (एसएसपी) से मैनपुरी संसदीय क्षेत्र में चल रहे उपचुनाव को देखते हुए पुलिस अधिकारियों के स्थानांतरण और पोस्टिंग पर ईसीआई के निदेशरें के उल्लंघन के लिए स्पष्टीकरण मांगा है। चुनाव आयोग ने उनसे कारण बताने को कहा कि क्यों न उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू की जाए।

चुनाव आयोग मैनपुरी लोकसभा उपचुनाव पर समाजवादी पार्टी (सपा) की याचिकाओं पर कार्रवाई कर रहा था। आयोग ने मैनपुरी में अपने संबंधित पुलिस स्टेशनों से छह पुलिस उप-निरीक्षकों को तुरंत कार्यमुक्त करने के लिए भी कहा। पोल पैनल ने उत्तर प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी को उपचुनाव वाले सभी निर्वाचन क्षेत्रों में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

चुनाव आयोग ने एक प्रेस बयान में कहा है कि उसे समाजवादी पार्टी के राम गोपाल यादव की ओर से मामले में शिकायत मिली थी। प्रेस बयान में कहा गया है कि, पोल पैनल ने मैनपुरी एसएसपी को मैनपुरी के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में तैनात उप-निरीक्षक सुरेश चंद, कादिर शाह, सुधीर कुमार, सुनील कुमार, सत्य भान और राज कुमार गोस्वामी को तुरंत हटाने का निर्देश दिया था।

चुनाव आयोग ने मैनपुरी के एसएसपी से यह बताने को कहा है कि पुलिस कर्मियों के तबादले और तैनाती के दौरान आयोग के निर्देशों और आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के प्रासंगिक प्रावधानों का पालन न करने के लिए उनके खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई क्यों नहीं शुरू की जानी चाहिए।

## सिद्धू मूसेवाला मर्डर केस में बड़ी कामयाबी, कैलिफोर्निया में पकड़ा गया मुख्यारोपी गोल्डी बराड़

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** मशहूर पंजाबी गायक सिद्धू मूसेवाला के मर्डर केस में एक बड़ी खबर सामने आई है। मूसेवाला की हत्या के मास्टरमाइंड गोल्डी बराड़ को कैलिफोर्निया में हिरासत में लिया गया है। भारत की खुफिया एजेंसियों के सूत्रों से यह जानकारी मिली है। हालांकि, अभी कैलिफोर्निया की ओर से इसे लेकर भारत सरकार को कोई आधिकारिक जानकारी नहीं दी गई है। सूत्रों के मुताबिक, गैंगस्टर गोल्डी बराड़ को 20 नवंबर या इससे पहले हिरासत में लिया गया था।

बता दें कि इससे पहले मूसेवाला के पिता बलकौर सिंह ने गोल्डी बराड़ की गिरफ्तारी न होने पर नाराजगी जाहिर की थी। उन्होंने कहा था कि जो भी गोल्डी की पता बताएगा, उसे वह अपनी जमीन बेचकर दो करोड़ रुपये देंगे। इसके ठीक एक दिन बाद गोल्डी की गिरफ्तारी की खबर सामने आई है। हालांकि, सुरक्षा एजेंसियां इसकी पुष्टि के लिए अमेरिकी अधिकारियों से संपर्क साध रही हैं।

गोल्डी बराड़ को मूसेवाला हत्याकांड का मास्टरमांडइ माना जाता है। पुलिस के मुताबिक, मूसेवाला कांड में सारे निर्देश कनाडा में बैठा गोल्डी ही दे रहा था। हत्या के ठीक बाद गैंगस्टर गोल्डी बराड़ ने कथित तौर पर हमले की जिम्मेदारी भी ली थी। बराड़ के खिलाफ इंटरपोल ने रेड कर्नर नोटिस भी जारी कर रखा था। बताया जाता है कि पंजाब में अपना उगाही रैकेट चलाने के बाद वह कनाडा से ही राज्य में अपना हिट स्कवड और बिजनेस चलाता है।

## पूर्व मंत्री चिन्मयानंद को गिरफ्तार करने का आदेश

**शाहजहांपुर ,एजेंसी।** शाहजहांपुर की एक विशेष एमपीध्एमएलए कोर्ट ने पूर्व केंद्रीय गृह राज्य मंत्री स्वामी चिन्मयानंद के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है। एमपीध्एमएलए कोर्ट की जज असमा सुल्ताना ने शाहजहांपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) को चिन्मयानंद को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के लिए पत्र लिखा है। इस मामले में सुनवाई की अगली तारीख नौ दिसंबर है।

गौरतलब है कि चिन्मयानंद पर 2011 में रेप का केस दर्ज किया गया था और अक्टूबर 2012 में अदालत में आरोप पत्र दायर किया गया था।

लोक अभियोजक नीलिमा सक्सेना ने कहा कि, इलाहाबाद उच्च न्यायालय द्वारा इनकार करने पर चिन्मयानंद ने इस मामले में राहत पाने के लिए उच्चतम न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।

# चूहा मारने के बाद पुलिस से इतना डरा कि कोर्ट में कर दिया सरेंडर

**बदायूं , एजेंसी।** कभी चूहा भी मारा..? कहावत पीटे छोड़ दीजिए। पिछले सप्ताह एक युवक ने चूहे से क्रूरता की, जिसका परिणाम सबक देने वाला है। आरोपित को कानून का इतना डर सताया कि वारंट न दबिश, फिर भी वह सरेंडर करने कोर्ट पहुंच गया। शुक्रवार को चार घंटे हिरासत में रखने के बाद मुख्य न्याधिक दंडाधिकारी नवनीत कुमार भारती ने उसे जमानत दे दी। शाम को वह घर पहुंचकर बोला, जेल जाने से डर लगता है।



मुहल्ला पनवड़िया निवासी मिट्टी के बर्तन बताने वाले मनोज कुमार ने 25 नवंबर को घर में चूहे पकड़े। वह एक चूहे को रस्सी से बांधकर नाले में बार-बार डुबो रहा था। उसी समय रास्ता गुजर रहे पशु प्रेमी विकेंद्र शर्मा ने टोका तो बहस होने लगी। इसी बीच मनोज ने चूहे की पूछ में पत्थर बांधकर नाले में डुबाकर मार दिया। विकेंद्र की शिकायत पर मनोज पर पहले शांतिभंग की कार्रवाई हुई, बाद में पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत प्राथमिकी लिखी गई। चूहे के शव का पोस्टमार्टम बरेली में भारतीय पशु चिकित्सा एवं अनुसंधान संस्थान में कराया गया। गुरुवार को रिपोर्ट में स्पष्ट हुआ कि फेफड़ों में पानी भरने से उसकी मृत्यु हुई थी।

मनोज के अनुसार, गुरुवार शाम को कुछ लोग कहने लगे कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर चार्जशीट लगा पुलिस जल्द ही गिरफ्तार कर लेगी। इसी डर में शुक्रवार सुबह होते ही अधिवक्ता के पास पहुंचे और सरेंडर करने की इच्छा जताई। दोपहर को सरेंडर, फिर जमानत हो गई। शाम को मनोज ने कहा कि प्राथमिकी लिखी है इसलिए पुलिस कभी भी दबिश दे सकती। परिवार वाले भी इस बात से परेशान थे इसलिए सरेंडर कर जमानत ले ली।

सात वर्ष या इससे अधिक सजा की धाराएं लगने पर ही पुलिस गिरफ्तार करती है। पशु क्रूरता निवारण अधिनियम में अधिकतम तीन वर्ष की सजा है। ऐसे मामलों में गिरफ्तारी नहीं होती, कोर्ट में सुनवाई व निर्णय का इंतजार रहता है। यदि आरोपित से कानून व्यवस्था बिगड़ने का डर है या वह जांच प्रभावित कर सकता, तब पुलिस विवेक के आधार पर कभी भी गिरफ्तारी कर सकती है।

बालियान कोतवाली के प्रभारी निरीक्षक हरपाल सिंह ने बताया कि पुलिस की ओर से न कोई वारंट जारी हुआ, न कोई दबिश दी गई। ऐसी धारा नहीं थी कि मनोज की गिरफ्तारी की जाती। वह क्यों सरेंडर करने पहुंचा, इसका जवाब उसी को पता होगा। पुलिस की ओर से कोई दबाव नहीं है।

## नोएडा में प्रदेश की पहली स्ट्रक्चरल ऑडिट पॉलिसी लागू

**नोएडा ,एजेंसी।** नोएडा में प्रदेश की पहली स्ट्रक्चरल अडिट पलिसी को लागू कर दिया गया है। नई व्यवस्था में बिल्डरों को आंशिक या पूर्ण कंप्लीशन सर्टिफिकेट (सीसी) लेने के लिए स्ट्रक्चरल अडिट कराना होगा। जिसकी रिपोर्ट मिलने के बाद ही नोएडा प्राधिकरण आगे की कार्यवाही करेगा।

नोएडा प्राधिकरण के अधिकारियों के मुताबिक बिल्डरों को भूखंड का आंशिक व पूर्ण कंप्लीशन लेने से पहले प्राधिकरण कार्यालय पर मानचित्र स्वीत कराने के लिए स्ट्रक्च रल स्टेबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत करनी पड़ती थी, लेकिन अब इस रिपोर्ट के साथ-साथ स्ट्रक्चरल अडिट रिपोर्ट भी देनी होगी। इसे अब लागू कर दिया गया है। पांच साल के ऊपर हो चुकी इमारतों का एओए को स्ट्रक्चरल अडिट कराना होगा।इसका असर नोएडा में 63 निर्माणाधीन परियोजनाओं पर दिखेगा। कंप्लीशन लेने के लिए बिल्डरों को यह अडिट करना अनिवार्य होगा। इससे प्राधिकरण को पता चल जाएगा कि बिल्डर की ओर से जो स्ट्रक्चरल स्टेबिलिटी रिपोर्ट प्रस्तुत की गई थी, निर्माण उसी आधार पर कराया गया है या अंतर है। गुणवत्ता का आकलन भी रिपोर्ट के आधार पर होगा।

यह रिपोर्ट केंद्रीय भवन अनुसंधान संस्थान (सीबीआरआई), नेशनल इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (एनआइटी) दिल्ली, खड्गपुर, नागपुर, मुंबई, बंगलूरू, आइआइटी दिल्ली व रुड़की से आएगी। जिसके बाद नोएडा प्राधिकरण पैनल जांच के लिए कंपनियों से इसका आकलन करवाएगी, अंतर होने पर मानकों को दोबारा पूरा कराया जाएगा। इसके बाद ही बिल्डर को सीसी जारी किया जाएगा।

63 निर्माणाधीन प्रोजेक्ट में 92300 यूनिट का निर्माण कार्य किया जा रहा है। 87 हजार यूनिट की सीसी जारी की जा चुकी है। निर्माण के आधार पर प्राधिकरण की स्ट्रक्चरल अडिट पालिसी तीन मेजर डिफेक्ट पर आधारित है। पहली इमारत के फाउंडेशन में क्रेक और डैमेज, दूसरी फ्लोर व कामन एरिया में क्रेक और डैमेज और तीसरा दीवारों में क्रेक और डैमेज। प्राधिकारण के सीसी जारी करने से पहले बिल्डर अपने खर्चे पर स्ट्रक्चरल अडिट कराएगा।यदि अडिट रिपोर्ट में कमी आती है तो दोबारा से बिल्डर अडिट कराकर प्राधिकरण में सीसी के लिए आवेदन करेगा। सीसी जारी होने से पांच साल तक बिल्डर की जिम्मेदारी होगी, इसके बाद एओए को अपने खर्चे पर स्ट्रक्च र अडिट कराना होगा।

## युवकों ने की शिक्षक की पिटाई, तो तीन पुलिसकर्मी हुए निलंबित

**अंबेडकर नगर ,एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के अंबेडकर नगर जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने एंटी-रोमियो स्च्ड (एआरएस) के तीन पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया है। क्षेडखघनी का विरोध करने पर तीन युवकों ने एक स्कूल शिक्षक की पिटाई की थी। एसपी अजीत सिन्हा ने सभी स्कूलों के आसपास चेकिंग तेज करने का निर्देश दिया है और चेतावनी दी है कि अगर इस तरह की टेडखघनी की शिकायत मिलती है तो संबंधित पुलिस और एसएचओ के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

खबरों के मुताबिक जलालपुर में लड़कियों के इंटर कलेज के बाहर युवकों का एक समूह आया और 12वीं कक्षा की दो छात्राओं पर टिप्पणी करने लगा। पुलिस ने बताया कि इस पर शारीरिक शिक्षा के शिक्षक बाहर निकले और हस्तक्षेप किया, तो युवक भाग गए। पुलिस ने बताया, लेकिन कुछ देर बाद जब उक्त शिक्षक स्कूल से घर जा रहे थे, तो उन्हीं युवकों ने उन्हें रोक लिया और उनकी पिटाई कर दी।

इसके बाद शिक्षक ने जलालपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई।

## बीएसएफ ने 5 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया

**नई दिल्ली ,एजेंसी।** सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने बंगाल के जलपाईगुड़ी में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारत में घुसे 5 बांग्लादेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से बांग्लादेशी नोट और मोबाइल फोन समेत अन्य सामग्री बरामद की गई है। बीएसएफ की तरफ से ये जानकारी दी गई है। बीएसएफ ने बताया कि जवानों ने उत्तर बंगाल में जलपाईगुड़ी के पठानपारा में अंतरराष्ट्रीय सीमा पार कर भारत में घुसे 5 बांग्लादेशी घुसपैठियों को गिरफ्तार किया है। सभी बंगलादेशी नागरिक अवैध तरीके से भारत की सीमा में दाखिल हुए थे।

## काबुल में पाकिस्तानी दूतावास के पास गोलीबारी में सुरक्षाकर्मी घायल, पाक विदेश मंत्रालय ने की हमले की निंदा



**काबुल, एजेंसी।** अफगानिस्तान में पाकिस्तानी दूतावास पर आत्मघाती हमले की खबर सामने आई है। बताया जा रहा है कि, हमले में अफगानिस्तान के लिए पाकिस्तानी राजदूत निजामनी को किसी तरह ही चोट नहीं आई है, वो पूरी तरह से सुरक्षित हैं। आशंका जताई जा रही है कि, उनकी हत्या की मंशा से यह हमला किया गया था।

जानकारी के मुताबिक, काबुल में पाकिस्तानी दूतावास के पास हुए हमले में एक सुरक्षाकर्मी घायल हुआ है। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने हमले को लेकर सख्त निंदा की है। साथ ही बताया है कि, दूतावास के पास हुए आत्मघाती हमले पाकिस्तानी राजदूत निजामनी पूरी तरह से सुरक्षित हैं। पाकिस्तान विदेश मंत्रालय ने अफगानिस्तान की तालिबान सरकार को इस हमले की तुरंत गहन जांच करने की मांग रखी है।

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने भी पाक राजदूत पर हुए हमले को लेकर निंदा की है। वहीं, अफगानिस्तान की तालिबान सरकार ने काबुल में पाकिस्तानी दूतावास पर हुई गोलीबारी की कड़ी निंदा की है।

## भाजपा ने चुनाव आयोग से केजरीवाल के खिलाफ एफ़आईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली भाजपा नगर निगम चुनाव समिति के संयोजक आशीष सूद ने अरविंद केजरीवाल द्वारा कानून को ताक पर रखकर 33 लाख रुपये की राशि वितरण के अपराधिक त्य की कड़ी निंदा की और चुनाव आयोग से कानून के अंतर्गत कार्रवाई करने की मांग की है। आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विदेशी एनज़ीओ. से आए हुए पैसे से बिना किसी अनुमति के चेक बांटने का कार्यक्रम आयोजित किया जिसकी जानकारी जब चुनाव आयोग को दी गई तो आयोग ने इसे तुरंत प्रभाव से रोकने का निर्देश जारी किये पर फिर भी केजरीवाल ने उस कार्यक्रम को रोका नहीं। उन्होंने कहा कि आचार संहिता के तहत किसी भी तरह का प्रलोभन या राशि वितरण धारा 171 आईपीसी के तहत अपराध की श्रेणी में आता है और आम आदमी पार्टी आज भाजपा के बढ़ते हुए जनाधार से बौखलाकर दिल्ली में वोटर्स के बीच राशि वितरण का यह घिनौना त्य कर रही है जो कि चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन है। आशीष सूद ने कहा कि चुनाव आयोग के निर्देश देने के बावजूद जिलाधिकारी ने इस कार्यक्रम को क्यों नहीं रोका, भाजपा इसकी जांच एवं जिलाधिकारी पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग करती है। इसके साथ ही हमारी यह भी मांग है कि चुनाव आयोग इस कानूनी उल्लंघन की जांच करें और इसके लिए अरविंद केजरीवाल के खिलाफ एफ़आई.आर. दर्ज कर सजा सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि आगामी चुनाव पूरी तरह से निष्पक्ष और स्वतंत्र हो। आशीष सूद ने कहा कि मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पहले ही अपनी हार को समझ गए हैं और यहीं कारण है कि वह अब पैसे बांटने जैसे अपराधिक त्य पर उतर चुके हैं। उन्होंने कहा कि हमारी मांग बिल्कुल स्पष्ट है कि जिस जिलाधिकारी ने इस अपराधिक कार्य को निर्देश के बावजूद रोकने की कोशिश नहीं की है, उसपर भी तुरंत कार्रवाई की जाए।

भाजपा के विधि सह संयोजक संकेत गुप्ता ने बताया कि इस तरह राशि वितरण दिल्ली के वोटर्स के बीच में करना और विदेश से आए फंड को अपने नाम और फोटो के बैनर तले वितरित कराना, एक गंभीर अपराध है और चुनाव आयोग के आदेश के बावजूद आम आदमी पार्टी के नेताओं ने आचार संहिता का उल्लंघन किया है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

## शिल्पग्राम में भारत की अनूठी आर्ट एंड क्राफ्ट से रूबरू होंगे विभिन्न देशों के शेरपा

उदयपुर ,एजेंसी। राजस्थान के उदयपुर में 5 से 7 दिसंबर तक आयोजित होने वाले जी-20 शेरपा सम्मेलन के दौरान विभिन्न विदेशी देशों के शेरपा यहां शिल्पग्राम में भारत की अनूठी आर्ट एंड क्राफ्ट से रूबरू होंगे।

संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट एवं जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा के नेतृत्व में इसी कड़ी में शेरपा बैठक में आने वाले विदेशी अतिथियों के लिए शिल्पग्राम के एक हिस्से में शानदार आर्ट एंड क्राफ्ट मार्केट सजाया जा रहा है।

इस विशेष बाजार को 6 दिसंबर की शाम विभिन्न देशों के शेरपा शिल्पग्राम पहुंचकर देखेंगे और विभिन्न गतिविधियों का गवाह बनने के साथ ही शपिंग भी कर सकेंगे। विदेश मंत्रालय जी-20 सचिवालय के संयुक्त सचिव नगराज नायडू, संभागीय आयुक्त राजेंद्र भट्ट, कलेक्टर तारा चंद मीणा, अंडर सेकेट्री अनुज स्वरूप, निदेशक पश्चिम क्षेत्र सांसतिक केंद्र किरण सोनी ने कल न्यू शिल्पग्राम का दौरा किया और यहां चल रही तैयारियों का जायजा लिया।

इस दौरान पश्चिम क्षेत्र सांसतिक केंद्र की निदेशक किरण सोनी गुप्ता ने नायडू और अन्य अधिकारियों को यहां स्थापित होने वाले बाजार के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि यहां पर भारत की विभिन्न प्रकार की शिल्प कलाओं को प्रदर्शित किया जाएगा। कई लाइव डेमोंसट्रेशन जैसे लाइव नेल आर्ट, चूड़ी बनाना, मटकी और दीपक मेकिंग आदि प्रदर्शित होंगे। कई स्थानीय उत्पादों का मार्केट भी सजाया जाएगा जिसे विभिन्न देशों के शेरपा खरीद सकेंगे।

# आस्ट्रेलिया के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिये पूजा बाहर, देविका की वापसी



नयी दिल्ली, भारतीय आलराउंडर पूजा वस्त्राकर चोट के कारण मुंबई में नौ दिसंबर से आस्ट्रेलिया के खिलाफ आगामी पांच मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिये टीम में जगह नहीं बना सकीं जबकि चयनकर्ताओं ने शुक्रवार को 'अनकैप्ड' बायें हाथ की तेज गेंदबाज अंजलि सरवनी को इसमें शामिल किया।

पूजा ने रायपुर में महिला टी20 चैलेंजर में भारत सी टीम की अगुआई की थी। बीसीसीआई के सचिव जय शाह द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, ''वह चोट के कारण बाहर हुई और उनके नाम विचार नहीं किया गया।

आंध्र की 25 साल की बायें हाथ की मध्यम गति की गेंदबाज अंजलि ने इस महीने के शुरू में महिला चैलेंजर में पूनम यादव की अगुआई वाली भारत ए के लिये अपनी कसी गेंदबाजी से प्रभावित किया था।

अंजलि ने भारत डी के खिलाफ भी शानदार प्रदर्शन किया था और वह अपने तीन ओवर में 11 रन देकर दो विकेट से टीम को फाइनल में पहुंचाने में सफल रही थी। उन्होंने कुल मिलाकर चार मैचों में तीन विकेट झटके थे।

आस्ट्रेलिया श्रृंखला से महाराष्ट्र की बायें हाथ की आल राउंडर देविका वैद्य भी चार से ज्यादा साल बाद टीम में वापसी करेंगी। 2014 में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में पदार्पण करने वाली देविका ने अपना अंतिम अंतरराष्ट्रीय मैच 2018 में इंग्लैंड के खिलाफ वनडे खेला था।

हरमनप्रीत कौर टीम की अगुआई करेंगी जबकि स्मृति मंधाना उप कप्तान होंगी।भारत पहले दो टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच नौ और 11 दिसंबर को डीवाई पाटिल स्टेडियम में खेलेगा जिसके बाद 14, 17 और 20 दिसंबर को होने वाले बचे हुए तीन मुकाबले सीसीआई में आयोजित होंगे।यह श्रृंखला 10 फरवरी से दक्षिण अफ्रीका में शुरू हो रहे टी20 विश्व कप के लिये भारत की तैयारियों का हिस्सा है।

## तमीम भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर, टेस्ट में खेलना संदिग्ध

ढाका, बांग्लादेश को भारत के खिलाफ घरेलू श्रृंखला से पहले कप्तान तमीम इकबाल के एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर होने से गुरुवार को बड़ा झटका लगा है। तमीम चटगांव में अभ्यास मैच के दौरान चोटिल हो गये और एकदिवसीय के बाद होने वाली टेस्ट श्रृंखला में भी उनकी भागीदारी संदिग्ध है।

तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद पहले ही पीठ दर्द के कारण रविवार को मीरपुर में भारत के खिलाफ शुरुआती वनडे से बाहर हो गए है। बांग्लादेश टीम के फिजियो बायजेदुल इस्लाम खान ने कहा, तमीम की दाहिनी कमर में ग्रेड एक का खिचाव है जिसकी पुष्टि एमआरआई के बाद हुई है।'' बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने टीम में उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा अभी नहीं की है।

# आईपीएल 2023 की नीलामी के लिए 991 खिलाड़ियों ने पंजीकरण कराया

नई दिल्ली, कोच्चि में 23 दिसंबर को होने वाली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 की खिलाड़ियों की नीलामी के लिए 714 भारतीयों सहित कुल 991 क्रिकेटरों ने पंजीकरण कराया है।

इस सूची में भारत के अलावा 14 अन्य देशों के खिलाड़ी शामिल है। विदेशी खिलाड़ी की सूची में ऑस्ट्रेलिया के सबसे ज्यादा 57 क्रिकेटर इस नीलामी में शामिल होंगे। इसके बाद दक्षिण अफ्रीका के 52 खिलाड़ी है। इस सूची में वेस्टइंडीज (33), इंग्लैंड (31), न्यूजीलैंड (27), श्रीलंका (23), अफगानिस्तान (14) आयरलैंड (आठ), नीदरलैंड (सात), बांग्लादेश (छह), यूएई (छह), जिम्बाब्वे (छह)), नामीबिया (पांच) और स्कॉटलैंड (दो) के खिलाड़ी भी शामिल है।



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से जारी विज्ञप्ति में सचिव जय शाह ने कहा, अगर हर फ्रेंचाइजी अपनी टीम में अधिकतम 25 खिलाड़ियों को शामिल करती है तो इस नीलामी में कुल 87 खिलाड़ियों के लिए बोली लगेगी।

इसमें 30 विदेशी खिलाड़ी हो सकते है।'' खिलाड़ियों की सूची में 185 कैप्ड (राष्ट्रीय टीम का प्रतिनिधित्व कर चुके), 786 अनकैप्ड और एसोसिएट देशों के 20 खिलाड़ी हैं। इस सूची में 604 अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी है जिसमें से 91 इससे पहले भी आईपीएल का हिस्सा रह चुके है।

## मार्श टखने की सर्जरी के कारण तीन महीने तक बाहर, भारत में टेस्ट श्रृंखला नहीं खेल पायेंगे



मेलबर्न, आस्ट्रेलियाई आल राउंडर मिशेल मार्श अपने बायें टखने की सर्जरी के कारण भारत के खिलाफ आगामी टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पायेंगे।मार्श के तीन महीने तक क्रिकेट से दूर रहने की संभावना है। इस 31 साल के आल राउंडर की 'कीहोल' सर्जरी की गयी। आस्ट्रेलिया के मुख्य चयनकर्ता जॉर्ज बेली ने कहा कि उन्हें विश्व कप से पहले मार्च में भारत के खिलाफ वनडे श्रृंखला के लिये उनके फिट होने की उम्मीद है।बेली ने एक बयान में कहा, मिशेल हमारी टीम का अहम सदस्य है और हम इस उबरने की प्रक्रिया के समय में उनका सहयोग करेंगे और हमें उम्मीद है कि वह मार्च में भारत के खिलाफ होने वाली वनडे श्रृंखला के लिये आस्ट्रेलियाई चयन के लिये उपलब्ध होंगे।मार्श के अलावा आल राउंडर ग्लेन मैक्सवेल भी इस टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पायेंगे। मैक्सवेल दुर्घटना में चोटिल होने के बाद इससे उबर रहे हैं। आस्ट्रेलिया फरवरी–मार्च में बार्डर गावस्कर ट्राफी के लिये चार मैचों की टेस्ट श्रृंखला के लिये भारत का दौरा करेगा।

# फीफा विश्व कप : जापान ने स्पेन को हराया, दोनों टीमों ने राउंड 16 के लिये क्वालीफाई किया

दोहा, जापान ने एक गोल से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए फीफा विश्व कप के ग्रुप ई मैच में यहां स्पेन पर 2–1 की जीत से राउंड 16 के लिये क्वालीफाई किया। 2010 की चैम्पियन स्पेन की टीम हार के बावजूद अगले दौर में पहुंच गयी।

जापान ने गुरूवार को देर रात हुए मैच में दूसरे हाफ के शुरू में दो दागकर यूरोप की मजबूत टीम को हरा दिया और लगातार दूसरी बार नॉकआउट चरण में जगह बनायी। ऐसा पहली बार है जब जापान लगातार टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से आगे पहुंचने में कामयाब हुआ हो। जापान ने इसी खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में ग्रुप के शुरूआती मुकाबले में जर्मनी को 2–1 से हराकर उलटफ़ेर किया था।

ओ टनाका ने दूसरे हाफ के शुरू में काफी करीब से टीम के लिये विजयी गोल दागा। अधिकारियो को इस गोल की वीडियो समीक्षा से पुष्टि करने में दो मिनट लगे। जापान की टीम ग्रुप ई में शीर्ष पर रही जिससे अब वह अंतिम 16 के मैच में क्रोएशिया से भिड़ेगी जबकि स्पेन की टीम दूसरे स्थान पर रहने से अगले दौर में पहुंची जिसमें वह मोरक्को के सामने होगी। स्पेन और जर्मनी दोनों के ग्रुप में तीन तीन अंक थे। लेकिन पहले ग्रुप मैच की बदौलत उसका गोल अंतर बेहतर रहा और जर्मनी बाहर हो गयी।

ग्रुप में दोनों मैचों के दौरान तालिका में उतार चढ़ाव होता रहा। कोस्टा रिका एक समय जर्मनी को हराने की ओर बढ़ रहा था। अगर यही नतीजा रहता तो कोस्टा रिका की टीम स्पेन को बाहर कर देती। स्पेन के लिये अलवारो मोराटा ने 11वें मिनट में गोल कर



अपनी टीम को बढ़त दिलायी थी जो मैच पर नियंत्रण बनाये थी। लेकिन हाफ टाइम के बाद जापान ने तेजी दिखायी।

रित्सु दोआन ने बायें पैर से बॉक्स के बाहर से लगाये गये शॉट से 48वें मिनट में गोल दागा और जापान ने 1–1 की बराबरी हासिल की। तीन मिनट बाद टनाका ने अपनी टीम आगे कर दिया। स्पेन ने ग्रुप चरण की शुरूआत कोस्टा रिका को 7–0 से हराकर की थी और फिर जर्मनी से 1–1 से ड्रा खेला था। जापान की टीम रूस में अंतिम 16 में बेल्जियम से हारकर बाहर हुई थी। टीम विश्व कप में कभी भी राउंड 16 से आगे नहीं पहुंची है।

# फिल्मी गपशप

## आयुष्मान खुराना की ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज डेट खिसकी! अब इस दिन सिनेमाघरों में आएगी

अभिनेता आयुष्मान खुराना और अनन्या पांडे की फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की रिलीज डेट फिर आगे खिसक गई है। पहले फिल्म के टीजर में बताया गया था कि फिल्म को अगले साल 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा। अब ताजा रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म जुलाई में बड़े पर्दे पर दस्तक देगी। ऑरिजनल फिल्म की तरह इसके सीक्वल का निर्देशन भी राज शांडिल्य ही कर रहे हैं। एकता कपूर की बालाजी टेलीफिल्म्स द्वारा इसे प्रोड्यूस किया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, आयुष्मान की ड्रीम गर्ल 2 अगले साल 7 जुलाई को रूपहले पर्दे पर आएगी। एक सूत्र ने बताया कि जल्द इस संबंध में आधिकारिक घोषणा की जाएगी। फिलहाल इस फिल्म की शूटिंग जोर–शोर से चल रही है। ऐसी चर्चा है कि कार्तिक आर्यन की फिल्म सत्यप्रेम की कथा के क्लैश से बचने के लिए इसकी रिलीज डेट आगे बढ़ाई गई है। सत्यप्रेम की कथा अगले साल 29 जून को ही रिलीज होगी।

ड्रीम गर्ल 2 के अलावा अगले साल कई बड़ी फिल्में सिनेमाघरों में आने वाली हैं। अभिनेता शाहरुख खान काफी समय बाद पठान के साथ वापसी करेंगे। यह फिल्म 25 जनवरी को रिलीज होगी। इसके बाद उनाकी अगली फिल्म जवान 2 जून को दस्तक देगी। 10 फरवरी को कार्तिक आर्यन की शहजादा रिलीज होगी। सलमान खान की किसी का भाई किसी की जान 21 अप्रैल को ईद के मौके पर आएगी। प्रभास की आदिपुरुष 16 जून को आ रही है।



इसी साल सितंबर में मेकर्स ने अपनी फिल्म ड्रीम गर्ल 2 की घोषणा की है। इस फिल्म में कई दिग्गज कॉमेडियन अपनी झलक दिखाने वाले हैं। अन्नू कपूर, परेश रावल, विजय राज, राजपाल यादव, गोवर्धन असरानी और मनोज जोशी जैसे कलाकार इस फिल्म का हिस्सा हैं। अभिनेत्री सीमा पाहवा भी फिल्म में दिखाई देंगी। इस बार भी मेकर्स ने फिल्म में कॉमेडी का जबरदस्त तडक़ा लगाने की कोशिश की है।

ऑरिजनल फिल्म ड्रीम गर्ल में आयुष्मान के साथ नुसरत भरूचा नजर आई थीं। यह फिल्म 2019 में सिनेमाघरों में आई थी। इसने बॉक्स ऑफिस पर 140 करोड़ रुपये की कमाई की थी। इस फिल्म को आईएमडीबी पर 10 में से 7 रेटिंग मिली है। इसे आप जी5 पर देख सकते हैं। इसकी कहानी एक पढ़े–लिखे बेरोजगार युवक करमवीर पर आधारित है। लडक़ी की आवाज में बात करने की क्षमता के कारण उसे एक कॉल सेंटर में नौकरी मिल जाती है।

आयुष्मान अपनी फिल्म एन एक्शन हीरो का प्रचार कर रहे हैं। यह फिल्म 2 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। अनिरुद्ध अय्यर ने इसका निर्देशन किया है। बता दें कि उनकी पिछली फिल्म डॉक्टर जी को सफलता नहीं मिली।

## थलापति विजय और रश्मिका मंदाना की वरिसु हिंदी में होगी रिलीज

दक्षिण भारतीय सिनेमा के दिग्गज अभिनेता थलापति विजय काफी समय से वरिसु को लेकर सुर्खियों में हैं। इस फिल्म में उनकी जोड़ी अभिनेत्री रश्मिका मंदाना के साथ बनी है। यह एक तमिल भाषा की फिल्म है, जिसका निर्देशन वामशी पेडिपल्ली कर रहे हैं। खबरों की मानें तो मेकर्स ने इसे हिंदी भाषा में भी रिलीज करने की योजना बना ली है। इसे तमिल और तेलुगु के अलावा अगले साल 12 जनवरी को हिंदी में भी रिलीज किया जाएगा।

रिपोर्ट के अनुसार, फिल्म के हिंदी वर्जन के लिए भूषण कुमार, दिल राजू और मनीष शाह ने हाथ मिलाया है। एक सूत्र ने बताया, मनीष को डबिंग के अधिकार दिए गए हैं, जबकि इसके हिंदी संस्करण को लाने में टी–सीरीज



और श्री वेंकटेश्वर क्रिएशन्स का सहयोग होगा। अतीत में इन दोनों स्टूडियोज ने हिटः द फर्स्ट केस के प्रोजेक्ट में एक साथ काम किया है और इनके खाते में कई और फिल्में हैं।

इससे पहले पुष्पा के हिंदी वर्जन को डब करने की जिम्मेदारी मनीष को ही दी गई थी। एक सूत्र ने कहा, फिल्म पुष्पा की तरह वरिसु के प्रचार को भी बड़े पैमाने पर हिंदी दर्शकों को ध्यान में रखकर किया जाएगा। मनीष फिल्म की रिलीज के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए अपने टेलीविजन चैनल और यूट्यूब नेटवर्क का इस्तेमाल करेंगे।

## कृति सैनन ने प्र्रभास के साथ अपने रिश्ते की खबरों को बताया निराधार



अभिनेत्री कृति सैनन पिछले कुछ समय से बाहुबली उर्फ प्रभास के साथ अपने अफेयर को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। उनके रिश्ते को लेकर चर्चा और तेज तब हुई, जब वरुण धवन ने इस खबर को हवा दे दी। हालांकि, कृति और प्रभास ने काफी समय से अपने रिश्ते पर चुप्पी साधी हुई थी। अब आखिरकार कृति ने प्रभास के साथ अपने अफेयर की खबरों पर चुप्पी तोड़ दी है। कृति ने सोशल मीडिया पर लिखा, ये ना प्यार है और ना ही पीआर। हमारे भेडिय़ा (वरुण धवन) शो में कुछ ज्यादा ही वाइल्ड हो गए। उनके मस्ती–मजाक ने ऐसी अफवाहों की बढ़ावा दे दिया। कृति ने आगे लिखा, इससे पहले कुछ पोर्टल हमारी शादी की तारीख का भी ऐलान कर दें, मैं इसे यहीं खत्म कर देना चाहती हूं। ये अफवाहें पूरी तरह से निराधार हैं। इसके साथ ही कृति ने एक हाथ जोडऩे वाला इमोजी भी बनाया है।

वरुण–कृति हाल ही में शो झलक दिखला जा के मंच पर पहुंचे थे, जहां वरुण को कोई टास्क दिया जाता है, जिस दौरान उनके हाथ में एक लिस्ट होती है। इसमें कृति का नाम नहीं होता है। कृति का नाम क्यों नहीं है, इसके जवाब में वरुण कहते हैं, उनका नाम इसलिए नहीं है, क्योंकि वह किसी के दिल में है। एक आदमी है, जो मुंबई में नहीं है। वह इस समय दीपिका पादुकोण के साथ शूटिंग कर रहा है।

## सुहाना खान से खुशी कपूर तक, अगले साल बॉलीवुड डेब्यू करेंगे ये स्टारकिड्स

बॉलीवुड में फिल्मी कलाकारों के बच्चों की एंट्री को लेकर खबरें आती रहती हैं। इंडस्ट्री में स्टारकिड्स के प्रति फैंस की दीवानगी भी किसी से छिपी नहीं है। बॉलीवुड में जाह्नवी कपूर, आलिया भट्ट, सारा अली खान, करिश्मा कपूर, करीना कपूर, रणबीर कपूर, ईशान खट्टर, अभिषेक बच्चन और अनन्या पांडे जैसे स्टारकिड्स ने अपने अभिनय की धार दिखाई है। आइए उन स्टारकिड्स पर नजर डालते हैं, जो अगले साल बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले हैं।रोमांस किंग कहे जाने वाले शाहरुख खान की 22 वर्षीय बेटी सुहाना खान भी अगले साल बॉलीवुड में अपना कदम रखेंगी। वह जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज से अपनी नई शुरुआत करेंगी। फिल्म के निर्देशन की कमान जोया संभालेंगी। रीमा कागती और जोया मिलकर फिल्म को प्रोड्यूस कर रही हैं। इस फिल्म की



कहानी टीनेज पर आधारित है, जो कुछ दोस्तों के इर्द–गिर्द घूमती है। इसमें सुहाना वेरोनिका की भूमिका में दर्शकों के बीच आएंगी।खास बात यह है कि द आर्चीज के जरिए ही अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा (22) और जाह्नवी कपूर की बहन खुशी कपूर (22) बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे। एक ही फिल्म में इन तीनों स्टारकिड्स की डेब्यू की खबर से फैंस उत्साहित हैं। इन तीनों कलाकारों ने फिल्म की शूटिंग भी शुरू कर दी है। ऐसी चर्चा है कि अगस्त्य फिल्म में आर्ची एंड्रयूज की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे, जबकि खुशी बेट्टी नामक किरदार में नजर आएंगी।ऐसी चर्चा चल रही है कि अभिनेता सैफ अली खान के बेटे इब्राहिम अली खान (21) करण जौहर के प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना पदार्पण करेंगे। इस फिल्म के लिए काजोल ने करण के साथ हाथ मिलाया है। इब्राहिक की यह फिल्म अगले साल रिलीज हो सकती है। बता दें कि करण के साथ रहकर ही इब्राहिम ने फिल्ममेकिंग की बारीकियां सीखी हैं।

**जयन्त**
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
**नागेन्द्र उनियाल** द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
–सम्पादक
**नागेन्द्र उनियाल**
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com